www.navpradesh.com

दैनिक

आदित्यवर्ण तमसः परस्तात्

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, मंगलवार 21 मई 2024, वर्ष-13 अंक- 100 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कहते हैं न कि किस्मत खराब होती है तो ऊंट पर बैठे आदमी को भी कुत्ता काट लेता है। घुंघरू सेठ के साथ भी सिर मुड़ाते ही ओले पड़ने वाली कहावत चरितार्थ हो गई। अंतरिम जमानत पर चुनाव प्रचार करने आए थे लेकिन स्वाति मालीवाल प्रकरण के कारण अब उन्हें सफाई देना भी मुहाल हो गया है। बेचारे आए थे। हरिभजन को लेकिन ओटना पड़ रहा है कपास। कांग्रेस की नई दिल्ली में हुई रैली में तो घुंघरू सेठ को बुलाया तक नहीं गया। खास आम आदमी की उनके खासम खास लोगों ने ही बेईज्जती खराब करके रख दी।

एक ही गांव में एक साथ जलेंगी 19 लाशें, मरने वालों में 18 महिलाएं

■ मालवाहक खाई में गिरा,19 बैगाओं की गई जान

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कवर्धा में भीषण सड़क हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 18 महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। वहीं हादसे में घायल चार लोग जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। दरअसल यह हादसा पिकअप के पलटने की वजह से हुआ। पिकअप में करीब 36 लोग सवार थे, ये सभी तेंदूपत्ता तोड़कर वापस लौट रहे थे। हादसा कुकदूर थाना क्षेत्र के बाहपानी में हुआ है। पिकअप 30 फीट नीचे खाई में गिर गई जिसके चलते इतना बड़ा हादसा हुआ। वहीं हादसे के बाद डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने पंडरिया जिला अस्पताल पहुंच कर घायलों का हाल जाना।

एक ही गांव के रहने वाले हैं सभी

सभी मृतक सेमरहा गांव के रहने वाले हैं कल मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद सभी का अंतिम संस्कार किया जाएगा। हादसे में मरने वाले 13 लोगों के शवों को पोस्टमार्मट के लिए पंडरिया के सरकारी अस्पताल और पांच शवों का कुकदूर के सरकारी अस्पताल वहीं एक शव को कवर्धा जिला अस्पताल भेजा गया है। जिस सड़क में यह हादसा हुआ है वह प्रधानमंत्री सड़क में आती है। ये कुई से होते हुए नेऊर और रुकमीदादर को जोड़ती है। इसके बाद मध्य प्रदेश शुरू हो जाता है। घटना स्थल सुदुर वनांचल और पहाड़ी क्षेत्र में आता है। यहां पर मोबाइल नेटवर्क भी काम नहीं करता।

तेंदूपत्ता संग्राहकों पर टूटा मौत का कहर

इन्होंने गंवाई हादसे में जान

मीराबाई, टीकू बाई, सिरदारी,जनियाबाई, मुंगिया बाई, झंगलो बाई, सियाबाई, किरण, पटोरीन बाई, धनैया बाई, शांति बाई, प्यारी बाई, सोनम बाई, बिस्मत बाई, लीलाबाई, परसदिया बाई, भारती, सूक्ति बाई, ये हुए घायल, मुन्नी बाई, धानबाई, ममता, गुलाब सिंह।

पिकअप में सवार थे 36 लोग

एसपी अभिषेक पल्लव ने बताया कि थाना कुकदूर क्षेत्र के तहत ग्राम बाहपानी के पास पिकअप वाहन खाई में गिरा है। पिकअप में 36 लोग सवार थे जो तेंदूपत्ता तोड़ने गए थे। सभी वापस आ रहे थे तभी ये हादसा हुआ है।

बोहरा ने जताया हादसे पर दुख

हादसे की जानकारी मिलते ही पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने तत्काल स्थानीय पुलिस स्टेशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों से बचाव व राहत कार्य के लिए चर्चा की। घायलों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने कहा। उन्होंने हादसे को लेकर गहरा दुःख व्यक्त कर दिवंगत लोगों की आत्मा की शांति व घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इससे पहले दुर्ग में हुआ था हादसा

बता दें कि इससे पहले दुर्ग के कुम्हारी थाना क्षेत्र में भी 9 अप्रैल को भीषण सड़क हादसा हुआ था। कुम्हारी थाना क्षेत्र के केडिया कंपनी से कर्मचारियों को लेकर जा रही बस अनियंत्रित होकर 25 फीट गहरी खाई में पलट गई थी। इस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 17 लोग घायल हुए थे।

राष्ट्रपति ने जताया शोक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में हुई सड़क दुर्घटना में अनेक लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। इस हादसे में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति मैं गहन शोक-संवेदनाएं व्यक्त की।

पीएम मोदी ने जताया शोक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के कवर्धा में सड़क दुर्घटना में हताहत लोगों और उनके परिजनों के प्रति दुख और संवेदना व्यक्त की है और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने की कामना की है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में इस हादसे पर शोक प्रकट करते हुये हुआ कहा, छत्तीसगढ़ के कवर्धा में सड़क हादसा अत्यंत पीड़ादायक है।

बेहतर इलाज के दिए निर्देश

तेंदूपत्ता तोड़कर वापस लौट रहे बैगा आदिवासियों की पिकअप वाहन ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित होकर 20 फीट खाई में गिरने से दर्दनाक हादसे में 18 लोगों की जान चली गई। 7 लोग घायल हैं। इस घटना पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शोक जताया है, और घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए हैं।

घटना स्थल पहुंचे डिप्टी सीएम

वहीं इस दर्दनाक घटना पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शोक जताया है और मामले को संज्ञान में लेते हुए घटना स्थल का जायजा लेने पहुंचे। कुकदूर थाना जंगल से तेंदूपत्ता तोड़कर वापस लौट रहें 35 से 40 लोगों से भरी गाड़ी अनियंत्रित होकर 20 फिट गढ्ढे में जा गिरी।

ईरान के राष्ट्रपति के निधन पर भारत में एक दिन का राजकीय शोक

नई दिल्ली, (वार्ता)। भारत ने ईरान के राष्ट्रपति डॉ. सैयद इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियान की मृत्यु पर उनके सम्मान में देश भर में 21 मई यानी मंगलवार को एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को जारी विज्ञप्ति में कहा कि डॉ. रईसी और श्री अब्दुल्लाहियान की मृत्यु पर उनके सम्मान में देश भर में 21 मई यानी मंगलवार को राजकीय शोक घोषित किया गया है। मंत्रालय ने कहा है कि राजकीय शोक के दिन देश भर में उन सभी भवनों पर, जहां राष्ट्रीय ध्वज नियमित रूप से फहराया जाता है, राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा।

पूर्व सीएम बघेल के करीबी भाटिया को ईओडब्ल्यू और एसीबी ने लिया हिरासत में

रायपुर/नवप्रदेश। ऑनलाइन सट्टा महादेव एप और शराब घोटाले के आरोप में पूर्व सीएम के करीबी नेहरू नगर पूर्व निवासी विजय भाटिया को ईओडब्ल्यू और एसीबी ने हिरासत में ले लिया गया है। जानकारी के मुताबिक विजय भाटिया को उनके बंगले से हिरासत में लेकर टीम रायपुर लेकर आई। मामले पर टीम पूछताछ कर विजय भाटिया के घर की तलाशी ली। बताया गया कि कई बार टीम के पहुंचने से पहले ही विजय घर से फरार हो जाता था। कांग्रेस की सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी लोगों में विजय भाटिया की गिनती होती थी।

लापरवाह फूड इंस्पेक्टर पर गिरी गाज, कलेक्टर ने किया सस्पेंड

बिलासपुर/नवप्रदेश। पीडीएस दुकानों में राशन वितरण में अनियमितता की जांच में लापरवाही करने वाले फूड इंस्पेक्टर को कलेक्टर ने सस्पेंड कर दिया है। बिलासपुर कलेक्टर अवनीश शरण ने कोटा के खाद्य निरीक्षक शेख अब्दुल कादिर को सरकारी काम में लापरवाही के चलते निलंबित कर दिया है। कलेक्टर ने कोटा एसडीएम से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर आज निलंबन की कार्रवाई के आदेश जारी किये हैं। आदेश में शेख अब्दुल कादिर पर अपने प्रभार क्षेत्र कोटा की राशन दुकानों का सतत् निरीक्षण नहीं करने, आम जनता की समस्याओं को ध्यान में नहीं रखने तथा राशन संबंधी उनकी समस्याओं को नजरअंदाज किए जाने का आरोप लगाया गया है।

खड़े ट्रक से जा टकराई पुलिस की 3 गाड़ियां, आरक्षक की मौत, 4 घायल

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में एक्सीडेंट के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। लगातार घटनाएं सामने आ रही है। बड़े हादसे की वजह से लगातार जान गंवानी पड़ रही है। इसी बीच कवर्धा जिले के रायपुर-जबलपुर नेशनल हाइवे-30 पर पुलिस की 3 गाड़ियां खड़े ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में एक आरक्षक की मौत हो गई, वहीं 4 पुलिसकर्मी घायल बताए जा रहे हैं। यह भयानक हादसा रविवार रात को हुआ है। बता दें, मृतक आरक्षक नेतराम धुर्वे अपनी ड्यूटी खत्म करके बाइक से जा रहे थे।

लोस चुनाव: पांचवें चरण में 57.47% मतदान

नई दिल्ली, (वार्ता)। लोक सभा चुनाव के पांचवें चरण में विभिन्न क्षेत्रों में भीषण गर्मी और लू के बीच सोमवार को आठ राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों की 49 सीटों पर औसतन 57.47 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव आयोग के अनुसार सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक चला मतदान कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रहा। पांचवें चरण में ओडिशा विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 35 सीटों पर भी मतदान कराया गया, जिसमें इन सीटों के 60.70 प्रतिशत मतदाताओं ने भाग लिया। आयोग द्वारा रात साढ़े सात बजे जारी आंकड़ों के अनुसार पांचवें चरण में पश्चिम बंगाल की सात सीटों पर सर्वाधिक 73.00 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि सबसे धीमा मतदान महाराष्ट्र में हुआ, जहां मत प्रतिशत 49.01 है। आयोग के सूत्रों के अनुसार, मतदान कुल मिलाकर शांति पूर्ण रहा। इस चरण में बिहार की कुल 40 सीटों में कुल पांच सीटों के लिये मतदान में 52.60 प्रतिशत वोट डाले गये।

झारखंड में 14 में तीन सीटों पर कराये गये मतदान में 63.00 प्रतिशत मतदान हुआ। महाराष्ट्र की कुल 48 में से 13 सीटों पर 49.01 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया। ओडिशा में आज लोकसभा की 21 में से पांच सीटों पर मतदान कराया, जहां 60.72 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। उत्तर प्रदेश की 80 में से जिन 14 सीटों पर आज वोट डाले गये, उनमें मत प्रतिशत 57.79 रहा। जम्मू-कश्मीर की पांच सीटों में से आज बारामुला सीट पर मतदान कराया गया, जहां केन्द्र शासित प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी के अनुसार 1984 के बाद सर्वाधिक 59.00 प्रतिशत मत पड़े। लद्दाख की एक मात्र सीट पर 67.01 प्रतिशत दर्ज किया ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पश्चिम बंगाल में सबसे ज्यादा हुआ मतदान

बिहार	-	52.35
जम्मू-कश्मीर	-	54.21
झारखंड	-	61.90
लद्दाख	-	67.15
महाराष्ट्र	-	48.66
ओडिशा	-	60.55
उत्तर प्रदेश	-	55.80
पश्चिम बंगाल	-	73.00

नक्सल पुनर्वास नीति में होगा बदलाव : साय

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार नक्सल पुनर्वास नीति में बदलाव करने जा रही है।

अधिकारिक सूत्रों के अनुसार आत्मसमर्पितों को निवास के लिए मनचाहे शहर या गांव का विकल्प दिया जाएगा। मकान ऐसा होगा जिसमें उनका पूरा परिवार एक साथ रह सके। रोजगार के लिए कौशल विकास की योजनाएं चलाई जाएंगी। इसके तहत उन्हें प्रशिक्षण मिलेगा। स्वरोजगार चाहने वाले आत्मसमर्पित नक्सलियों को कम ब्याज पर लोन मिलेगा। इसके अलावा पुलिस उनके न्यायालयीन प्रकरणों को सुलझाने में भी मदद करेगी।

न्यायालयीन प्रकरणों को सुलझाने में मदद भी

मौजूदा पुनर्वास के प्रावधान के अंतर्गत आत्मसमर्पितों को किराए का मकान दिया जाता है। पुनर्वास की राशि, उनके रोजगार, बच्चों की शिक्षा समेत अन्य सुविधाएं मिलती हैं, जिसमें देरी की शिकायतें हैं। अब कोई हत्या या लूट के आरोपी आत्मसमर्पित नक्सली ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडिया समूह डूबता जहाज: पीएम मोदी

झाड़ग्राम, (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया समूह को ''डूबता जहाज'' करार दिया और भविष्यवाणी की कि सबसे पुरानी पार्टी के नेतृत्व वाले इस गठबंधन का 04 जून को सफाया हो जाएगा। मोदी ने यहां एक चुनावी रैली में कहा, ''मौजूदा चुनावों में इंडिया समूह बुरी तरह हार रहा है।

यह 04 जून को 'खत्म' हो जाएगा और गठबंधन के विघटन की उल्टी गिनती शुरू हो गई है।'' पश्चिम बंगाल के सात निर्वाचन क्षेत्रों के लोगों सहित देश के कई हिस्सों में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में मतदान के दिन आज श्री मोदी ने दावा किया कि इंडिया समूह की तरह राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) भी ''थकी हुई और हारी हुई'' लग रही है। श्री मोदी ने कहा, ''कांग्रेस एक डूबता हुआ जहाज है और टीएमसी के जहाज में भी छेद हो गया है। ये लोग एक-दूसरे पर सवार हो सकते हैं, लेकिन फिर भी डूबना तय है।'' प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि वह तीन एजेंडे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हमारे घोषणा पत्र को लेकर झूठ फैला रहे हैं मोदी : कांग्रेस

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार चरणों के चुनाव में अपनी सुनिश्चित हार को देखते हुए बौखला गए हैं और पार्टी के घोषणा पत्र को लेकर लगातार झूठ बोल रहे हैं।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा सोमवार को यहां दिल्ली प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री मोदी को दिल्ली की जनता से कोई लेना देना नहीं है। दिल्ली के आम लोगों के साथ 10 साल से अन्याय हो रहा है और कांग्रेस केंद्र में सरकार बनाने के बाद यहां के लोगों के साथ हो रहे अन्याय को खत्म करेगी। श्री मोदी पर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, देश का राजा अगर झूठ बोल रहा है, तो वह वर्तमान के साथ आने वाले पीढ़ियों का भी नुकसान कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी लगातार हमारे मेनिफेस्टो के बारे में झूठ फैला रहे हैं। आपको विपक्ष की निंदा करनी है तो कीजिए लेकिन अपना लेखा- जोखा भी दीजिए। मोदी को अपना रिपोर्ट कार्ड देश के सामने रखना ही चाहिए, लेकिन आपके पास जवाब नहीं है और आपने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इंक्रीमेंट-एरियर्स घोटाला: सरकारी खजाने से 3 करोड़ गायब

■ 11 अधिकारी-कर्मचारियों पर दर्ज हुई एफआईआर

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रदेश में सरकारी पैसों की हेराफेरी के कई मामले सामने आते रहे हैं। इस बार का मामला गरियाबंद जिले का है। प्रारंभिक जांच में गड़बड़ी पकड़े जाने के बाद मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। संबंधित अफसर व कर्मचारी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। मैनपुर पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है। जानकारी अनुसार वित्तीय वर्ष 2016 से 2019 तक स्वास्थ्य कर्मी के नाम पर फर्जी तरीके से ट्रेजरी से पैसे निकाले गए थे। इंक्रीमेंट, एरियर्स का बोगस पाइल बनाकर 3 करोड़ 13 लाख 13 हजार 971 रुपए निकाले गए थे। इसमें तत्कालीन 3 जिला कोषालय अधिकारी, बीएमओ समेत कुल 11 के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

खुलासे के बाद भी 4 साल तक मामला ठंडे बस्ते में: मामले के खुलासे के बाद भी 4 साल तक मामला ठंडे बस्ते में चला गया। लेकिन अब ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

हमारी सेना.. कर्नाटक के बेलगावी में मराठा रेजिमेंटल सेंटर और एयरमैन ट्रेनिंग स्कूल (एटीएस), बेलगावी में प्रशिक्षित अग्निवीरों को मार्गदर्शन

अग्निवीर केवल सैनिक हीं नहीं, देश की संप्रभुता के रक्षक भी हैं: जनरल चौहान

नई दिल्ली, (वार्ता)। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस की सत्ता में आने पर अग्निवीर योजना को निरस्त करने की घोषणा के बीच प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने सोमवार को कहा कि अग्निवीर सिर्फसैनिक नहीं हैं, बल्कि नेतृत्व करने वाले, नवप्रवर्तक और देश की संप्रभुता के रक्षक भी हैं।

जनरल चौहान ने कर्नाटक के बेलगावी में मराठा रेजिमेंटल सेंटर और एयरमैन ट्रेनिंग स्कूल (एटीएस), बेलगावी में प्रशिक्षण ले रहे अग्निवीरों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने सैन्य सेवा के उद्देश्य और सैन्य ढांचे में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि यह अग्निवीरों का राष्ट्र के प्रति उनके असाधारण कर्तव्य का प्रमाण है। जनरल चौहान ने कहा कि सैनिकों और उनके परिवारों की चुनौतियां तथा कठिनाईयां बडी हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि चुनौतियों के बावजूद, अग्निवीरों को उनकी यात्रा बेहद फायदेमंद लगेगी तथा उनका हर कदम, उनके जीवन को आगे बढायेगा। इससे उनमें राष्ट्र की सेवा की गौरवशाली भावना गहरी होगी। लड़ाईयों के बदलते परिदृश्य का उल्लेख करते हुए उन्होंने साइबर युद्ध, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और असममित खतरों को शामिल करने के लिए भविष्य के संघर्षों की जटिलता और अप्रत्याशितता पर प्रकाश डाला और कहा कि ये अब युद्ध के मैदान का एक अभिन्न अंग हैं।

दौरे पर पहुंचे सीडीएस

सीडीएस ने वायुसेना के अग्निवीरवायु प्रशिक्षण के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए प्रशिक्षण संस्थान का दौरा किया। उन्होंने 2022 में रक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए संशोधित प्रेरण पैटर्न के अनुसार प्रशिक्षण ले रहे अग्निवीरवायु प्रशिक्षुओं के तीसरे बैच के साथ बातचीत की। उन्होंने उन्हें भविष्य के युद्ध की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार और तकनीकी रूप से कुशल सैनिक बनने के लिए प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

ऋचा शर्मा बनी वन विभाग की अपर मुख्य सचिव

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस लौटीं ऋचा शर्मा को अपर मुख्य सचिव, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के पद पर पदस्थ किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने आज इसका आदेश जारी कर दिया है। ऋचा शर्मा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के दौरान वन एवं पर्यावरण मंत्रालय में कार्य कर चुकी हैं। ऐसी संभावना जताई जा रही थी उन्हें कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जा सकती है। एसीएस मनोज पिंगुआ का भार कम करते हुए उन्हें वन विभाग में अपर मुख्य सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
लोकतंत्र का महापर्व 2024

भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर ने कमल निशान लगी सदरी पहन डाला वोट, शिकायत

कौशांबी। कौशाम्बी लोकसभा चुनाव के लिए मतदान सोमवार को सुबह निर्धारित समय पर शुरू हो गया है। कई बूथों पर वोटरों की लंबी कतार देखी जा रही है। कई मतदेय स्थलों पर ईवीएम की गडबड़ी सामने आई है। भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर ने भाजपा का कमल निशान लगी सदरी पहनकर वोट डालने पहुंचे। इसकी शिकायत चुनाव आयोग से की गई है।

सपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज ने अपने पिता पूर्व मंत्री इंद्रजीत सरोज व मां के साथ नगरेह कला गांव में किया मतदान किया। तीनों ने कतार में लगकर अपनी बारी आने पर वोट डाला। पूर्व कैबिनेट मंत्री जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया ने अपने बेटों संग मतदान पहुंचकर मतदान किया। उन्होंने अपने बेती स्थित मतदान केंद्र पर वोट डाला।

कुंडा विधानसभा क्षेत्र के रैयापुर बूथ पर बाबागंज विधायक विनोद सरोज ने अपनी पत्नी कुसुम देवी के साथ मतदान किया।

भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर ने कमल चुनाव चिन्ह लगी सदरी पहनकर अपने गांव चिल्ला शाहबाजी में डाला वोट। एक्स पर की गई कंट्रोल रूम में शिकायत।

गुवारा तैयबपुर में बूथ में तैनात होम गार्ड बुद्ध सेन नायक गश खाकर गिर गया। वह अलीगढ़ जनपद का बताया जा रहा है। उसका उपचार स्थानीय अस्पताल में चल रहा है।

साध्वी निरंजन ज्योति के साथ कर्मचारियों ने ली सेल्फी

हमीरपुर में शहर के बूथ संख्या 7 में मतदान करने पहुंची केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के साथ कार्मिक सेल्फी लेते नजर आए। इस दौरान भाजपा चेयरमैन कुलदीप निषाद भी मौजूद रहे।

बिहार में खत्म हुई हिंदू-मुस्लिम की लड़ाई : सीएम नीतीश

गोपालगंज। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को एनडीए समर्थित प्रत्याशी जेडीयू सांसद डॉ. आलोक कुमार सुमन के पक्ष में चुनावी जनसभा की. कुचायकोट विधानसभा के सोनहुला मैदान जनसभा को संबोधित करते हुए राजद और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा. सीएम ने कहा कि कुछ लोग अनाप-शनाप प्रचार कर रहे हैं. तेजस्वी यादव पर उन्होंने कहा कि उसको मैंने डिप्टी सीएम बनाया था, जब उनके द्वारा गड़बड़ किया जाने लगा तो हटा दिए और हम एनडीए के साथ चले आए. अब इधर-उधर नहीं जाएंगे.

सीएम नीतीश कुमार ने लालू परिवार पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग बेटा-बेटी में ही लगे रहते हैं. उन्हीं को राजनीति में आगे बढ़ाया. सीएम ने कहा कि कुछ लोग आपस में लड़ाने का काम कर रहे हैं. अब बिहार में हिंदू-मुस्लिम की लड़ाई नहीं होती. पूरे बिहार में अमन चैन की स्थिति बहाल की. कहीं भी किसी भी समुदाय में कहीं झगड़ा फसाद नहीं है, लेकिन कुछ लोग चाहते हैं कि झगड़ा - फसाद बना रहे. जबतक हमारी सरकार है, कुछ नहीं होने देंगे.

सीएम ने कहा कि कुछ लोग मुस्लिम समुदाय की बात करते हैं. मेरे द्वारा मदरसा को सरकारी घोषित किया गया. मदरसा के शिक्षकों को राज्य सरकार के शिक्षकों की तरह ही वेतन दिया जा रहा है. बिहार के सभी मदरसा के लिए बेहतर कार्य किए जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि आठ हजार कब्रिस्तान की चारों तरफ से घेराबंदी कर दिया गया. अब मंदिरों के भी जमीन की घेराबंदी करने का कार्य शुरू कर दिया गया है. 2016 के बाद से 60 साल से पुरानी जितनी भी मंदिर है, उसकी घेराबंदी किया जा रहा है.

सीएम का कांग्रेस पर निशाना

सीएम ने कांग्रेस पर भी जाति आधारित गणना को लेकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि जाति अधारित गणना के लिए हमने पहले सिफारिश था, जब हम सांसद थे. लेकिन कांग्रेस ने बात नहीं मानी और जाति आधारित गणना नहीं कराया. अब चुनाव में जाकर लोगों के बीच कहते हैं कि केंद्र में सरकार बनी तो जाति आधारित गणना कराएंगे. सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि जब सरकार में थे, तब जाति आधारित गणना नहीं करायें, अब चुनाव में जाति आधारित जनगणना कराने का झांसा दे रहें हैं.

अब शहरी इलाके में जीविका

सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि वर्ल्ड बैंक से कर्ज लेकर बिहार की महिलाओं की स्वयं सहायता समूह को आगे बढ़ाया. बिहार में जीविका बना देश का अगुआ बना. जीविका के आधार केंद्र ने आजीविका बनाया. आज जीविका दीदी 10 लाख 51 हजार हैं. सीएम ने कहा कि अब शहरी इलाके में महिलाएं भी जीविका दीदी बनेंगी. पंचायत व नगर निकाय में महिलाओं को दिया आरक्षण दिया. चुनाव में आरक्षण देकर महिलाओं को जनप्रतिनिधि बनाया. सीएम ने कहा कि बिहार में 2005 से महिलाओं को राजनीति में आरक्षण मिल रहा है.

विधायक अमरेंद्र को बोले, चिंता मत कीजिए

सीएम नीतीश कुमार ने बीच भाषण से ही जेडीयू विधायक अमरेंद्र कुमार उर्फ पप्पू पांडेय का जिक्र करते कहा कि चिंता मत कीजिए. हम सभी को साथ लेकर चल रहे हैं. किसी को छोड़ेंगे नहीं. लोकसभा का चुनाव जितवाइये, उसके बाद हम सबका काम करेंगे. उन्होंने शिक्षा मंत्री और भोरे विधानसभा के विधायक सुनील राम का भी जिक्र किया. सीएम ने कहा कि सुनील कुमार मंत्री बने हैं, आप के जिला के ही रहनेवाले हैं.

डॉ. आलोक सुमन के समर्थन की अपील

सीएम ने एनडीए प्रत्याशी डॉ आलोक कुमार सुमन के पक्ष में मत देने के लिए जन समूह से हाथ उठाकर आशीर्वाद मांगा. सीएम के संबोधन के पहले मंत्री संजय झा, विजय चौधरी, जनक राम, सुनील राम व स्थानीय विधायक अमरेंद्र कुमार पांडेय उर्फपप्पू पांडेय ने जनसभा को संबोधित की. मौके पर पूर्व मंत्री राम सेवक सिंह कुशवाहा, मुकेश पांडेय, धर्मराज प्रसाद, रामाशीष सिंह, अरविंद पटेल, तौहीद, राजन मिश्रा, मुन्ना सिंह सहित तमाम लोग थे. सभा का संचालन जदयू के जिलाध्यक्ष आदित्य शंकर शाही जबकि सभा की अध्यक्षता लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष सुधांशु मिश्रा ने की।

भगवा' रंग को लेकर क्या बोल गए ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक?

नयाग्राम/केशियारी। लोकसभा चुनाव में कुछ संतों के भाजपा के पक्ष में काम करने संबंधी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आरोपों से उपजे विवाद के बीच, तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी और राज्य के लोगों ने हमेशा ही 'भगवा' रंग का सम्मान किया है जो स्वामी विवेकानंद के बलिदान का प्रतीक है।

अभिषेक ने विवेकानन्द को बंगालियों का आध्यात्मिक प्रतीक बताया, जिन्होंने राज्य और देश को दुनिया भर में गौरवान्वित किया. तृणमूल नेता ने कहा कि योगी आदित्यनाथ की पार्टी (भाजपा) ने भगवा रंग का अपमान किया है, जिसने स्वामीजी और बंगाल के अन्य महान संतों और विभूतियों द्वारा अपनाए गए आदर्शों का उल्लंघन किया है।

उन्होंने घाटल सीट से तृणमूल के उम्मीदवार देव के समर्थन में आयोजित एक रैली में कहा, ÷हां, हम भगवा रंग का सम्मान करते हैं, जो हमें स्वामी विवेकानन्द और श्री श्री रामकृष्ण परमहंस की याद दिलाता है. हम भाजपा और भगवा वस्त्र धारण करने वाले इसके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विचारधारा से सहमत नहीं हैं. हम आदित्यनाथ की विभाजनकारी विचारधारा से नफरत करते हैं जिनके शासन में दलितों और अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़े हैं। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव ने 2019 के आम चुनाव के दौरान, समाज सुधारक ईश्वर चंद्र विद्यासागर की प्रतिमा की तोड़फोड़ किये जाने की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा, ÷यह घटना कोलकाता में अमित शाह के रोड शो के दौरान हुई थी.÷ उन्होंने कहा, ÷जो लोग विद्यासागर की प्रतिमा को तोड़ते हैं, जो लोग विवेकानन्द को वामपंथी बताते हैं और दावा करते हैं कि उनके विचार अब उपयोगी नहीं रह गए हैं, जो लोग रवीन्द्रनाथ टैगोर के जन्मस्थान से अवगत नहीं हैं, उन्हें बोलने से बचना चाहिए। वे बंगाल विरोधी हैं। अभिषेक ने रेखांकित किया कि समाज सुधारक राजाराम मोहन राय ने अमानवीय सती प्रथा को खत्म करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे अनगिनत विधवाओं की जान बचाई गई. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि तृणमूल समझती है कि राममोहन राय, विद्यासागर और विवेकानंद जैसे विभूतियों का सम्मान कैसे किया जाए. उन्होंने कहा, ÷हमें भाजपा से सीखने की जरूरत नहीं है, जो केवल धार्मिक नफरत के संदेश का प्रचार करती है। उन्होंने कहा, ÷प्रधानमंत्री (रेलवे) स्टेशनों के नाम बदल रहे हैं, वह इलाकों के नाम बदल रहे हैं, वह इंडिया नाम बदलकर भारत करना चाहते हैं. आइए इस चुनाव में अपना प्रधानमंत्री बदल दें.÷ उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पीएम मोदी ने ÷मछली खाने वालों÷ के बारे में अपमानजनक टिप्पणियां कीं, जो बंगाली हिंदुओं और कई अन्य हिंदू संप्रदायों और समुदायों द्वारा अपनाए जाने वाले कुछ अनुष्ठानों और धार्मिक रस्मों के बारे में उनकी अज्ञानता को दर्शाता है. अभिषेक ने यह आरोप भी लगाया कि मोदी सरकार 'आधार' को नागरिकों के बैंक खातों से जोड़ने के लिए पैसे ले रही है. उन्होंने कहा कि इस पैसे का इस्तेमाल भाजपा ÷मोदी के झूठे विज्ञापन प्रचार अभियान चलाने के लिए कर रही है।

लोकसभा वॉचिंग टाइम

क्या ममता बनर्जी को भारी पड़ेगा भारत सेवाश्रम संघ पर बयान? कार्तिक महाराज ने भेजा कानूनी नोटिस

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ (BSS) को लेकर अपने बयान से विवादों में घिर गई हैं. यहां मुर्शिदाबाद जिले में स्थित बीएसएस से जुड़े संत कार्तिक महाराज ने सोमवार को कानूनी नोटिस भेजा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हाल ही में एक जनसभा में कार्तिक महाराज का नाम लेते हुए उन पर लोकसभा चुनाव में बीजेपी के लिए काम करने और मतदाताओं को प्रभावित करने का आरोप लगाया था. इसे लेकर अब कार्तिक महाराज ने सीएम ममता को कानूनी नोटिस भेजा है. इसमें महाराज ने दावा किया कि मुख्यमंत्री के आरोप निराधार, झूठे और अपमानजनक हैं. उन्होंने मुख्यमंत्री से 4 दिन के अंदर जवाब मांगा है, वरना कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। कार्तिक महाराज ने मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री को कानूनी नोटिस भेजे जाने की जानकारी देते हुए कहा, 'उन्होंने आरोप लगाया है कि मैंने पोलिंग बूथ से तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को भगाने का आह्वान किया है. मैंने कभी ऐसा नहीं कहा. मैं एक संन्यासी हूं. मैं किसी राजनीतिक दल से नहीं जुड़ा हूं. मुख्यमंत्री अपने आरोप कभी साबित नहीं कर सकेंगी। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी रविवार को बंगाल में तीन अलग-अलग रैलियों में कहा था कि मुख्यमंत्री रामकृष्ण मठ, रामकृष्ण मिशन, भारत सेवाश्रम संघ और इस्कॉन जैसे संस्थानों के संतों को धमका रही हैं. खबर लिखे जाने तक नोटिस पर तृणमूल कांग्रेस की ओर के कोई प्रतिक्रिया नहीं आई थी।

काजा में कंगना रनौत का विरोध, काले झंडे दिखाए

लगे 'गो बैक' के नारे, जयराम बोले-हमला हुआ

शिमला। हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति के काजा उपमंडल में लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए पहुंची बॉलीवुड एक्ट्रेस और भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत को विरोध का सामना करना पड़ा. इस दौरान लाहौल स्पीति में कांग्रेस वर्करों ने उन्हें काले झंडे दिखाए और गोबैक के नारे लगाए. हालांकि, बाद में कंगना ने एक जनसभा को संबोधित किया. कंगना के साथ जयराम ठाकुर, रवि ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे. उधर, भाजपा ने दावा किया है कि उनके काफिले पर हमला किया गया है। जानकारी के अनुसार, कंगना रनौत सोमवार को लाहौल स्पीति के काजा उपमंडर में प्रचार के लिए पहुंची थी. यह इलाका मंडी संसदीय क्षेत्र में आता है. इस दौरान कंगना जैसे ही काजा पहुंची तो कांग्रेस वर्करों ने उनका विरोध किया. इन वर्करों का कहना है कि कंगना रनौत ने बीते समय में दलाई लामा पर टिप्पणी की थी, जिसका वह विरोध कर रहे हैं.

उधर, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने काजा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से भाजपा के प्रत्याशी का काफिला रोकने की निंदा की. नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि यहां पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का इस तरह का कृत्य बेहद निंदनीय है. इससे साफ जाहिर होता है कि कांग्रेस पूरी तरह से बौखलाहट में है. उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार देखने को मिल रहा है जब काजा भाजपा का कार्यक्रम आयोजित किया गया था, उसके ठीक सामने कांग्रेस को भी कार्यक्रम करने की अनुमति दी गई थी.

भाजपा के कार्यक्रम में मंडी संसदीय क्षेत्र की प्रत्याशी कंगना रनौत और लाहौल स्पीति से भाजपा के प्रत्याशी रवि ठाकुर इस दौरान यहां पर मौजूद थे. इस कार्यक्रम को और रैली को आयोजित करने के लिए बाकायदा भाजपा की ओर से अनुमति ली गई थी. बावजूद इसके कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने वहां पर पहुंच कर कार्यक्रम में बाधा पहुंचाने की कोशिश की. उन्होंने दावा किया कि भाजपा के एक कार्यकर्ता को चोट लगी है. उन्होंने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम को लेकर चुनाव आयोग को शिकायत की जाएगी।

क्या हाजीपुर में विरासत बचा पाएंगे चिराग या राजद का कास्ट फैक्टर करेगा काम

हाजीपुर/नवप्रदेश। विरासत की जंग में अपने चाचा को पटखनी देकर हाजीपुर सीट को अपने पाले में लेकर चिराग पासवान ने पहला मैच तो जीत लिया लेकिन 20 तारीख को होने वाले फाइनल मैच पर पूरे प्रदेश की निगाह टिकी है।

चुनावी मैच के फाइनल में इस बार अपने पिता की सीट पर चुनाव लड़ रहे चिराग पासवान के सामने जातीय समीकरण के साथ साथ अपने ही नेताओं के भितरघात की चुनौती है जिससे मुकाबला रोचक हो गया है. तो वहीं महागठबंधन उम्मीदवार शिवचंद्र राम ने बाहरी भीतरी का मुद्दा उठाकर लड़ाई को दिलचस्प बना दिया है। हालांकि 1977 से पासवान परिवार के पास रहे इस हाजीपुर सीट पर चिराग पासवान को उनके पिता द्वारा किए गए कार्यो और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साथ मिलने से वह लड़ाई में अभी आगे चल रहे है लेकिन बिहार की राजनीति में जातीय आधारित गोलबंदी को भी नकारा नहीं जा सकता है जिस कारण राजद प्रत्याशी शिवचंद्र राम, चिराग को कड़ी टक्कर दे रहे हैं. इससे पहले शिवचंद्र राम, रामविलास पासवान और पशुपति कुमार पारस से ही दो-दो हाथ कर चुके है लेकिन इस बार पासवान परिवार के युवराज से उनका सीधा मुकाबला है।

चिराग और शिवचंद्र राम के बीच रोचक मुकाबला

लिहाजा चिराग के सामने जहाँ विरासत को बचाने की चुनौती है तो वहीं शिवचंद्र राम के पास पासवान परिवार से हाजीपुर सीट छिनने का मौका; ऐसे में देखना होगा कि 19 लाख वोटरो में से सबसे अधिक लगभग साढ़े तीन लाख यादव वोटर वाले इस सीट पर जीत किसकी होती है.यहाँ यह जानना भी जरूरी है कि 6 विधानसभा सीट वाले इस लोकसभा क्षेत्र में 4 चार विधानसभा महुआ, महनार, राघोपुर और राजापाकर सीट पर महागठबंधन के कब्जा है जबकि लालगंज और हाजीपुर पर भाजपा का कब्जा है।

पार्टी के नेताओं की बगावत से हो सकती दिक्कत

चिराग पासवान के सामने कई चुनौतियां है जिसमें से सबसे पहला है उनके पार्टी के पदाधिकारियों का बगावत जिसमें उनके सबसे करीबी रहे ई.रविन्द्र सिंह, अजय कुशवाहा, रेणु कुशवाहा जैसे लोग शामिल है. हालांकि महनार से राजद विधायक वीणा देवी के पति और पूर्व सांसद बाहुबली रामा सिंह का चिराग के साथ आने का फायदा चिराग को राजपूत वोट दिलाने में मदद कर सकता है।

हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र किसकी होगी जीत

बहरहाल दोनों ही दल के नेता अपने-अपने तरीके से जीत का समीकरण तैयार करने में लगे हुए हैं लेकिन विरासत की जंग और बड़े-बड़े चेहरों के पीछे एक चीज जो छुप गया है वह है हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र का विकास जिसपर बात करने में दोनों ही गुट में से किसी ने अभी तक दिलचस्पी नहीं दिखाई है. ऐसे में 4 जून को ही पता चलेगा कि हॉट सीट बन चुके हाजीपुर सीट पर जातीय समीकरण की जीत होती है या फिर चिराग विरासत की जंग का फाइनल जीतते हैं।

न्यूज गैलरी

पंडरिया सड़क हादसे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने किया गहरा शोक व्यक्त

रायपुर/नवप्रदेश। पंडरिया सड़क हादसे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पंडरिया में तेंदुपत्ता तोड़कर वापस आ रहे 18 मजदूरों की सड़क हादसे में दुःखद मौत की खबर विचलित करने वाली है। सभी मृतकों को कांग्रेस पार्टी विनम्र श्रद्धांजली अर्पित करती है। इस हादसे में 10 मजदूर घायल भी हुए है, उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना है। सरकार से मांग है कि घायलों के इलाज की समुचित व्यवस्था की जाय। मृतकों के परिजनों को बिना देर किये सरकार द्वारा मुआवजा दिया जाय।

प्रताड़ना से त्रस्त हो पत्नी ने की थी आत्महत्या, आरोपी पति गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। पति की प्रताड़ना से तंग आकर एक महिला ने जुलाई 2023 में आत्महत्या कर लिया था। कटघोरा पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही थी। जांच पश्चात पुलिस ने आरोपित पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना की वजह पति द्वारा दूसरी महिला को घर में रखना बताया जा रहा है।

थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि चंदनपुर निवासी रामकुमार अनंत मजदूरी का काम करता है। शराब पीने का आदी रामकुमार अपनी पत्नी विमला बंजारे के साथ आए दिन लड़ाई झगड़ा व मारपीट किया करता था और पत्नी को कटघोरा तहसील भाटा उसके मायके भेज दिया करता था। 12 जुलाई 2023 को रामकुमार बंजारे ने अपनी पत्नी विमला बंजारे के साथ मारपीट किया। इस घटना क्षुब्ध होकर विमला ने अपने मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या करलिया। बताया जा रहा है कि रामकुमार अनंत दूसरी पत्नी भी रखा था इसकी वजह से पति और पत्नी में अक्सर विवाद हुआ करता था। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि रामकुमार द्वारा पहली पत्नी व तीन संतानें होने के बावजूद किसी दूसरी महिला के साथ संबंध थे और उसे घर पर लाकर रखा था। 12 जुलाई को जब वह मायके से चंदनपुर पहुंची, तो देखा कि उसका पति दूसरी पत्नी को घर पर लाकर रखा हुआ और इसी बात को लेकर दोनों में फिर विवाद हुआ और रामकुमार ने विमला के साथ मारपीट की। इस पर विमला ने मायके तहसील भाटा जाकर जान दे दी।जांच पूर्ण होने पर पति रामकुमार को उसके निवास नवागांव से पुलिस ने गिरफ्तार कर धारा 306 के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।

चलती कार में लगी आग कूद कर चालक ने बचाई जान

कोरबा/नवप्रदेश। रूमगड़ा चैक पर रविवार की शाम चलती हुई कार में अचानक आग लग गई। आग देख कर चालक ने गाड़ी खड़ी करके दूर भाग गया और अपनी जान बचाई। कुछ ही देर में आग ने पूरी कार को अपनी आगोश में ले लिया। घटना की सूचना मिलने पर जब तक दमकल स्थल पर पहुंची, तब तक कारी पूरी तरह जल चुकी थी। आग किन कारणों से लगी, यह स्पष्ट नहीं हो सका। संभावना जताई जा रही है कि शार्ट सर्किट की वजह से कार में आग लगी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी स्थल पर पहुंच गई। इस बीच राहगीरों की भीड़ घटनास्थल पर लगने से आवागमन बाधित रहा।

सीएसईबी कालोनी का गिर रहा छज्जा कब्जाधारी मकान खाली करने राजी नहीं

कोरबा/नवप्रदेश। सीएसईबी कालोनी पूर्व के एनएफ और सुपरएफ श्रेणी के मकानों की स्थिति बदहाल हो चुकी है कि अब मरम्मत के योग्य भी नहीं बचे है। लिहाजा ऐसे मकानों को अब खाली कराकर तोडने का निर्णय विभाग ने लिया है। जिसकी अनुमति भी मुख्यालय से मिल चुकी है। पहले चरण में प्रबंधन द्वारा एनएफ के मकानों को तोडने का फैसला लिया है। मकानों को तोडने के लिए नोटिस जारी किया गया था। 15 दिन की मोहलत दी गई थी। उसके बाद भी अब तक कब्जाधारियों ने मकान खाली नहीं किया है। अब सूचना बोर्ड भी लगा दिए गए हैं। लगातार मकानों का छज्जा गिर रहा है। मकानों के पिलर इतने कमजोर हो गए हैं कि कई जगहों से दरार आ चुकी है। एक ब्लाक में 12-12 मकान है। दबाव अधिक बनने पर मकान गिर सकते हैं। खुद के कर्मियों को सीएसईबी प्रबंधन द्वारा दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया गया था। 15 से 20 परिवार ऐसे थे जिनको बड़े मकान दिए गए हैं। जबकि कब्जाधारियों को उसी जगह पर छोड़ दिया गया है। कब्जाधारी मकान खाली करने को राजी नहीं है।

बारात निकलने से पहले दूल्हा पंहुचा जेल, प्रेमिका ने पुलिस से की थी दुष्कर्म की शिकायत

कोरबा/नवप्रदेश। शहर की सिविल लाइन रामपुर पुलिस ने एक दूल्हे को गिरफ्तार कर लिया है, जो विवाह रचाने के लिए बारात लेकर निकलने की तैयारी में था। आरोपी दूल्हे पर दूसरी युवती से शारीरिक शोषण करने का आरोप है। विवाह की जानकारी मिलने पर पीड़ित पक्ष ने इस बारे में पुलिस से शिकायत की थी। जिस पर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। मीडिया से बातचीत में युवती ने कई खुलासे किए हैं।

पुलिस के हत्थे चढ़ा नन्द लाल निषाद, जो पेशे से मैकेनिक है। पुलिस ने कोरबा की एक पीड़िता की लिखित शिकायत के आधार पर नन्द लाल को गिरफ्तार कर लिया। जब उसकी बारात निकलने में कुछ समय बाकी था। पुलिस को इस युवती ने बताया था कि बीते दो साल से वह युवक के संपर्क में थी। युवक ने उसे विवाह करने का झांसा दिया था।

रायपुर लोकसभा : चुनाव दर चुनाव बीजेपी-कांग्रेस के बीच बढ़ा जीत-हार का अंतर

- तीन चुनावों में 3 गुना से ज्यादा वृद्धि

रायपुर लोकसभा में हार-जीत का अंतर

- 2009 में भाजपा प्रत्याशी रमेश बैस और कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के बीच जीत हार का अंतर महज 7.8 प्रतिशत था
- 2014 के लोकसभा चुनाव में रमेश बैस के सामने कांग्रेस ने सत्यनारायण शर्मा को उतारा, अंतर बढ़कर 13.72 प्रतिशत हो गया
- भाजपा के सुनील सोनी के सामने कांग्रेस के प्रमोद दुबे मैदान में थे और हार जीत का अंतर 24.94 प्रतिशत तक पहुंच गया

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के लिए मतों की गिनती 4 जून को होगी। लेकिन राजनीतिक दलों ने मतों की गिनती के लिए न सिर्फ कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग देने का काम शुरू कर दिया है। बल्कि बूथवार मतदान के आंकड़ों के साथ ही पिछले चुनावों में हार जीत के आंकड़ों पर भी मंथन शुरू कर दिया है। हालांकि, पिछले तीन चुनावों में हुए मतदान के आंकड़ों से एक बात तो साफ है कि रायपुर लोकसभा में जीत- हार का अंतर लगातार बढ़ रहा है।

रायपुर लोकसभा में यूं तो लगभग 67त्न वोटिंग हुई है, लेकिन भाजपा के बूथ एजेंट्स जो आंकड़े पार्टी को दिए हैं। ??वे चौंकाने वाले हैं। ???? पिछले तीन चुनावों में हार-जीत का अंतर बढ़कर तीन गुना से ज्यादा हो गया है। हार जीत का अंतर 24.94 प्रतिशत तक पहुंच गया। यानि 2014 में जहां अंतर लगभग 6 प्रतिशत बढ़ा, वहीं 2019 में अंतर लगभग 11 प्रतिशत तक बढ़ गया।

इन बूथों पर 90 प्रतिशत से ज्यादा मत पड़े: अभनपुर: सुंदरकेरा, उगेतरा, कोलियारी, थनौद, परसदा, उमरपोटी, कन्हेरा, जंवईबांधा, उपरवारा, भटगांव, लखना और गोईन्दा। धरसींवा: पठारीडीह और कपसदा।

इन पोलिंग बूथों में 80% से कमतर मतदान

रायपुर पश्चिम के किसी भी बूथ पर मतदान का आंकड़ा 80 प्रतिशत तक नहीं पहुंच पाया है। यहां सर्वाधिक वोटिंग वाले बूथ के रूप में बढ़ईपारा (बूथ नं. 154) रहा, जहां 77.75 प्रतिशत वोटिंग हुई। दूसरे नंबर पर अटारी (बूथ नं. 241) है, जहां 77.45 प्रतिशत वोटिंग दर्ज की गई है। 80 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग वाले बूथों में रायपुर उत्तर और रायपुर दक्षिण से एक- एक बूथ शामिल हैं। रायपुर उत्तर में पंडरीतराई बूथ पर 80.78त्न और दक्षिण के मठपुरैना बूथ पर 80.17 प्रतिशत मत पड़े हैं।

बूथवार आंकड़े और वोटिंग परसेंट

- रायपुर लोकसभा में 14 बूथ ऐसे हैं जहां 90 प्रतिशत से भी ज्यादा वोटिंग
- 12 बूथ अभनपुर के हैं जबकि धरसींवा के दो बूथ शामिल हैं
- अभनपुर के सुंदरकेरा बूथ नं.108 में 93.10त्न सबसे ज्यादा वोटिंग रिकार्ड
- दूसरे नंबर पर धरसींवा का पठारीडीह बूथ नं. 140 है, जहां 92.60 त्न मतदान
- अभनपुर के 88 बूथों में 84त्न से ज्यादा मतदान हुआ है
- दूसरे नंबर पर धरसींवा विधानसभा है, यहां के 30 बूथों में 84 फीसदी
- बलौदा बाजार विस में 9 और रायपुर ग्रामीण के 5 बूथों पर 84त्न से ज्यादा वोट
- भाटापारा में केवल एक ही बूथ जहां लगभग 86 फीसदी मत पड़े

सफाई के लिए कुएं में उतरे चाचा की जहरीले गैस से मौत, भतीजा बाल-बाल बचा

कोरबा/नवप्रदेश। कुएं की सफाई करने उतरे चाचा जहरीले गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गया। सफाई कार्य में साथ दे रहे भतीजे ने शोर मचाया, तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंची रजगामार पुलिस ने लोगों की मदद से दोनों को किसी तरह बाहर निकाला। तब तक चाचा की मौत हो चुकी थी। भतीजे को जहरीले गैस का असर कम हुआ, इसलिए उसकी स्थिति सामान्य रही।

जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर बालको थाना की रजगामार पुलिस चैकी अंतर्गत ग्राम बुंदेली के दहियान भाठा में रविवार को सुबह यह घटना हुई। यहां सगे भाई तीजराम व जोतराम मंझवार निवासरत हैं। दोनों खेती-किसानी व मजदूरी कर अपना और अपने परिवार का जीवन यापन कर रहे हैं। उनकी बाड़ी में एक कुआं है। बताया जा रहा है कि काफी दिनों से सफाई नहीं होने की वजह से कुआं काफी गंदा हो गया था। इसलिए दोनों भाई ने कुआं की सफाई के लिए पड़ोस में रहने वाले साहेब लाल 32 वर्ष तथा जगतराम मंझवार 36 वर्ष को सफाई करने कहा था। जगतराम व साहेब आपस में चाचा- भतीजा हैं और इस कुआं का पानी समय- समय पर उपयोग करते थे। इसलिए दोनों कुआं की सफाई के लिए तैयार हो गए।

सुबह नौ बजे करीब रस्सी के सहारे जगत राम कुएं में पहले उतरा, उसके पीछे-पीछे साहेब लाल भी नीचे उतर गया। दोनों ने कुआं में भरे कीचड़ को बाल्टी में भर कर रस्सी के सहारे बाहर निकाल रहे थे। इस बीच लगभग 9.30 बजे जगतराम बेहोश होकर गिर पड़ा। साहेब लाल ने उसे उठाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सका तो उसने इसकी जानकारी ऊपर उपस्थित लोगों को दी।

प्रेमिका की हत्या करने वाले आरोपी के विरुद्ध बिलासपुर पुलिस का प्रहार

- कोटा थाने में धारा 302 की तहत हत्या का अपराध हुआ दर्ज
- चंद घंटों के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक रिमांड पर जेल

बिलासपुर/नवप्रदेश। थाना कोटा में सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम अमाली में एक लड़की अंजू यादव उम्र 19 वर्ष की संदेहास्पद मृत्यु हो गई है। सूचना पर तत्काल पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची , पुलिस अधीक्षक जिला बिलासपुर श्री रजनेश सिंह (आईपीएस) के निर्देशानुसार तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण कर तथा पूछताछ कर संदेहियों की पतातलाश की गई । पूछताछ में पता चला कि घटनास्थल जहां पर मृतिका का शव है, उस घर पर मृतिका अपने प्रेमी गुलशन यादव के साथ रहती थी, गुलशन यादव घटना के बाद से फरार था। पुलिस ने तत्काल टीमें बनाकर संभावित स्थानों पर भेजा , जहां पर डोंगरिपारा ग्राम अमाली के जंगल में घेराबंदी कर, संदेही आरोपी गुलशन यादव पिता जगत राम यादव, उम्र 34 वर्ष को हिरासत में लिया गया। उससे पूछताछ की गई, जिस पर उसके द्वारा मृतिका साथ प्रेम संबंध होना व आपस में दोनों ग्राम आमली मे किराए के मकान लेकर दोनों पति पत्नी के रूप में रहना स्वीकार किया। और बताया कि मृतिका द्वारा उसे बार बार उसके माता-पिता के पास ले जाकर रखना बोलती थी, जिस बात को लेकर मृतिका अंजू यादव और गुलशन यादव आपस में वाद विवाद होते रहता था , इसी बात पर कल विवाद के दौरान गुस्से में आकर मृतिका अंजू यादव की हत्या करने की नीयत से उसके गले को धारदार टंगिया से कई बार मार कर हत्या करना स्वीकार किया। उक्त घटना पर मर्ग कायम कर शव पंचनामा, पोस्टमार्टम कार्यवाही, उपरांत धारा 302 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी द्वारा हत्या करने के लिए उपयोग किए गए टंगिया एवं अन्य साक्ष्यों को जप्त किया गया है । आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कियागया है।

कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार के मार्गदर्शन में यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा के लिए निशुल्क मॉक टेस्ट का आयोजन

- प्रथम 3 स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में ज़िला प्रशासन रायपुर द्वारा 26 मई को यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा 2024 के लिए निशुल्क मॉक टेस्ट का आयोजन करने जा रही है।यह मॉक टेस्ट ऑफ लाइन (पेपर पेन मोड में OMR sheet पर) होगा,जिसके लिए इच्छुक युवाओं को 24 मई तक द्धश्चद्दद्य द्धश्चह्द्ध मे रजिस्ट्रेशन कराना होगा। युवाओं को वास्तविक परीक्षा के अनुभव के लिए ऑनलाइन के जगह ऑफ्लाइन मॉक टेस्ट का आयोजन किया जा रहा हैद्य मॉक टेस्ट का प्रश्न पत्र हिंदी और अंग्रेजी दोनो भाषा में होगा। जिला प्रशासन द्वारा मॉक टेस्ट के बाद प्रश्नों के विस्तृत उत्तर भी दिया जाएगा साथ ही प्रथम 3 स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार दिया जाएगा। मॉक टेस्ट में छत्तीसगढ़ के किसी भी जिले के युवा शामिल हो सकते हैं । युवाओं की संख्या के आधार पर टेस्ट के लिए स्थान और समय का निर्धारण किया जाएगा जिसकी सूचना प्रतिभागियों को उनके मोबाइल नंबर पर तथा नालंदा लाइब्रेरी, सेंट्रल लाइब्रेरी और तक्षशिला लाइब्रेरी सूचना पटल पर दिया जाएगा।

66 लीटर कच्ची शराब, 600 किलो महुआ लाहन के साथ आधा दर्जन लोग गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। आबकारी विभाग की टीम ने अवैध शराब बेचने वालों व बनाने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में टीम ने कार्यवाही करते हुए 2 महिला सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से 66 लीटर कच्ची शराब और 600 किलो महुआ लहान बरामद किया है।

यह मामला कटघोरा थाना क्षेत्र का है। आबकारी विभाग की टीम को सूचना मिली कि, कटघोरा थाना क्षेत्र के वॉर्ड क्रमांक 10 धंवईपुर के एक घर में अवैध रूप से कच्ची शराब बनाकर बेची जा रही है।

16 लाख रुपए का राशन घोटाला करने वाले भाजपा नेताओं की गिरफ्तारी ना होने पर प्रदेश कांग्रेस ने उठाए सवाल

- हितग्राहियों का अंगूठा लगाकर डकार गए 226 क्विंटल चावल

रायपुर/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा में राशन दुकान चलाने वाले भाजपा नेताओं ने 16 लाख रुपए का राशन घोटाला किया है। सहसपुर लोहारा नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष उषा श्रीवास राशन दुकान चलाने वाले समिति की अध्यक्ष तथा मनहरण श्रीवास राशन दुकान के सेल्समैन है। भाजपा नेताओं ने 300 से अधिक राशन हितग्राहियों से अंगूठा लगवाकर उन्हें अप्रैल और मई का राशन सामग्री नहीं दिया। कांग्रेस ने राशन घोटाले को भाजपा की फितरत बताया है तथा घोटालेबाजों की गिरफ्तारी ना होने पर सवाल उठाए हैं।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा है कि राशन घोटाला प्रकाश में आने के बाद खाद्य विभाग ने थाना सहसपुर लोहारा में इस मामले में एफआई.आर लिखवाई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। इससे अक्रोशित राशन हितग्राहियों की भीड़ 19 मई को थाना में घुस गई तथा थाना घेर लिया। इसे देखकर थाना में मजबूरी में राशन दुकान के सेल्समैन मनहरण श्रीवास और समूह के सचिव के खिलाफ एफआई.आर दर्ज की गई। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा नेता हमेशा राशन घोटाला करते हैं।

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों में जुटे युवाओं के लिए आयाम-ऊंची उड़ान की कार्यशाला जून में

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर जून माह में प्रस्तावित ÷आयाम- ऊंची उड़ान का÷ में शामिल होने 500 से भी अधिक पंजीयन हो चुके हैं।प्रतिभागियों के साथ-साथ अभिभावक भी देश के सबसे गौरवपूर्ण परीक्षा की बारीकियों को जानने पहली बार कार्यशाला में एक साथ शामिल होंगे। जिला प्रशासन इसी कार्यक्रम में ÷मेधा समारोह÷ भी आयोजित कर प्रावीण्य सूची में स्थान अर्जित करने वाले हायर सेकेंडरी और हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा करने वाले छात्र-छात्राओं को भव्य मंच पर सम्मानित करेगा। इस तरह इस कार्यशाला में स्कूली और महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के साथ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में जुटे प्रतिभागी अभिभावकों के साथ शामिल हो रहे है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर राष्ट्रीय स्तर की शैक्षणिक व प्रशिक्षण संस्थाओं के मार्गदर्शकों को आमंत्रित कर स्थानीय युवाओं को समग्र जानकारी एक मंच पर दिए जाने की योजना तैयार की जा रही है। कार्यशाला में अभिभावक ऐसी परीक्षाओं की तैयारियों के दौरान बौद्धिक, मनोवैज्ञानिक व सामाजिक पहलुओं की बारीकी को समझ सकेंगे, जिससे कि परीक्षा के दौरान प्रतिभागियों को पूर्ण आत्मविश्वास व प्रतिबद्धता के साथ जुटने हेतु प्रेरित कर सकें।

नक्सल मामले में भाजपा सरकार दिग्भ्रमित- कांग्रेस

- नक्सल नीति बना नहीं पाये और पुनर्वास नीति लाने की बात कर रहे

रायपुर/नवप्रदेश। नक्सल मामले में भारतीय जनता पार्टी की सरकार दिग्भ्रमित है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री और गृहमंत्री का बयान आया है कि उनकी सरकार नक्सलियों के लिये नई पुनर्वास नीति लाने जा रही है। सरकार को यह समझ ही नहीं आ रहा है कि उसे करना क्या है? अभी तक सरकार ने 5 महिने में कोई नक्सल नीति नहीं बनाई है। पूर्ववर्ती सरकार की नीति जो पूरी तरह से सफल थी विश्वास, विकास, सुरक्षा की, नीति को भाजपा सरकार ने खारिज कर दिया है। पुरानी नीति खारिज करने के बाद अभी तक वर्तमान सरकार ने नक्सलवाद को लेकर अपनी कोई नीति घोषित नहीं किया है। सरकार पुनर्वास नीति लेकर आये उसके पहले नक्सल नीति तो घोषित किया जाये। जब नक्सल नीति घोषित करेंगे तब पुनर्वास नीति बनेगी यह उसका अंश है। अभी नक्सल नीति नहीं बनाई है और दावा कर रहे पुनर्वास नीति लेकर आयेंगे। ये अनिर्णय वाली स्थिति से इस गंभीर समस्या का समाधान नहीं हो सकता।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा नक्सल मामले में मुख्यमंत्री का बयान कुछ आता है। गृहमंत्री कहते है नक्सलियों के घर में घुसकर मारेंगे। फिर गृहमंत्री का बयान आता है कि वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से बात करेंगे। गृहमंत्री समर्पित नक्सलियों से समर्पण किये हुये नक्सलियों से वीडियो कॉन्फ्रेंस से बात करते है। एक कदम आगे जाकर उनके साथ लाल भाजी खाने का न्योता स्वीकार करते है। जब गृहमंत्री नक्सलियों से बात कर रहे लाल भाजी खाने का न्योता स्वीकार कर रहे है। तब उन शहीद जवानों तथा बस्तर के लोगों के बारे में नहीं सोचते जो शहीद हुये है। आप लोगों को मुख्यधारा में वापस लाने प्रेरित करिये, लेकिन महिमामंडन मत करें। आप गृहमंत्री है आपके आचरण से ऐसा मैसेज नही जाना चाहिये कि जो शहीद हुये उनका अपमान हो रहा है या सुरक्षा बलों का मनोबल टूट रहा है।

वाहन चोरों के खिलाफ पुलिस की एक और बड़ी सफलता

- पंडोपारा में लगातार चोरी एवं वाहन चोरी करने वालों के खिलाफ कोरिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई।

कोरिया/नवप्रदेश। दिनांक 13 मई 2024 को प्रार्थी हरिराम पिता बुढन साय, कविता मिंज पति मोहर साय मिंज एवं विश्वासी पति धरमसाय टोप्पो सभी निवासी विराट नगर पण्डोपारा के द्वारा पृथक-पृथक रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 12 एवं 13 मई 2024 के मध्यरात्रि अज्ञात चोरों के द्वारा प्रार्थिया कविता मिंज के यहा सेंधमारी कर घर के अंदर घुसकर बेडरूम में लेडिज बैग में रखे 500 रूपये नगद, पैन कार्ड, आधार कार्ड, अन्य दस्तावेज तथा टिफिन, प्रार्थी हरिराम के यहां से सेंधमारी कर घर के अंदर घुसकर 3000 रूपये नगद चोरी कर एवं घर में रखे बक्शा एवं दस्तावेजों को बाहर निकालकर फेंक दिये है।

इसी तरह प्रार्थिया विश्वासी के यहां सेंधमारी कर घर के अंदर घुसकर 03 नग साड़ी चोरी कर लिये है तथा प्रार्थी कृपाशंकर तिवारी पिता शेषमणी तिवारी निवासी ग्राम खैरी थाना पटना के यहां से दिनांक 16 मई 2024 के मध्य रात्रि मोटर सायकल चोरी कर लिए है। उपरोक्त चोरियों के प्रकरण से तत्काल पुलिस अधीक्षक कोरिया को अगवत कराया गया जिस पर पुलिस अधीक्षक कोरिया सूरज सिंह परिहार के द्वारा चोरी के मशरुका बहुत छोटे होने के बावजूद फ्री एंड फेयर रजिस्ट्रेशन ऑफ़ क्राइम के तहत मामला पंजीबद्ध करने का निर्देश दिया जाकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरिया, स्ष्ठह्रक्क बैकुण्ठपुर, सायबर सेल प्रभारी की एक विशेष टीम का गठन किया गया।

जिस पर थाना पटना में अपराध क्रमांक 128/24, 129/24, 130/24 एवं 132/24 धारा 457, 380 भादवि0 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, विवेचना के दौरान घटना स्थल के सी.सी.टी.व्ही. फुटेज, अन्य तकनीकी जानकारी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों की लगातार पतासाजी की जा रही थी। दिनांक 17 मई 2024 को मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी राकेश भारती उर्फ संजू पिता स्व0 बैजनाथ भारती उम्र 42 वर्ष निवासी कोचिला थाना पटना को घेराबंदी कर हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। पूछताछ पर आरोपी द्वारा बताया गया कि दिनांक 12 एवं 13 मई 2024 की रात मैं अपने 02 अन्य साथियो के साथ मिलकर (नाम बताया है किन्तु यहाँ खुलासा नहीं किया जा रहा है) पण्डोपारा में जाकर विराट नगर कालोनी में सेंधमारी कर चोरी किये है।

ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क की समस्या सात दशक बाद भी नहीं बनी बगदरा से सपलवा तक पक्की सड़क

कोरबा/नवप्रदेश। पक्की सड़क की मांग करते-करते क्षेत्र के कई लोगों का जीवन गया, पर जनप्रतिनिधियों ने अभी तक पक्की सड़क बनाने की सुध नहीं लिया। पिछले सात दशक से यहां की ग्रामीण पक्की सड़क की आस लगाए बैठे हैं, लेकिन उन्हें आज तक सड़क नसीब नहीं हो रही है।

पाली विकासखंड के अंतर्गत ग्राम जेमरा बगदरा से सपलवा पहुंच मार्ग तक पक्की सड़क नहीं बनी। तेलसरा, उड़ान, राहा, सपलवा, पहाड़गांव, बाइसेम्हर, चोरकाडांड, बारीउपरांव, भदभद से सैकड़ों की आबादी को आज भी चैतुरगढ़ जाने के लिए कच्ची सड़क व पगडंडियों का सहारा लेना पड़ता है। ऐसा नहीं है कि स्थानीय लोगों ने सड़क बनाने की पहल नहीं की। प्रशासनिक अधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधि के पास सड़क बनाने के लिए दर्जनों लोग गुहार लगाते रहे, पर परिणाम कुछ भी नहीं निकला। ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के वर्षों बाद भी सड़क की समस्या से ग्रामीण जूझ रहे है। करीब आधा दर्जन से ज्यादा गांव के लोग इस पगडंडी रास्ते से होकर पर्यटन स्थल चैतुरगढ़ अष्टभुजी महिषासुर मर्दनी के दर्शन करने पहुंचते हैं। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में कई ऐसे गांव है, जहां आज तक पक्की सड़क एक सपना बना हुआ है।

सुविचार

दूर से देखने पर सभी रास्ते बंद नजर आएंगे क्योंकि करीब पहुंचने पर ही कामयाबी का रास्ता खुलता है। - अज्ञात

भाजपा के खिलाफ आप का प्रदर्शन

राज्यसभा सांसद और आम आदमी पार्टी की नेत्री स्वाति मालीवाल मामले को लेकर आरोपों में घिरी आम आदमी पार्टी ने उलटा चोर कोतवाल को डांटे वाली कहावत को चरितार्थ कर दिखाया है। स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट के आरोप में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए विभव कुमार को पुलिस ने मुख्यमंत्री निवास से गिरफ्तार कर लिया और अदालत में पेश कर उसकी पांच दिनों की रिमांड भी ले ली। विभव कुमार ने गिरफ्तारी से बचने के लिए अग्रिम जमानत की याचिका दायर की थी। जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। अपने पीए की गिरफ्तारी से बौखलाए अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी के सांसदों और विधायकों के साथ भाजपा कार्यालय के घेराव की चेतावनी दी। किन्तु उन्हें प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिली तो अरविंद केजरीवाल अपने समर्थकों के हुजूम के साथ सड़क पर ही धरने पर बैठ गए और भाजपा सरकार पर आरोपों की बौछार कर दी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आम आदमी पार्टी को खत्म करना चाहती है। इसलिए एक के बाद एक आदमी पार्टी के नेताओं की गिरफ्तारी की जा रही है। इसलिए वे आज सड़क पर उतर आए हैं। भाजपा सरकार में हिम्मत है तो वह हम सभी आम आदमी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर जेल में डाल दें। आम आदमी पार्टी ने यह भी आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अरविंद केजरीवाल से डर गए हैं। इसीलिए आम आदमी पार्टी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने जब अरविंद केजरीवाल के पीए विभव कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी तो उसके बाद आम पार्टी के नेताओं ने स्वाति मालीवाल पर ही यह आरोप लगाना शुरू कर दिया है कि वह भाजपा के इशारे पर विभव कुमार के खिलाफ रिपोर्ट कराने पहुंची थी। जबकि भाजपा नेताओं ने स्पष्ट कर दिया है कि स्वाति मालीवाल से भाजपा के किसी नेता का कोई संपर्क नहीं रहा है। यदि आम आदमी पार्टी के नेता ऐसा आरोप लगा रहे हैं तो वे इसका सबूत दें। इस बीच पुलिस ने जब सीएम अरविंद केजरीवाल के घर में जांच पड़ताल की तो वहां लगे। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज गायब मिले। जाहिर है सबूतों के साथ छेड़छाड़ की गई है। यह एक गंभीर मामला है। ऐसे में विभव कुमार की परेशानियां और बढ़ सकती हैं जो जांच में पुलिस का सहयोग नहीं कर रहे हैं। उन्होंने अपने मोबाइल का पासवर्ड भी नहीं दिया है और अपना मोबाइल फार्मेट कर दिया है। कुल मिलाकर विभव कुमार की गिरफ्तारी से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का बौखलाना स्वाभाविक है क्योंकि विभव कुमार अरविंद केजरीवाल के बारे में बहुत कुछ जानता है और यदि पुलिस के दबाव में आकर उसने कोई बयान दिया तो पहले से ही मुसीबतों में घिरे नई दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल की मुसीबतें और बढ़ जाएंगी। बहरहाल यह देखना दिलचस्प होगा कि स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट के मामले में अरविंद केजरीवाल ने जो चुप्पी साध रखी है उसे वे कब तोड़ते हैं।

कश्मीर में बंपर वोटिंग से बौखलाए आतंकवादी

कश्मीर में सक्रिय आतंकवादी संगठनों ने एक बार फिर अपने नापाक इरादों को अंजाम दिया है। चौथे चरण के मतदान में श्रीनगर लोकसभा क्षेत्र में हुई बंपर वोटिंग से बौखलाकर उन्होंने एक भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके अलावा आतंकवादियों ने श्रीनगर में पर्यटकों पर भी निशाना साधा। जिसके कारण दो लोग गोली लगने से घायल हो गए। गौरतलब है कि कश्मीर घाटी में भारतीय सेना और सुरक्षाबल के जवान वहां बचे खुचे आतंकवादियों के सफाए के लिए आपरेशन ऑल आउट चला रहे हैं और आतंकवादियों को चुन-चुन कर जहन्नुम रसीद किया जा रहा है। इससे बौखलाए हुए आतंकवादी अब टारगेट किलिंग पर उतर आए हैं और इस बार वे जन प्रतिनिधियों और पर्यटकों को निशाना बना रहे हैं ताकि कश्मीर में शांतिपूर्ण चुनाव न हो पाए और कश्मीर का पर्यटन उद्योग फिर से ठप हो जाए। इन आतंकवादियों के नापाक मंसूबों को नाकाम करने के लिए भारतीय सेना और सुरक्षा बलों ने अपना सर्चिंग अभियान और तेज कर दिया है जिसका सुपरिणाम यह निकला है कि पांचवें चरण के मतदान के दौरान कश्मीर में कोई हिंसक घटना नहीं हो पाई है किन्तु अभी वहां और दो चरणों का मतदान होना बाकी है वह भी शांतिपूर्वक संपन्न हो सके। इसके लिए वहां सुरक्षा के और चाक चौबंद इंतजाम करना निहायत जरूरी है। कश्मीर घाटी में अभी भी कुछ आतंकवादी छिपे हुए हैं और उन्हें स्थानीय लोगों की मदद मिल रही है। ऐसे घर के भेदी गद्दारों की भी पहचान जरूरी है। तभी उन बचे खुचे आतंकवादियों का सफाया हो पाएगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि जम्मू-कश्मीर में भारतीय सेना और सुरक्षा बल के जवान आतंकवादियों के खिलाफ अब आर-पार की लड़ाई को और तेज करेंगे। इनके सफाए के साथ-साथ उनके हिमायतियों और अलगाववादी ताकतों के खिलाफ भी कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। जब तक आतंकवादियों के साथ ही उन्हें प्रश्रय देने वाले जयचंदों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई नहीं की जाएगी तब तक जम्मू-कश्मीर को आतंकवाद से मुक्त करना मुश्किल होगा। अपने खिलाफ हो रही कार्रवाई से खौफ जदा और बौखलाए हुए ये आतंकवादी किसी बड़ी घटना को भी अंजाम दे सकते हैं। इसलिए वहां अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी तभी जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हो पाएगा और कश्मीर घाटी में सही मायनों में शांति बहाल हो पाएगी।

केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर ठूंठ टिप्पणियां

कनक तिवारी

सुप्रीम कोर्ट ने फिर भी सभी आपत्तियों को सिरे से खारिज कर दिया है। यक्ष प्रश्न यही है कि जितनी बातें मैंने लिखी हैं। उनकी बारीकियों में गए बिना छपास का रोग उन्हें भी लग गया है जो खुद को कानून का ज्ञाता कहते हैं। वे सुप्रीम कोर्ट की ताजा उर्वर दार्शनिक अवधारणा से खुद को सराबोर नहीं करते। जहां किसी व्यक्ति का चेहरा देखकर नहीं उसके मामले का कथानक पढ़कर ऐसा न्याय निर्वचन करना होता है जो भविष्य में रोषनी दिखाए। जब चंद्रबाबू नायडू को रियायत मिली तो कोई असंतोष नहीं हुआ। क्या इसलिए कि वे भाजपा के गठजोड़ में हैं। जस्टिस खन्ना की ही बेंच ने विपक्षियों की मांग के बावजूद ई.वी.एम. पर भरोसा करते उसे बरकरार रखा है। तब सब मीठा मीठा था और केजरीवाल को ज़मानत दे दी तो वह कड़वा कड़वा थू हो गया। खन्ना अगले चीफ जस्टिस होंगे। उनके तत्काल बाद बी.आर. गवई। यह वरिष्ठता भी ध्यान रखने लायक है।

आम आदमी पार्टी सुप्रीमो तथा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने कुछ शर्तों के साथ अंतरिम ज़मानत दी है। बेंच में जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता हैं। किस्सा यह है कि केजरीवाल के खिलाफ भारत सरकार के गृह मंत्रालय और दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर की पहल पर उनके 20 जुलाई 2022 के पत्र के बाद सीबीआई ने 17.08.2022 को अपराधिक मुकदमा दर्ज किया और उससे जुगलबंदी करते प्रवर्तन निदेशालय ने 22.08.2022 को अपना मुकदमा पेश किया। दिल्ली की विशेष अदालत में 26.11.2022 को परिवाद पत्र पेश किया गया और कोर्ट ने 20.12. 2022 को उसका संज्ञान लिया। उसके बाद भी अभियोजन की ओर से शिकायतें पेश की जा रही हैं।

केजरीवाल के ख्यातप्राप्त एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने अपराधिक कानूनों की पगडंडी छोड़कर संवैधानिक सुरंग में घुसकर अपने मुअक्किल को अपराधी नहीं मानते हुए ज़मानत आवेदन पत्र नहीं पेश किया। बल्कि गिरफ्तारी को सीधी चुनौती दी कि मामले में उपलब्ध तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर जब मामला ही नहीं बनता। तो गिरफ्तारी क्यों? और बार-बार अपना बयान देने के लिए सम्मन जारी करना क्यों? पेंच यह दिखा कि एक गिरफ्तार मुज़रिम जेल के अंदर से सरकार चलाता हुआ अपनी चुनौती कैसे दे रहा है। दूसरी ओर सरकारी पक्ष हतप्रभ कि केजरीवाल ने मसलन झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के इन्हीं परिस्थितियों में दिए गए इस्तीफे के अनुसार अपना पद क्यों नहीं छोड़ा। मामला कानूनी गुगली में केवल अपराधिक कानून तक सीमित नहीं रहकर संवैधानिक पृष्ठभूमि में विचार करने योग्य बना दिया गया। सुप्रीम कोर्ट में बहस चलने लगी। कोर्ट को समझाया गया कि मामले में कानून के इम्तहान कई हैं। दोनों पक्षों की ओर से सिर फुटौव्वल की षक्ल में पाएदार बहस होती रही। लिहाज़ा कोर्ट ने अपनी वैचारिक और न्यायिक तटस्थता को बरकरार रखते 3 मई 2024 को तय किया कि इस मामले में सुनवाई करने के लिए समय कम पड़ रहा है। कोर्ट की गर्मी की छुट्टियां भी होने वाली हैं। दोनों पक्ष लंबी से लंबी तकरीर करने के लिए आमदा भी हैं। इसलिए स्वेच्छा से एक सीमित मुद्दे पर विचार करेंगे कि क्या लोकसभा चुनाव के मद्देनजर केजरीवाल को अंतरिम ज़मानत या राहत दी जा सकती है। आखिर 10 मई को कोर्ट ने तीन सप्ताह के लिए केजरीवाल को अंतरित ज़मानत दे दी। उन्हें 2 जून को वापस जेल जाना होगा। शर्त यही लगाई कि वे मुख्यमंत्री के कार्यालय और मंत्रालय नहीं जाएंगे। ऐसी किसी फाइल पर दस्तखत भी नहीं करेंगे। यदि उसे लेफ्टिनेंट गवर्नर की सहमति के बिना नहीं किया जा सकता हो। साथ ही अपने मामले के संबंध में टिप्पणी नहीं करेंगे और किसी गवाह या दस्तावेज़ से संपर्क नहीं करेंगे। अंतरिम ज़मानत का आदेश अब सोशल मीडिया में चाय या पान की दूकान में खड़े निठल्ले मूढ़मतियों की तरह चटखारे ले लेकर सुप्रीम कोर्ट पर ही कटाक्ष करने का ट्रोल आर्मी और अंधभक्त टोली सहित कई कानूनदां और वकीलों के लिए जुगाली कर रहा है। इनमें से 90 प्रतिशत लोगों ने सुप्रीम कोर्ट का ऑर्डर पढ़ा नहीं होगा। पढ़ा भी होगा तो वे फौज़दारी कानून की चहारदीवारी से बाहर आकर संविधान की उपपत्तियों की उन बारीकियों को समझना नहीं चाहते जिन

पर 2024 से सुप्रीम कोर्ट ने भरोसा और विश्वास करते हुए एक अभिनव प्रयोगधर्मी संवैधानिक तर्कशास्त्र खड़ा कर दिया है। जस्टिस खन्ना और दीपांकर दत्ता के खिलाफ राजनीतिक रसूख, जानपहचान या अहसान करने की अफ्वाहें बुनी जा रही हैं। उनकी बुनियाद तो मूर्खताओं के रेत महल में है ही। बेचारे संविधान के साथ दिक्कत यही है कि एक ओर तो उसे नरेन्द्र मोदी और मूढ़मतियों का खेमा बदल डालना चाहता है। तो दूसरी ओर उनके समर्थन में अज्ञानियों का टिड्डी दल हर संवैधानिक खेत को चर लेना चाहता है। अखबारों में लेख ठुंसे आ रहे हैं उन लोगों के जिनके वकालती ज्ञान के संबंध में सीधा सीधा संदेह होना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट के केजरीवाल के फैसले के पहले 16 जनवरी 2024 को जस्टिस अनिरुद्ध बोस और बेला त्रिवेदी की बेंच के जरिए आंध्रप्रदेश हाई कोर्ट के उस आदेश को खारिज कर दिया जिसने टी. डी. पी. के चंद्रबाबू नायडू को ज़मानत मिलने पर भी राजनीतिक प्रक्रिया में शामिल होने से प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद 22 मार्च 2024 को जस्टिस बी.आर. गवई और संदीप मेहता की बेंच में षिवषंकर दास बनाम उड़ीसा राज्य के मामले में भी यही किया। हाई कोर्ट ने शिवशंकर दास पर किसी भी तरह की राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने से भी रोक लगा दी थी। चाहे वह प्रयत्य हो या अप्रत्यक्ष। जस्टिस गवई ने दो टूक कहा कि ऐसी षर्त सीधे सीधे मूल अधिकारों का उल्लंघन है और उसे कायम नहीं रखा जा सकता। ध्यान से देखें तो ये दोनों फैसले ऐसे राजनेताओं के पक्ष में दिए गए हैं जिन्हें राजनीति में सक्रिय होने के कारण किसी भी तरह की राजनीतिक प्रक्रिया और चुनावों से अलग नहीं रखा जा सकता और इसके बावजूद ज़मानत दी जा सकती है। इसके बाद ही केजरीवाल का मामला आया। पिछले दोनों मामलों पर जस्टिस खन्ना की बेंच ने सहमति दी क्योंकि वह सुप्रीम कोर्ट की समान जजों की बेंच की घोषित अवधारणा है। इसके पहले भी अंतरिम ज़मानत को लेकर दिलचस्प संवैधानिक स्थिति रही है।

ज़मानत का कानून दंड प्रक्रिया संहिता में है। वहां अंतरिम ज़मानत नाम का शब्द ही नहीं है। इसके बावजूद सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के कई फैसलों में अंतरिम ज़मानत देने के उल्लेख हैं। उनके अनुसार ऐसी स्थितियां हो सकती हैं। जब निचली अदालत की सज़ा पर कोई रोक भले नहीं लग पाए या स्थायी ज़मानत देने की स्थिति ही न हो या जहां स्थायी ज़मानत देने की संभावना भी नज़र नहीं आए। तब भी प्रकरण की परिस्थितियों को देखकर अंतरिम ज़मानत देने का अदालती कांसेप्ट खुद न्यायालयों ने गढ़ा है। अन्यथा दंड प्रक्रिया संहिता की गैर उपजाऊ भाषा भर पर भरोसा करने से संवैधानिक न्यायालयों की हैसियत की फसल कैसे उगाई जा सकती है? सुप्रीम कोर्ट ने इसके पहले 1978, 2000 (दो प्रकरण), 2016, 2011, 1980 और 1986 में भी इस तरह की रियायतें दी हैं।

सिद्धांत है कि ऐसी परिस्थिति में अंतरिम ज़मानत दी जाए जिसमें नहीं दिए जाने से अन्याय हो जाएगा। सुप्रीम कोर्ट में लगातार यह विचार पनप रहा है कि मौजूदा राजनीतिक ऊहापोह और कुश्तीबाज़ी के दौर में किसी राजनीतिक व्यक्ति को फंसाया जा सकता है। केजरीवाल के मामले में तो अभी अपराध की वैधता बहस तथा चार्ज के लगने के अभाव में तय ही नहीं हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केजरीवाल मुख्यमंत्री हैं। एक राष्ट्रीय पार्टी के बड़े नेता हैं। उनका कोई अपराधिक रिकार्ड नहीं है। वे समाज के लिए खतरा भी नहीं हैं। उन्हें यदि चुनाव प्रकिया से अलग रखा जाएगा तो पिछले 2 साल से ज़्यादा पुराने मामले में जहां चार्ज तक नहीं लगा है। वहां बंधक बनाए रखने में क्या चूक है। और अब केजरीवाल बाहर हैं। इसके बाद भी सरकार इसी माह लगातार तीन बार कोशिश कर चुकी है कि उनकी मिली ज़मानत खारिज की जाए क्योंकि वे राजनीतिक नस्ल के बयान दे रहे हैं। वे जेल में रहते हुए मुख्यमंत्री नहीं रह सकते। देश के गृह मंत्री अमित शाह ने तो यहां तक तंज कस दिया है कि केजरीवाल की ज़मानत साधारण ज़मानत नहीं है। वह विशेष आदेश की तरह मालूम होती है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत एवं विश्व इतिहास में प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं- 1293: जापान के कामाकुरा में आए भूकंप में 30 हजार लोगों की मौत। 1378: बहमनी सुल्तान दाऊद शाह की हत्या। 1421 दिल्ली के पहले सैयद शासक खिज़्र खान की मौत। 1498: वास्को डी गामा भारत के पश्चिमी समुद्री तट कोझिकोड (कालीकट), केरल पहुंचा। 1609: विलियम शेक्सपियर के सोनेट्स यानी कविताओं का पहला संग्रह प्रकाशित हुआ। 1784: पीस ऑफ पेरिस संधि के तहत नीदरलैंड ने भारत और इंडोनेशिया में अपने कब्जे वाली कुछ जगहें ब्रिटेन को दे दीं। 1873: सैन फ्रांसिस्को के बिजनेसमैन लेवी स्ट्रॉस और दर्जी जेकब डेविस को दुनिया की पहली जीन्स बनाने का पेटेंट दिया गया। 1900: प्रसिद्ध कवि सुमित्रानंदन पंत का जन्म हुआ। 1902: क्यूबा को अमेरिका से आजादी मिली। अमेरिका ने क्यूबा पर कब्जा कर लिया था। 1932: भारत में गरम दल के नेता और क्रांतिकारी विचारों के जनक विपिन चन्द्र पाल का निधन। विपिन आजादी के आंदोलन के दौरान मशहूर लाल, बाल, पाल तिकड़ी का हिस्सा थे। 1965: ब्रिटेन की पुलिस को हथियारबंद अपराधियों और खतरनाक व्यक्तियों के खिलाफ आंसू गैस की बंदूकें और गोले इस्तेमाल करने की इजाजत मिली।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

तुम्हारी लहरों का यूं खामोश हो जाना

तुम्हारी लहरों का यूं खामोश हो जाना मुझमे कहीं समंदर सा खलबलाना सारी कायनात एक पहेली बन जाती है तेरी ख़ामोशी क्या कुछ बदल जाती है ।। मन का ताप फिर चरम चढ़ उबलता है कुछ तो है जो कण्ठ तक आ चढ़ता है गर्द ओ गुबार से ये आँख भर जाती है ये ख़ामोशी शायद बादल वहां बनाती है ।। **प्रियंवदा अवस्थी**

शब ए फुरकत का मारा हूँ, गम से फुर्सत

शब ए फुरकत का मारा हूँ, गम से फुर्सत नहीं मिलती, हमारी हर किसी के साथ में तबियत नहीं मिलती, तकब्बुर हुस्न को गर है, हमें है इश्क ए गुमाँ, तअल्लुक न ही हम रखते तो ये तोहमत नहीं मिलती। **कुलदीप मिश्रा**

ख़ास पाती | रावण जब तक पॉवर में था

रावण जब तक पॉवर में था। तब तक वो कुछ नहीं कर पाया। जबकि वो कुछ भी करने में सक्षम था। लेकिन जब उसका अंत समय आया। तो उसे याद आया। कि उसे तो धरती से स्वर्ग तक सीढ़ी लगवानी चाहिये थी। कुछ यही हाल हमारे कांग्रेसी नेताओं का है। 1972 से गरीबी दूर करने का नारा लगाते रहे। पर कुछ किये नहीं । अब दस साल सत्ता से बाहर रहने पर। खटाखट गरीबी दूर करने की बात कर रहे हैं। काश 2014 से पहले खटाखट किये होते। तो यह दिन आज देखना नहीं पड़ता सित्ता राम सित्ता राम। **कुमार संतोष**

धरती की अलकों ने किया अमलतासी

धरती की अलकों ने किया अमलतासी श्रृंगार खिल खिल कर रहे गुलमोहर ऊर्जा का संचार आमों की मधुरम सुगंध कोयलिया करे पुकार जलविहीन सरिता रसीले फलों की आई बहार। **ज्योत्सना सक्सेना**

रंग-बिरंगे फूल हैं जब तक, रंग-बिरंगी

रंग-बिरंगे फूल हैं जब तक, रंग-बिरंगी फुलवारी है, जितने दिन चलनी हैं सांसें उतने दिन दुनियादारी है.. धरती, नदियां, पर्वत, अंबर जहां-जहां तक नैन गए हैं, सबकुछ अपना कर लेने के सपने नित-नित नए-नए हैं, छोटे-छोटे हांथ मिले हैं, छोटी-छोटी पगकारी है.. मेरी बात सुने जग सारा, तन को सारे सुख मिल जाते, इस ही में बीता सब जीवन, लड़ते, रोते, थकते, धाते, उम्र गई तो गुल्लक रीता, लगता था, कितना भारी है..। **निश्चय वाजपेई**

मुद्दा धर्म के नाम पर आरक्षण

मुद्दा धर्म के नाम पर आरक्षण का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह सहित तमाम भाजपा नेता अपनी सभाओं में स्पष्ट घोषणा कर रहे हैं कि वे संविधान सम्मत आरक्षण व्यवस्था के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि धर्म के नाम मुसलमानों को आरक्षण दिये जाने के खिलाफ हैं और ऐसा कभी नहीं होने देंगे. अब कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दलों के नेताओं को भी बताना चाहिए कि वे धर्म के नाम पर मुसलमानों को आरक्षण देने के पक्ष में हैं या उसके खिलाफ है ? अगर वे सत्ता में आते तो क्या धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण देंगे ? और यदि वे इसे स्पष्ट नहीं करते तो यही संदेश जाएगा कि कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दल मुसलमानों को धर्म के नाम पर आरक्षण देने के पक्षधर। **अनिल पाण्डेय**

दर्द नहीं है कल परसों का पीर

दर्द नहीं है कल परसों का पीर नहीं है नई नवेली जिस दिन से दुनियां जानी है,मैं मुस्काना भूल गई थी हाथों में खुशियाँ लेकिन,मैं इतराना भूल गई। पत्थर-पत्थर मोम बनाए अंधियारों में दीप जलाए। दर्द किया है सांझा-सांझा खुशियों में सबकी मुस्काए कितने ज़ख्म हुए इस दिल पर कितनी पीर है इसने झेली अपनी पीडाओं को दर्पण मैं दिखलाना भूल गई थी हाथों में खुशियाँ लेकिन मैं इतराना भूल गई। कितने टूटे फूल डाल से कितनी साखें सूख गई हैं। चलते-चलते सफ़र में कितनी मंजिल मुझसे छूट गई हैं। राहों के चुन-चुन कांटें मैं सबकी बनी सहेली पर फूलों से गुलशन अपना मैं महकाना भूल गई। थी हाथों में खुशियाँ लेकिन मैं इतराना भूल गई!! सूरज की हर एक किरण ने मुझको छुआ सबेरे रात चाँदनी में चन्दा ने मुझपर डाले डेरे जुगनु क्यों मैं जला के बैठी बनी रही ये पहेली मैं अपनी किस्मत में आस का दीप जलाना भूल गई थी हाथों में खुशियाँ लेकिन मैं इतराना भूल गई। **नीरू श्रीवास्तव**

प्रेरक प्रसंग

जीने का नजरिया बदल देगा

गौतम बुद्ध एक बार अपने शिष्यों को उपदेश दे रहे थे। उनके शिष्यों में एक ऐसा शिष्य भी था जो किसी से कोई बात नहीं किया करता था। शांति बैठ जाया करता था। कुछ शिष्यों ने गौतम बुद्ध से एकांत में रहने वाले इस शिष्य की शिकायत कर दी। यहां पढ़ें गौतम बुद्ध की खास सीख। गौतम बुद्ध अपने शिष्यों को अलग-अलग घटनाओं की मदद से भी उपदेश दिया करते थे। उनके शिष्यों में से एक शिष्य ऐसा भी था जो किसी से ज्यादा बोलता नहीं था। वह सिर्फ अपने काम पर ही ध्यान देता था। काम पूरा होने के बाद वह एकांत में चला जाता और ध्यान में बैठ जाया करता था। कुछ शिष्यों ने गौतम बुद्ध से एकांत में रहने वाले इस शिष्य की शिकायत कर दी। जब धीरे-धीरे उस शिष्य की बुराई ज्यादा होने लगी, तब बुद्ध ने सोचा कि उससे बात करनी चाहिए। एक दिन उस शिष्य से बुद्ध ने पूछा,'तुम अन्य शिष्यों से ऐसा व्यवहार क्यों करते हो? सभी शिष्य तुम्हारी शिकायत कर रहे हैं।' शिष्य ने ध्यान से महात्मा बुद्ध की बात सुनी, फिर क्षमा प्रार्थना के स्वर में उनसे बोला, 'तथागत, मैंने यह तय किया है कि जब तक आप यहां हैं, मैं आपसे एकांत और मौन का महत्व समझ लूं।

QUIZ TIME

1) हाल ही में किस टूर्नामेंट के दौरान भारतीय संकेत भाषा और ऑडियो कमेंट्री की सुविधा होगी?

2) दुनिया की ऐसी पहली निजी कंपनी का नाम बताएं, जिसने चांद की सतह पर सफलतापूर्वक मून लैंडर उतारा?

3) स्थापत्य नगरी किस शहर को कहा जाता है?

4) बादल वायुमंडल में कैसे तैरते है?

5) हाल ही में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली पांचवीं पहलवान कौन बनी है?

Ramaquiz

[illegible]

आज का पंचांग

सूर्योदय: 05:45, सूर्यास्त: 19:02, चन्द्रोदय: 16:18, चन्द्रास्त: 27:58, अयन उत्तरायण, ऋतु: ग्रीष्म, शक सम्वत: 1946 (क्रोधी) विक्रम सम्वत: 2081 (कालयुक्त) पिंगल, संवत्सर क्रोधी, वत्सर (उत्तर) कालयुक्त, युगाब्द (कलि संवत) 5126, मास वैशाख, पक्ष शुक्ल, तिथि त्रयोदशी, नक्षत्र चित्रा, योग-व्यतीपात, प्रथम करण बालव (15:58 तक) द्वितीय करण कौलव (28:52 तक)।

॥ गोचर ग्रहा:॥

सूर्य-वृष, चंद्र-तुला (16:30 से), मंगल-कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध-मेष (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु-वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र-वृष (अस्त, पूर्व, मार्गी), शनि-कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु-मीन, केतु-कन्या।

शुभ यात्रा दिशा: पश्चिम-दक्षिण (दर्पण देखकर अथवा खीर का सेवन कर यात्रा करें)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण: आज जन्मे शिशुओ का नाम चित्रा नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (पे, पो, रा, रि) नामाक्षर से रखना शास्त्र सम्मत है।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष: आज भी दिन आपके लिये कुछ खास नही रहेगा फिर भी बीते कल की अपेक्षा आज थोड़ी राहत मिलेगी। परन्तु जो बात बीत चुकी है।

वृष: आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहेगा। दिन का आरंभ आध्यात्मिक गतिविधियों में व्यस्तता से होगा लघु धार्मिक यात्रा होगी ।

मिथुन: आज के दिन आपके अंदर अहम की भावना रहेगी इस कारण कार्य क्षेत्र अथवा घर मे टकराव की स्थिति बनेगी।

कर्क: अपने आवश्यक कार्यो को लापरवाही छोड़ संध्या से पहले पूर्ण कर लें अन्यथा इसके बाद परिस्थिति बदलने पर केवल हानि ही हाथ लगेगी।

सिंह: आज के दिन आपकी आलसी प्रवृति प्रत्येक कार्य की गति मंद रखेगी।

कन्या: आज के दिन परिस्थितियां आपके अनुकूल बन रही है इसका लाभ उठाएं अन्यथा आज जैसी सुविधा कल नही मिल सकेगी।

तुला: आज का दिन भी आपके लिए प्रतिकूल फलदायी है प्रातः काल से ही मन किसी अरिष्ट की आशंका से व्याकुल रहेगा।

वृश्चिक: आज का दिन आपको नए अवसर प्रदान करेगा लेकिन महत्त्वपूर्ण निर्णय लेने से पहले अनुभवियों की सलाह अवश्य लें काम-धंधा आज मंदा रहेगा।

धनु: आज का दिन आपकी कल्पना को साकार रूप देने में सहायक रहेगा। प्रातः काल मन में किसी कार्य को लेकर दुविधा रहेगी।

मकर: आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। कार्य व्यवसाय के साथ ही अधूरे घरेलू कार्य भी करने पड़ेंगे ।

कुंभ: आज के दिन आपको कुछ ना कुछ परेशानी में डालेगा। सभी कार्यो की योजना पूर्व में बना लेंगे फिर भी अन्य लोगो के कारण असुविधा होगी।

मीन: आज के दिन आपकी सोची हुई योजनाए पूर्ण होने से उत्साह से भरे रहेंगे। कार्य व्यवसाय एवं पारिवारिक वातावरण दोनो ही आपके अनुकूल रहेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

ऊपर से नीचे

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 051 का हल

स्मृ	ति	■	पा	व	क	■	बे	ल
■	र	ज	नी	च	र	■	■	टट्टू
मु	स्का	न	■	न	म	की	न	■
सा	र	■	स	■	■	ट	ख	ना
फि	■	अ	जा	य	ब	■	रा	जा
र	च	ना	■	था	ल	■	■	य
■	■	धि	■	र्थ	■	स	मा	ज
उ	प	कृ	त	■	आ	वा	ज	■
ल्लू	■	त	■	■	ब	ल	रा	म

न्यूज गैलरी

विवाद, पति ने लगाई फांसी

भिलाई। सुपेला थाना क्षेत्र में एक युवक ने सोमवार दोपहर अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा है कि पत्नी के साथ उसका अक्सर विवाद होते रहता था। इसी बात को लेकर उसने आत्महत्या कर ली। जानकारी के मुताबिक, सुपेला लक्ष्मी मार्केट निवास अजय ठाकुर (37) प्लाईवुड का काम करता है। घर में वो पत्नी, बच्चा और मां के साथ रहता था। मां बिहार अपने गांव गई हुई है। रविवार रात में पति-पत्नी के बीच फिर किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। इसके बाद पत्नी ने डायल-112 में फोन कर दिया था। पुलिस रात में आई और जब पता चला की मामला पति-पत्नी के बीच विवाद का है, तो उन दोनों को समझाया और पुलिस चली गई। सोमवार सुबह फिर से दोनों आपस में विवाद करने लगे। इससे नाराज होकर अजय अपने कमरे में चला गया और दरवाजा बंद कर लिया। जब काफी देर तक वो बाहर नहीं आया, तो पत्नी ने दरवाजा खुलवाया। जब अंदर से कोई आवाज नहीं आई, तो पत्नी ने मदद की गुहार लगाई। आसपास पड़ोस के लोग पहुंचे और खिड़की से झांककर देखा तो अजय पंखे से रस्सी के सहारे फंदा बनाकर लटका हुआ था।

हथियार समेत बदमाश गिरफ्तार

भिलाई। धारदार हथियार लेकर गुण्डागर्दी करने वाला बदमाश को सुपेला थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी ने दबंगई दिखाते हुए धारदार चाकू से हमला किया था। आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 324, 34 भादवि, 25, 27 आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई है। प्रार्थी रोहन कुमार निवासी गौतम नगर सुपेला द्वारा दिनांक 16.05.2024 की रात्रि लक्ष्मी मार्केट स्थित दुकान से वापस आ रहा था उसी दौरान नशा उर्फ चिंटू आया और बिना कारण गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ में रखे धारदार वस्तु से हाथ, कोहनी, गाल, गर्दन में मारा और वहां से भाग गया। प्रार्थी मौके पर लहु लुहान हो गया तथा थाना सुपेला उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया। सुपेला पुलिस द्वारा आरोपी नशा उर्फचिंटू पता तलाश किया जा रहा था। इसी दौरान मुखबीर द्वारा सूचना मिला की नशा उर्फ चिंटू लक्ष्मी मार्केट में घुम रहा है। सूचना मिलते ही सुपेला पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच कर आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार करते हुए घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू पुलिस को जप्त कराया। आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, 2 शातिर चोरों से 8 लाख के 3 ऑटो बरामद

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। पुलिस ने ऑटो चोरी करने वाले अंतर जिला वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करने में सफलता पाई है। पुलिस ने गिरोह के 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 8 लाख रुपए कीमत के तीन ऑटो जब्त किया है। दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। यह कार्रवाई एंटी क्राइम और साइबर यूनिट दुर्ग और थाना उतई ने मिलकर की है। मामले का खुलासा करते हुए एएसपी सिटी सुखनंदन राठौर ने बताया कि 3 मई 2024 को नयापारा खोपली रोड उतई निवासी विकास कुमार साहू (24 साल) ने मामले की शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि उसका एप्पे आटो सीजी 07 बीडब्ल्यू 2432 को कोई गायत्री मंदिर के पास रोहित आटो पार्टर्स दुकान के सामने से चोरी कर ले गया है। उनसे बताया कि आटो की चोरी शाम 4.30 बजे से 7.30 बजे के बीच हुई है। इसके बाद उतई पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पाटन एसडीओपी के मार्गदर्शन में एंटी क्राइम साइबर यूनिट प्रभारी निरीक्षक कपिल देव पाण्डेय और थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष शर्मा मामले की जांच शुरू की। उनके द्वारा

त्रिनयन एप की सहायता से घटना स्थल के आसपास रास्तों में लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया गया। इसी दौरान घटना स्थल के आसपास दो व्यक्ति संदिग्ध रूप से दिखाई दिए। इसके बाद उन दोनों की पहचान और पतासाजी की गई। इसमें पता चला कि दोनों में एक व्यक्ति भागी बंजारे निवासी घिरघोल थाना पलारी जिला बलौदा बाजार है। वहां छापेमारी करने पर बिजेन्द्र बंजारे तो पुलिस के हाथ लगा लेकिन भागी बंजारे फरार हो गया। पुलिस ने जब बिजेन्द्र बंजारे से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने 3 मई को अपने चाचा भागी बंजारे के साथ उतई बाजार जिला दुर्ग में आकर रोड के किनारे खड़ी एक नीले रंग की एप्पे आटो को रस्सी से चालू कर चोरी किया और उसेक बाद उसे लेकर अपने गांव घिरघोल आ गए। पूछताछ में बिजेंद्र ने बताया कि उसका चाचा ऑटो चोरी करने का काम करता है। इससे पहले भी वो रायपुर से एक आटो चोरी किया था और उसे अपने घर के पास छिपाकर खड़ा किया है। इससे पहले उसने एक अन्य नीला रंग का ऑटो बिलासपुर से चोरी की थी। इसके बाद उसके चेचिस नंबर को सुनील भारती बीरगांव रायपुर से पंचिंग कर बदलवाया था। इसके बाद उस आटो को ग्राम गोढ़ही मंदिर हसौद रायपुर में बेंच दिया था। पुलिस ने बिजेंद्र की बताए मुताबिक सुनील भारती को पकड़ने खमतराई रायपुर पहुंची। जब सुनील को पकड़कर पूछताछ की तो उसने चोरी के ऑटो का चेचिस बदलना स्वीकार किया। इसके बाद अलग-अलग जिलों से चोरी किए 3 ऑटो को जब्त किया।

महापौर धीरज ने अधिकारियों के साथ किया औचक निरीक्षण

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वर्षा ऋतु के पूर्व शहर के सभी बड़ी छोटी नालियों व नालों की साफ सफाई हेतु समुचित व्यवस्था किये जाने को लेकर आज महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा स्वास्थ्य प्रभारी हमीद खोखर, संजय कोहले, मनदीप सिंह भाटिया एवं स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के साथ गुरुद्वारा स्थित स्टेशन रोड नाला में चैन माउंटेन मशीन से नाले के अंदर तल तक हो रहे सफाई कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि वर्षाऋतु के पूर्व शहर के सभी बड़ी नालियों व नालों की सफाई की जाये। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों बाद वर्षा ऋतु शुरू हो जाएगी। शहर में जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो।आपको बता दे कि इस वर्ष नगर निगम द्वारा क्रय किए गए मिनी चैन माउंटेन मशीन द्वारा नालों की सफाई

कार्य जारी है। निगम द्वारा पूर्व वर्षो से ठेके के माध्यम से नाला सफाई का कार्य कराया जाता था। अब नगर निगम द्वारा खुद की तीन माउंटेन मशीन से बेहतर सफाई कार्य किए जाने से इस सफाई कार्य अभियान को करने में काफी सफलता प्राप्त हो रही है। निगम द्वारा वर्षा ऋतु से पूर्व बड़ी नालियों व नालों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जा रही है। महापौर ने कहा कि निगम द्वारा सफाई को लेकर हर संभव प्रयास किया जाता रहा है। लोगों को भी अपनी स्वच्छता की आदतों को बेहतर बनाते हुए नालियों में कचरा डालने की आदत को सुधारना होगा तभी हमारा शहर स्वच्छता के रूप में एक माडल बन पाएगा। निरीक्षण के दौरान महापौर ने निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी समय वर्षा ऋतु के पहले शहर के सभी बड़ी नालियों और सड़कों की साफ-सफाई करना आवश्यक है। बड़े नालों का गहरीकरण किया जाए ताकि बारिश के पानी की निकासी हो सके। जगह-जगह जल भराव की स्थिति उत्पन्न होने से नगरवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके लिए वर्षा ऋतु से पूर्व बड़ी नालियों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करें। उन्होंने नागरिको से अपील कर कहा कि गीला कचरे को हरे डिब्बे में और सूखे कचरे को नीले डिब्बे में डालें। शहर के गंदे एवम बारिश की पानी की निकासी हेतु नालियों की सफाई जरूरी है। बारिश अधिक होने से घरों में पानी घुसता है। अत्यधिक बारिश होने की स्थिति में पानी का बहाव सही ढंग से नहीं हो पाता। ऐसे में पानी सीधे घरों और सड़को में भरने लगता है। नाला निरीक्षण के दौरान महापौर को जानकारी में स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली ने बताया कि नालों की सफाई लगातार निगम द्वारा गैंग लगाकर किया जा रहा है ताकि जनता को जलभराव का सामना ना करना पड़े। निगम द्वारा बरसात से पूर्व नाला एवं नालियों की सफाई विगत एक सप्ताह पहले चालू किया जा चुका है।निगम के सफाई टीम लगातार नाला सफाई का काम कर रही है।

वाहन ने बाइक सवार को मारी ठोकर, मौत

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिले के कुम्हारी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक अज्ञात वाहन ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक में सवार जीजा साले बुरी तरह घायल हो गए। इसमें साले शीतल यादव की मौत हो गई है। वहीं जीजा मानिकचंद यादव की हालत गंभीर बताई जा रही है। कुम्हारी पुलिस मामले की जांच में जुटी है। कुम्हारी पुलिस के मुताबिक घटना रविवार रात कांजीहाउस के पास की है। मृतक की पहचान शीतल यादव निवासी मंदिर हसौद ग्राम खुटेरी के रूप में हुई है। उसका कोई रिश्तेदार बीमार था। उसे देखने के लिए शीतल यादव बाइक में अपने जीजा मानिकचंद यादव के साथ भिलाई आ रहा था। जैसे ही वो कांजीहाउस के पास पहुंचा कोई अज्ञात वाहन उन्हें टक्कर मारकर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस की 112 की टीम मौके पर पहुंची। उन लोगों दोनों को गंभीर हालत में कुम्हारी शासकीय अस्पताल पहुंचाया। वहां शीतल यादव को मृत घोषित कर दिया गया। साथ ही मानिकचंद यादव को रायपुर रेफर किया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए सुपेला अस्पताल भेजा है। लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला स्थित मरचुरी में शव का पोस्टमार्टम किया गया।

मानदेय का भुगतान

दुर्ग/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन संपन्न होने के उपरांत कुल 1509 मतदान केन्द्रों में मतदान दल के कुल 6036 अधिकारियो-कर्मचारियों पीठासीन अधिकारी को 1200 रूपए के दर से एवं मतदान अधिकारी 1, 2 एवं 3 को 900 रूपए के दर से) को मानदेय की कुल राशि 58 लाख 85 हजार 100 का भुगतान उनके बैंक खातें में किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बीके दुबे से प्राप्त जानकारी अनुसार कुल 6036 को भुगतान किया गया।

टाउनशिप में अब एक वक्त मिलेगा पानी

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के नगर सेवा विभाग के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी अनुभाग द्वारा इस्पात नगरी भिलाई की टाउनशिप में दो टाइम पानी की आपूर्ति सुबह और शाम की जा रही थी।

संयंत्र के मरोदा जलाशय-2 में पर्याप्त मात्रा में पानी का भंडार उपलब्ध नहीं होने के कारण कल दिनांक 21 मई 2024 से एक वक्त ही पानी की आपूर्ति की जाएगी। वर्तमान में भिलाई इस्पात संयंत्र के मरोदा जलाशय-2 में उपयुक्त मात्रा में पानी भंडारण नहीं है। पानी भंडारण के कमी के कारण भिलाई टाउनशिप में एक टाइम ही पेयजल प्रदान करना संभव हो पाएगा।

अतः कल दिनांक 21 मई 2024 से भिलाई टाउनशिप में सुबह के समय ही पेयजल आपूर्ति की जाएगी। अब शाम के समय पानी की आपूर्ति नहीं की जाएगी अर्थात दिन में एक बार ही भिलाई टाउनशिप में पानी प्रदान किया जाएगा। भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अंतर्गत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी अनुभाग ने टाउनशिप के निवासियों से सहयोग की अपील की है।

28,500 बच्चे देंगे विवि की सेमेस्टर परीक्षा

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाएं 46 परीक्षा केन्द्रों पर आज आरंभ हो गई। प्रातः 9 से 12 बजे तक आयोजित होने वाली इस परीक्षा में लगभग 28 हजार पांच सौ विद्यार्थी शामिल हो रहे है। यह जानकारी देते हुए विष्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने बताया कि आज सेमेस्टर परीक्षा के प्रथम दो दिनों में एक भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुआ। उन्होने बताया कि सेमेस्टर परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं का केन्द्रीय मूल्यांकन 22 मई से आरंभ होकर सेमेस्टर परीक्षाओं की समाप्ति तक चलेगा। इस संबंध में विवि के अधिकारियों को उत्तरपुस्तिका का केन्द्रीय मूल्यांकन करवाने संबंधी आदेष प्रसारित किया गया। कुलसचिव के अनुसार विवि में स्थानाभाव के कारण केन्द्रीय मूल्यांकन के प्रथम चरण मे बीएड तथा एमएड की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन आरंभ होगा। इसके लिए प्रथम एवं द्वितीय चरण को मिलाकर लगभग 80 योग्य प्राध्यापकों को मूल्यांकन हेतु आमंत्रित किया गया है। द्वितीय चरण में और प्राध्यापकों को मूल्यांकन हेतु आमंत्रित किया जायेगा। कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा ने परीक्षा विभाग के समस्त अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देषित किया कि बीएड तथा एमएड के सभी परीक्षा परिणाम 10 जून तक अवष्य घोषित हो जाये।

पौधरोपण हेतु परिचर्चा का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग एवं छग राज्य वन विकास निगम पानाबरस परियोजना मंडल, राजनांदगांव द्वारा संयुक्त रूप से नंदिनी लाईम स्टोन खदान में 20,000 पौधे के रोपण हेतु 15 मई 2024 को होटल इम्पिरियन चौहान टाउन में वृक्षारोपण पर परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक रावघाट समीर स्वरूप तथा कार्यपालक निदेशक माइंस बीके गिरी, पानाबरस परियोजना मंडल, राजनांदगांव के डिवीजनल मैनेजर होमलाल साहू, डिप्टी डिवीजनल मैनेजर विरेन्द्र कुमार पटेल, परियोजना रेंज अधिकारी (औद्योगिक वृक्षारोपण रेंज, भिलाई) ऋषिन शर्मा, सहायक परियोजना रेंज अधिकारी (औद्योगिक वृक्षारोपण रेंज, भिलाई) गोपाल राजपूत सहित फील्डमैन वैशाली मानस, औद्योगिक वृक्षारोपण रेंज, भिलाई के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

ब्लास्ट फर्नेस विभाग के कर्मचारी पाली व कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस विभाग में 16 मई 2024 को पाली एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 'जनवरी से मार्च' 2024 तिमाही के लिए प्रबन्धक श्री मयंक वर्मा को पाली षिरोमणि पुरस्कार तथा मार्च 2024 के लिए श्री सुनाराम टुडु एवं राजकुमार त्यागी एवं अप्रैल 2024 के लिए श्री बिसर्जन पटेल व श्री मुन्नाराम ध्रुव को कर्म षिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कृत कार्मिकों को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह एवं उनके जीवन साथी के लिए एक प्रशंसा पत्र भी प्रदान किया गया।

इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) श्री सौम्य तोकदार ने विषम परिस्थितियों में सभी सुरक्षा मानकों का पालन करने हुए विभाग में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्षन करने के लिए सभी पुरस्कृत कार्मिकों को बधाई दी एवं भविष्य में भी इसी प्रकार कार्य करने तथा अपने सहकर्मियों को भी प्रोत्साहित करने का आव्हान किया।

आम-सूचना

अस्पताल वार्ड न. 29 पचरी पारा दुर्ग स्थित भूमि मकान नजुल शीट नं. 45 सी, भूखण्ड क्रमाक 111 एरिया 96 वर्ग मीटर, स्व. गुहाराम ,स्व. कार्तिक राम, स्व. टेटकूराम, एवं स्व. हेमूलाल आ. स्व. मतवारी ठेठवार के नाम पर है जिसमें से एक दुकान 9म15 फुट को किरायेदार आनन्द केमे ने स्व. कार्तिक राम के पुत्र स्व. संतोष यादव से भाडे पर लेकर भारत ब्रास बैण्ड के नाम से दुकान चला रहा है। जिसे अपने भाई चरण केमे आ. कामता केमे के साथ मिलकर गलत ढंग से अपना अबादी जमीन बताकर विक्रय करना चाहते है। उक्त दुकान विवादित है न्यायालया मे प्रकरण लबित है , अत: कोई व्यक्ति उक्त दुकान की खरीदी न करे अन्यथा जवाब- दारी उनकी स्वत: की होगी।

स्थान-दुर्ग

दिनाक 20/05/2024

भवदीय
गिरधर लाल यादव
(अधिवक्ता) पचरी पारा
दुर्ग (छ.ग.)
मो.- 9893170055

उपपुलिस अधीक्षक पर लगा 25 हजार का अर्थदंड

■ सूचना के अधिकार के तहत आवेदक को जानकारी उपलब्ध नहीं करना पड़ा महंगा, तत्कालीन जन सूचना अधिकारी थे दिलीप चंद्राकर

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छग राज्य सूचना आयुक्त मनोज त्रिवेदी ने शिकायतकर्ता महेंद्र साहू दुर्ग द्वारा प्रस्तुत शिकायत प्रकरण क्रमांक सी/318/2020 में विचारण उपरांत आवेदक को जानकारी प्रदान नहीं करने का दोषी पाते हुए तत्कालीन जनसूचना अधिकारी सह डीएसपी दिलीप चंद्राकर पर आरटीआई एक्ट 2005 की धारा 20 के तहत 25000/- का अर्थदंड निरूपित किया है तथा पुलिस अधीक्षक दुर्ग को उनसे वसूली कर राशि शासकीय कोष में जमा कराया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। शिकायतकर्ता महेंद्र साहू को आयोग के उक्त आदेश की कॉपी हालहि में प्राप्त हुई है। शिकायत कर्ता महेंद्र साहू दुर्ग ने 11 सितंबर 2019 को उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय (इन्वेस्टिगेशन यूनिट क्राईम अगेंस्ट वूमेन भिलाई) के जनसूचना अधिकारी से उन्हीं के कार्यालय से दिनांक 30 अगस्त 2018 को जारी पत्र क्रमांक 07 के संबंध में 6 बिंदुओं में जानकारी चाही थी, किन्तु आवेदक को जानकारी उपलब्ध नहीं कराई। आवेदक के स्मरण पत्रों के बावजूद भी उसे जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई, जिससे क्षुब्ध आवेदक ने 20 जनवरी 2020 को आयोग के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की थी। आयोग से तत्कालीन जनसूचना अधिकारी व उपपुलिस अधीक्षक रहे दिलीप चंद्राकर को अनेकों बार तलब किया गया। वे ना तो आयोग के समक्ष उपस्थित हुए और ना ही कोई सफाई प्रस्तुत की। उक्त प्रकरण में मूल आवेदन दिनांक 11 सितम्बर 2019 को जनसूचना अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए जाने के उपरांत प्रकरण 4 वर्ष से अधिक समय तक लंबित रहा है। इसके पश्चात छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयुक्त मनोज त्रिवेदी ने 25 हजार के जुर्माने का दंडादेश पारित किया है। यह जानकारी इंदरचंद सोनी सामाजिक कार्यकर्ता एवं आरटीई एक्टिविस्ट ने दी है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202404100400252/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका संघमित्रा डोंगरे आ./पति के.व्ही. डोंगरे निवासी बोरसी द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 41/75 रकबा 0.011 हें/ 1200 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202405100400146/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका प्रशांत कुमार श्रीवास्तव आ./पति अरविंद लाल श्रीवास्तव निवासी बिम्लेश्वरी कालोनी बोरसी द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 53 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 542/77 रकबा 0.0096 हें/ 1028.30 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202405100400152/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका हर्ष विनय सिन्हा आ./पति चन्द्रभान सिंह सिन्हा निवासी विवेकानंद नगर बोरसी द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 53 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 542/76 रकबा 0.0094 हें/ 1020.80 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-74/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक स्वरुपचंद जैन पिता स्व. प्रतापचंद जैन निवासी ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 141/38 रकबा 0.0260 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लिकेट ऋणपुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.05.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.05.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202405100400153/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका हर्ष विनय सिन्हा आ./पति चन्द्रभान सिंह सिन्हा निवासी विवेकानंद नगर बोरसी द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 53 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 542/75 रकबा 0.0095 हें/ 1020.80 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती शालू साहू | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202405100400162/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती शालू साहू पति श्री यतीश कुमार साहू निवासी केलाबाड़ी तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम बोरसी प.ह.न. 23 तह. व जिला दुर्ग	241/95	0.024 हें 2557 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री छत्रधारी अग्रवाल | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202405100400161/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री छत्रधारी अग्रवाल आ. श्री दौलत अग्रवाल निवासी मरोदा सेक्टर भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम पुरई प.ह.न. 54 तह. व जिला दुर्ग	1011/13	0.020 हें 2262 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 202404100900015/ /अ-6अ/वर्ष 2023-24

एदत द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम ठाकुराईनटोला प.ह.नं. 34 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक मोहन लाल पिता जोहतूराम अन्य 01 निवासी ठाकुराईनटोला द्वारा ग्राम ठाकुराईनटोला प.ह.नं. 34 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 333/2 रकबा 0.11 हे. भूमि बेनीराम के नाम पर दर्ज हो गया है तथा बेनीराम आ. रामूराम के नाम हक स्वामित्व की भूमि खसरा नंबर 333/1 रकबा 0.11 हे. भूमि मोहन लाल के नाम पर दर्ज हो गया है जिसे सुधार कर खसरा एवं नक्शा सुधार किए जाने बाबत आवेदन धार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक मोहन लाल पिता जोहतूराम अन्य 01 निवासी ठाकुराईनटोला द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर रिकार्ड दुरूस्ती किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण मे सुनवाई तिथि 10.06.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.05.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-74/वर्ष 2023-24

पक्षकार निमेश झा पिता सर्वेश कुमार झा निवासी ग्राम अमलीडीह तह.पाटन जिला दुर्ग

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं द्वारा ग्राम अमलीडीह प0ह0न0 08 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है आवेदक निमेश झा पिता सर्वेश कुमार झा निवासी ग्राम अमलीडीह तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा ग्राम अमलीडीह प0ह0न0 8 रा.नि.मं. अमलेश्वर तह0 पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.न. 683/3 रकबा 0.16हे. उक्त भूमि पर का मूल ऋण पुस्तिका प्राप्त नही होने के कारण आवेदक को काफी कठिनाईयो का सामना करना पड रहा है । उक्त भूमि का द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदान करने हेतु आवेदन पेश किया गया के आधार पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण मे सुनवाई तिथि ......2024 तक इस न्यायालय मे प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक ....2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी।

मुहर
नायब तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार अण्डा सर्कल दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202405100400092/

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेश कुमार पिता बाबूराव उम्र निवासी ग्राम चिंगरी प.ह.न 31 रा.नि.म अण्डा स्थित भूमि खसरा नंबर 660/2 रकबा 0.020 हैं जिसे आवेदक ने कय कर भूमि का नामांतरण कराकर ऋणपुस्तिका प्राप्त कर काबिज है किंतु उक्त भूमि राजस्व अभिलेख एवं ऑनलाईन में विक्रेता बानूराम पिता माखनलाल के नाम पर प्रदर्शित हो रहा है जो कि त्रुटिपूर्ण है का लेख करते हुए उक्त भूमि पर अपना नाम दर्ज कर रिकार्ड अघतन किये जाने हेतु आवेदन अ.वि.अ महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो कि जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 31/05/2024 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/05/2024 को यह उद्धोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार जामगांव (आर) के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202405101700002

विषय: अ-74 सन्- 2023-24

मामले की श्रेणी-राजस्व

भनसुली प.ह.न. 00047 (हे.)

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार- परसुराम साहू, अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम भनसूती आर प.ह.नं. 47 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक परसुराम् साहू पिता स्व. टीकाराम साहू निवासी ग्राम भनसूली आर द्वारा ग्राम भनसूती आर प.ह.नं. 47 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित आवेदक के नाम पर दर्ज भूमि खसरा नं (रकबा) 822 (0.1600 है.), 845(0.1200है.), 717 (0.1308) है.), 721 (0.2700 है.), 820 (0.2300 है.), 847/2 (0.0800 है.),11202(0.1200 है.), 1153/2 (0.4100 है.), 1227/1(0.3000 है.) का प्राप्त ऋण पुस्तिका संलग्न बी-1 में क्रमांक 931050 गुम हो जाने से द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन आधार पर न्यायालय में प्रकरण विचारधीन है। अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई हेतु नियत तिथि 20.05.2024 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/05/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
जामगांव आर तह. पाटन (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मैं ASTHA (ASTHA PANSE) G/o shri D.P. Deshpande निवासी दुर्ग का नाम बदलकर ASTHA JAIN F/O SHRI P A N K A J KUMAR JAIN M/o SMT. SHIV-ANI JAIN हैं। अतः अब से मुझे शासकीय, समस्त अर्द्धशासकीय, अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम ASTHA JAIN के नाम से जाना जावे।

शपथकर्ता
ASTHA JAIN
DURG

■ न्यूज गैलरी

जिपं सदस्य रामू नेताम ने 5 स्कूलों के उन्नयन की जिला प्रशासन से की मांग

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिला पंचायत सदस्य और बीजेपी मंडल महामंत्री रामू नेताम ने सोमवार 20 मई को कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी से मुलाकात कर उन्हें दंतेवाड़ा के दो माध्यमिक स्कूलों को हाईस्कूल में एवं तीन हाई स्कूलों को हायर सेकेंडी स्कूलों में उन्यनयन करने की मांग का ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि स्कूलों के उन्नयन की अति आवश्यकता है ,क्योंकि क्षेत्र में विद्यार्थियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है,और उच्च कक्षा में अध्ययन के लिए छात्रों को मुख्यालय दंतेवाड़ा अथवा बचेली जाना पड़ता है ।

जिन स्कूलों की रामू नेताम ने उन्नयन की मांग की है, उनमें शासकीय आदर्श अंग्रेजी माध्यम माध्यिमक शाला बचेली को हाई स्कूल में उन्यनयन, माध्यमिक शाला दुगेली को हाई स्कूल में उन्यनयन, हाई स्कूल बालपेट को हायर सेकंड्री, हाई स्कूल आंवराभाटा को हायर सेकंड्री और पोटा केबिन हाई स्कूल मेंडोली का हायर सेकंडरी आदि शामिल हैं। ये पूरे स्कूल विकास खंड दंतेवाड़ा में आते हैं। रामू नेताम ने कहा कि यदि इन स्कूलों का उन्नयन कर दिया जाएगा तो अध्यनरत छात्र-छात्राओं को शिक्षा लेने में आसानी होगी।

समर कैंप की गतिविधियां बच्चों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक : कलेक्टर

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग और बच्चों मे निहित कौशल व प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से प्रारंभ हुए समर कैंप के समापन दिवस पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी और जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन ने सोमवार 20 मई को आस्था विद्या मंदिर जावंगा पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए इसे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए लाभदायक बताया। समापन समारोह में एसडीएम जयंत नाहटा, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती अहिल्या ठाकुर मिशन समन्वयक एस एल सोरी,खंड शिक्षा अधिकारी शेख रफीक,ए पी सी राजेंद्र पांडे,श्री कोवासी, कमल कर्मकार,आस्था प्राचार्य गोपाल पांडे,सहायक खंड शिक्षा अधिकारी सुश्री भवानी पुनेम, खंड श्रोत समन्वयक जितेंद्र चौहान मौजूद थे। गौरतलब है कि इस समर कैंप में जिले के 5 पीएम श्री स्कूल के छात्र व छात्राएं शामिल हुए। सात दिनों में घुड़सवारी, पेंटिंग, रंगोली, मूर्तिकला, संगीत, वादन, लोक नृत्य,पाककला, सिलाई,योगा, कराटे एवंअन्य कई विधाओं से मास्टर ट्रेनर के द्वारा पारंगत किया गया। इस समर कैम्प मे लगभग 150 बच्चों ने 7, दिन रहकर आवासीय समर कैम्प का लाभ लिया। समापन समारोह में बच्चों के द्वारा इन सात दिनों में सीखे हुए हुनर को प्रस्तुत किया गया जिसमें गीत, नाटक, नृत्य एवं वादन मुख्य रहे ।

निधन

विष्णु प्रसाद साहू

राजिम/नवप्रदेश। रायपुर कोटा कॉलोनी निवासी विष्णु प्रसाद साहू (झंकार साहब रायपुरी) का 16 मई गुरुवार को निधन हो गया। वे राज बाबू साहू, शिवसेना नेता सूरज साहू के पिता थे।

हाईकोर्ट ने काम्प्लेक्स नीलामी प्रक्रिया को बताया सही

■ 14 दुकानदारों के पक्ष में आया फैसला

नवागढ़/नवप्रदेश। नगर पंचायत नवागढ़ अंतर्गत गुरुद्वारा में सामने पुरानी हटरी स्थित दीनदयाल कॉम्प्लेक्स के 14 दुकानों की नीलामी को नगर पंचायत द्वारा निरस्त किए जाने के मामले पर हाईकोर्ट ने 12 दुकानदारों के पक्ष में फैसला सुनाते हुए संपूर्ण नीलामी की प्रक्रिया को सही ठहराया और तत्कालीन सीएमओ नवागढ़ द्वारा जारी नीलामी को निरस्त करने के आदेश को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट के फैसले के बाद अब उन 12 दुकानदारों ने राहत की सांस ली है जो दुकान की बोली लगाकर खरीदने के बावजूद सालों से अधर पर लटके हुए थे।

गौरतलब है कि नवागढ़ नगर पंचायत ने वर्ष 2008 में दुकान बनाने के नाम पर लोगों से 44-44 हजार रुपए लिए थे, परंतु वर्ष 2018 तक कुछ नहीं हुआ और वर्ष 2018 में कलेक्टर बेमेतरा से अनुमति लेकर नियमानुसार दुकानों का निर्माण व आबंटन किया गया, परंतु मूल्य में वृद्धि हो जाने के कारण 32 में से केवल 14 दुकानों का ही प्रस्ताव द्वारा आमबोली के बीच आवंटित हो पाई थी।

सत्ता बदलने पर हुई थी जांच :

फिर सत्ता शासन के बदलने पर पुनः जांच कर रिपोर्ट कलेक्टर को दी गई। कलेक्टर बेमेतरा ने आदेश देते हुए दुकान आवंटन के प्रस्ताव को स्थगित कर दिया और तत्कलीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगर पंचायत नवागढ़ देवांगन ने 26 जुलाई 19 को आवंटन को शून्य बताते हुए नीलामी निरस्त करते हुए 7 दिन में दुकान खाली करने का आदेश दुकानदारों को दिया।

सीएमओ के आदेश के खिलाफ कोर्ट में लगाई गुहारः सीएमओ के दुकान नीलामी आदेश के विरुद्ध न्यायालय का शरण लेते हुए दुकानदार चंद्रहास पांडेय एवम 11 अन्य ने अधिवक्ता प्रतीक शर्मा के माध्यम से उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका दायर की थी। करीबन 5 से ज्यादा चले मामले की अंतिम सुनवाई 9 मई को हुई और उच्च न्यायालय के जज राकेश पांडेय ने अन्य आधारों के अलावा नगर पालिका अधिनियम की धारा 323 के विरुद्ध आदेश पारित किए जाने के कारण कलेक्टर एवं तत्कालीन सीएमओ देवांगन के दुकान नीलामी निरस्तीकरण के आदेश को निरस्त करते हुए याचिकाकर्ताओं के पक्ष में फैसला सुनाया और आबंटन को सही ठहराया।

न्याय की हुई जीतः दुकानदार चंद्रहास पाण्डेय,अरुण बरनवाल,मनोज सोनी,डायमंड ठाकुर,नारायण निषाद,दिनेश मिश्रा आदि ने कहा कि कोर्ट ने दुकानदारों को सही न्याय दिया है। जबकि नीलामी पूरी प्रक्रिया जांच में भी सही थी,फिर भी कुछ लोगो द्वारा हम दुकानदारों को परेशान करने के उद्देश्य से दबाव डालकर जबरदस्ती तत्कालीन कलेक्टर से प्रस्ताव निलंबन एवं बिना किसी निर्णय के सीएमओ ने नोटिस जारी किया था।

44-44 हजार देने वालों का क्या होगाः 44 हजार जमा करने वाले अश्वनी कुमार ने कहा कि 14 दुकानों के प्रक्रिया पूर्ण हुए आवंटन को तत्कलीन सीएमओ द्वारा बेवजह निरस्त करके आगे दुकान नीलामी की प्रक्रिया लटका दिया गया। जिससे 14 दुकानदारों के साथ-साथ शेष लोग को दुकान की आस में सालों अधर में रहे। अब कोर्ट ने 14 दुकानदारों के पक्ष में फैसला भी दे दिया, उन्हें उनकी दुकान भी मिल गयी। लेकिन 2008 में 44-44 हजार जमा करने वाले शेष व्यापारियों का क्या होगा नगर पंचायत जल्द स्पष्ट करें।

कोर्ट ने किया न्याय

मेरे कार्यकाल में दुकान आवंटन की प्रक्रिया परिषद के प्रस्ताव के अनुसार विधिवत हुई थी तथा शेष दुकानों के लिए टेंडर भी लग चुका था, परन्तु कुछ लोगो ने स्वार्थ सिद्धि एवं दुकानदारों को परेशान करने के लिए नीलामी को निरस्त कराया गया। संपूर्ण नीलामी की प्रक्रिया को सही ठहराकर न्यायालय ने सालों से बेवजह परेशान दुकानदारों को राहत दी है। अब बाकी दुकानों को जल्द विधिवत आवंटित नहीं कराया गया तो उन 44-44 हजार वाले 108 एवं 4-4 हजार वाले 166 दुकानदारों के साथ आंदोलन कर दुकान आवंटन पर जवाब मांगेंगे।

गिरेन्द्र महिलांग
पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत नवागढ़।

वर्ष 2008 में जिन 14 दुकानदारों को दुकान दुकान आवंटित किया गया था, जिसे निरस्त कर दिया गया था। उस मामले में 09 मई को माननीय उच्च न्यायालय ने फैलसा सुनाते हुए दुकानदारों को हुए दुकान आवंटन को सही ठहराया है। सीएमओ, कलेक्टर तथा राज्य शासन के आदेश को खारिज कर दिया है।

प्रतीक शर्मा
अधिवक्ता उच्च न्यायालय बिलासपुर

नाबालिग को भगाकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा कर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में हथबंद पुलिस ने आरोपी युवक को विभिन्न धाराओं के तहत जेल भेज कर मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में हतबंद थाना प्रभारी निरीक्षक हेमंत पटेल ने बताया कि प्रार्थी पीड़िता के चाचा द्वारा उसकी नाबालिग भतीजी घर से बिना बताये कहीं चली जाने, घर वापस नहीं आने तथा आसपास रिश्तेदारों में पता नहीं चलने पर गुम इंसान रिपोर्ट कायम कर जांच में लिया। धारा 363 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान अपहृता/पीड़िता को उसके बड़े पिताजी के द्वारा 2 अप्रैल को थाना हथबंद लाकर पेश किया गया। पूछताछ पर अपहृता ने बताया कि आरोपी सुरेन्द्र जांगड़े ग्राम सासाहोली के द्वारा बहला फुसलाकर तथा शादी का प्रलोभन देकर भगाकर सासाहोली ले गया तथा मना करने के बाद भी जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया जिस पर, प्रकरण में 366, 376, 34 भादवि 04-06 पाक्सो एक्ट जोड़ी गई। प्रकरण में थाना प्रभारी थाना हथबंद के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी सुरेन्द्र जांगड़े ग्राम सासाहोली थाना तिल्दा का पता तलाश कर पूछताछ पर जुर्म स्वीकार करने से आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर

सायकल सीजी 04 सीएम 5861 एवं विवो मोबाईल जप्त किया गया ।

अम्लेश्वर/नवप्रदेश। अम्लेश्वर में होने वाले श्री शिव महापुराण की तैयारियां जोरों पर है। 55 एकड़ में फैले मैदान में 27 मई से 2 जून तक पंडित प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले द्वारा शिव महापुराण कथा का श्रवण कराया जाएगा। चाक चौबंद व्यवस्था बनाने के लिए कार्यकर्ता दिन रात मेहनत कर रहे हैं।

रियासत कालीन मा गंगई मंदिर के गुम्बद के जीर्णोद्धार को लेकर विधिवत पूजा करवाया गया सम्पन्न

■ मंदिर का गुम्बद 21 फ़ीट से बढ़ाकर 51 फ़ीट किया जाएगा ऊंचा

■ राजेस्थान,अमरकंटक या अन्य स्थानों से पत्थर लाकर बनवाया जाएगा गुम्बद

गंडई पंडरिया/नवप्रदेश। गंडई नगर सहित दूर दराज के लोगो के लिए आस्था का केंद्र माँ गंडई मंदिर के गुम्बद का जीर्णोद्धार करवाया जाएगा एवम गुम्बद से हटकर अन्य हिस्से का नवनिर्माण करवाया जाएगा।मंदिर का गर्भगृह यथावत रहेगी एवम बाकी के हिस्सों में नवनिर्माण करवाया जाएगा।जिससे मंदिर और अधिक भव्य एवम आकर्षक होगा।जिसे लेकर विधि विधान से पूजा किया गया है। रविवार दिनाक 19 मई को सुबह 9 बजे कमलेश शर्मा ने मंदिर के पुजारी साकेत दुबे एवम अनुभव दुबे से विधिवत पूजा अर्चना करवाया है।ततपश्चात ही मंदिर के गुम्बद में लगे कलश को नीचे उतारा गया ।इस दौरान मंदिर के सेवक कृष्णा निषाद,समलू गोड एवम अन्य लोग उपस्थित थे।

57 फ़ीट चौड़ा और 66 फ़ीट लंबा है मंदिर का क्षेत्रफल

मा गंगई मंदिर का कुल क्षेत्रफल 3762 वर्ग फ़ीट में है जिसमे मंदिर का हाल बीते कुछ सालों पहले आधे से कम हिस्से में बनवाया गया था एवम मंदिर का मुख्य हिस्सा जहाँ देवी माताएं विराजमान है काफी पहले रियासत काल मे बनवाया गया था ऐसे ही मंदिर के अंतिम भाग जहां पर मंदिर के विभिन्न समानो को रखा जाता है वह भी पुराना है साथ ही मंदिर का कुछ भूभाग को छोड़ कर मंदिर का बाउंड्री वाल बनाया गया था परंतु अब जब मंदिर का नया निर्माण करवाया जा रहा है तो नक्शे में उल्लेखित मंदिर के सम्पूर्ण भूभाग में मंदिर का निर्माण कार्य करवाया जाएगा।

6 माह में करवाया जायेगा नए गुम्बद का जीर्णोद्धार

रियासत कालीन समय मे अर्थात लगभग 60 से 70 सालों पहले बनाये गए माँ गंगई मंदिर की गुम्बद की ऊँचाई 21 फ़ीट है जिसे अब 51 फ़ीट ऊंचा बनाया जाएगा।बता दे कि वर्षों पहले ईंट में चुना और गोंद की मिश्रण की जोड़ाई से गुम्बद का निर्माण उक्त मंदिर में किया गया था जो आज भी मजबूती के साथ टिका हुआ है जिसके चलते उसी पैटर्न में पत्थर का उपयोग करते 51 फ़ीट ऊची गुम्बद का निर्माण करवाये जाने की जानकारी सामने आई है।उक्त मंदिर में वर्तमान में मा गंगई,मा महामाया एवम मा शीतला देवी विराजमान है।

आस्था और विश्वास का प्रतीक है मंदिर

माँ गंगई मंदिर जिसका इतिहास गौरवशाली रहा है सम्भवतः गंडई नगर का नाम माँ गंगई मंदिर के नाम के आधार पर ही पढ़ा है।उक्त मंदिर को लेकर लोगो मे काफी आस्था है किसान इसी मंदिर में पानी चढ़ा कर उसी पानी को धान में होने वाले गंगई रोगों के उपचार में काम मे लेते है।इसी प्रकार और भी अनेकों कारण है जिसके कारण उक्त मंदिर में स्थापित तीनो माताए लोगो के लिए लंबे समय से लगातार आस्था का केंद्र बने हुए है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

एक ही गांव में एक साथ जलेंगी...

की। वे पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के संपर्क में हैं। बोहरा ने कहा मैं ईश्वर से सभी दिवंगत आत्मा की शांति व हादसे में घायलों के जल्द स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना करती हूं।

लोस चुनावः पांचवें चरण..

गया। इस तरह इन 49 सीटों पर 695 प्रत्याशियों का भाग्य इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन में दर्ज हो गया है। पांचवें चरण में लोकसभा चुनाव लड़ रहे, जिन प्रमुख प्रत्याशियों का चुनावी भाग्य तय होना है, उनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह (लखनऊ), कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी (रायबरेली), केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी(अमेठी), पीयूष गोयल (मुंबई उत्तर), जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला(बारामूला), लोक जनशक्ति पार्टी के चिराग पासवान (हाजीपुर) और भारतीय जनता पार्टी के जुएल ओरांव (सुंदरगढ़) भी शामिल हैं। इसके अलावा इस चरण में केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, कौशल किशोर , डॉ प्रवीण भारती, शान्तनु ठाकुर, कपिल पाटिल, अन्नपूर्णा देवी, राजीव प्रताप रूड़ी और राष्ट्रीय जनता दल की रोहिणी आचार्य के भाग्य का ईवीएम में दर्ज हो गया।

इस चरण में उत्तर प्रदेश की जिन 14 सीटों पर मतदान हुआ, उनमें मोहनलाल गंज (सुरक्षित), लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन (सु.), झाँसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी (सु.), बाराबंकी (सु.), फैजाबाद, कैसरगंज और गोण्डा शामिल हैं। इसमें से 10 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और चार सीटें सुरक्षित हैं। महाराष्ट्र में धुले, डिंडोरी, नासिक, पालघर, भिवंडी, कल्याण, थाने, मुंबई उत्तर, मुंबई उत्तर-पश्चिम, मुंबई उत्तर-पूर्व, मुंबई उत्तर - मध्य, मुंबई दक्षिण-मध्य और मुंबई दक्षिण संसदीय सीटों पर मतदान होगा। बिहार में जिन पांच सीटों पर चुनाव हुआ, इनमें मधुबनी, सीतामढ़ी, सारण, मुजफ्फरपुर और हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र हैं। इसके अलावा ओडिशा में बरगढ़, सुंदरगढ़, बोलांगीर, कंधमाल और अस्का, झारखंड में चतरा, कोडरमा और हजारीबाग, पश्चिम बंगाल में बनगांव, बैरकपुर, हावड़ा, उलूबेरिया, श्रीरामपुर, हुगली और आरामबाग है। केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की एक-एक मात्र संसदीय सीट के लिये मतदान हुआ।

वर्ष 2019 के चुनाव में इन 49 सीटों में से 32 पर भाजपा, सात पर शिवसेना (अविभाजित) और चार पर तृणमूल कांग्रेस के प्रत्याशियों को सफलता मिली थी।

पांचवें चरण में 49 सीटों पर कुल 8.95 करोड़ लोगों को मताधिकार प्राप्त था जिनमें 4.69 करोड़ पुरुष और 4.26 करोड़ महिला मतदाता है।

इस चरण में बहुजन समाज पार्टी 46 सीटों पर, भाजपा 40, कांग्रेस 18,समाजवादी पार्टी 10, शिवसेना (उद्धव ठाकरे) सात, तृणमूल कांग्रेस सात, शिवसेना छह, बीजू जनता दल पांच, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी पांच, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी चार, राष्ट्रीय जनता दल चार तथा आल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने चार सीटों पर उम्मीदवार खड़े किये थे। ओडिशा विधानसभा के दूसरे चरण की 35 सीटों में बीजू जनता दल और भाजपा 35-35, कांग्रेस 33 और आम आदमी पार्टी 10 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। दूसरे चरण में इन सीटों पर 41 महिलाओं सहित 265 उम्मीदवार मैदान में थे, जिनका 79.70 लाख मतदाताओं के हाथ में था। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक इस चुनाव में कांताबांजी और हिंजली सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

चौथे चरण के मतदान के साथ कुल 543 सीटों में से 379 सीटों पर मतदान की प्रक्रिया खत्म हो चुकी है। पहले चरण में 102, दूसरे में 88, तीसरे में 93 और चौथे में 96 संसदीय क्षेत्रों में चुनाव कराये गये हैं। पहले चार चरणों में 45.1 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने मतदान किया है और इन चरणों में औसतन 66.95 प्रतिशत मतदान हुआ है। छठे और सातवें चरण में क्रमशः 25 मई और एक जून को मतदान कराये जायेंगे। मतगणना चार जून को होगी।विभिन्न राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों में मतदान प्रतिशत इस प्रकार रहा....

नक्सल पुनर्वास नीति में होगा...

पर कार्रवाई नहीं होगी। पुलिस उसके न्यायालयीन प्रकरणों को सुलझाने में मदद करेगी।

सीएम विष्णुदेव साय भी यह कहकर संकेत दे चुके हैं कि हमारी पुनर्वास नीति के कारण नक्सली आत्मसमर्पण भी कर रहे हैं। हम देख रहे हैं कि इस नीति में और नया बेहतर हो सकता है, साथ ही नई पुनर्वास नीति लाने पर विचार किया जा रहा है। कयास लगाए जा रहे हैं कि लोकसभा चुनाव के बाद राज्य सरकार संशोधित पुनर्वास नीति लागू कर सकती है।

नई सरकार के बाद 112 नक्सली ढेर

चार महीने की विष्णुदेव सरकार में अब तक 112 नक्सली ढेर हुए हैं। तीन वर्ष के भीतर नक्सलियों को पूरी तरह समाप्त करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जिस रोडमैप को हरी झंडी दी है उसे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा आगे बढ़ा रहे हैं। दावा है कि चार महीने के भीतर 375 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। 153 गिरफ्तार किए गए हैं। नक्सल क्षेत्र में 28 सुरक्षा कैंप खुले वहीं 143 आईडी बरामद किए गए हैं।

कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडिया समूह..

भ्रष्टाचार, जातिवाद और वंशवाद पर टिकी हुई है। उन्होंने कहा, ''देश यह नहीं भूला है कि जब दुनिया तेजी से विकास कर रही थी, तब कांग्रेस सरकार घोटालों के रिकॉर्ड बना रही थी। दुनिया के देश हर पल प्रगति कर रहे थे, लेकिन कांग्रेस पार्टी युवा पीढ़ी को पीछे धकेल रही थी।'' प्रधानमंत्री ने आरोप दोहराया कि कांग्रेस अब लोगों की संपत्ति छीनकर ''वोट जिहाद'' में शामिल लोगों को सौंपने की कोशिश कर रही है।

उन्होंने आरोप लगाया, ''वे पहले ही कर्नाटक में अनुसूचित जाति (एसटी) अनुसूचित जनजाति (एससी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे चुके हैं और पूरे देश में इसे दोहराने का प्रयास कर रहे हैं।'' श्री मोदी ने दावा किया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा एक चुनावी भाषण में पवित्र संतों और इस्कॉन, रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ जैसे सामाजिक-धार्मिक संगठनों को खुली धमकी देने के तुरंत बाद, रविवार को उत्तर बंगाल के जलपाईगुड़ी में रामकृष्ण मिशन आश्रम पर हमला किया गया था।

हमारे घोषणा पत्र को लेकर...

देश के 10 साल व्यर्थ कर दिये हैं। उन्होंने कहा कि देश कीराजधानी होने के कारण दिल्ली के मुद्दे राष्ट्रीय स्तर के होते हैं। अगर दिल्ली में श्रमिकों की स्थिति दयनीय है, तो ये पूरे देश का प्रतिबिंब है। हमारे नेता राहुल गांधी 'न्याय' शब्द का उपयोग करते हैं। यह मात्र एक शब्द नहीं बल्कि हमारे संविधान और कांग्रेस पार्टी की विचारधारा है। उन्होंने कहा, राहुल जी 'भारत जोड़ो यात्रा' कर दिल्ली पहुंचे और यहां के लोगों से बातचीत की तथा हमारा घोषणा पत्र उसी का परिणाम है। मोदी सरकार ने बदले की भावना के कारण दिल्ली की बनी-बनाई व्यवस्था को बर्बाद करने की कोशिश की। है। बीजेपी ने की हल्की राजनीति-कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, भाजपा ने मतदाताओं के विषय में सोचे बिना ही हमेशा एक छोटी और हल्की राजनीति की है। अटल जी के समय भी विपक्ष संघर्ष करता था लेकिन उस समय राजनीति का एक स्तर होता था। वो स्तर आज की मोदी सरकार में नजर नहीं आता।

इंक्रीमेंट-एरियर्स घोटालाः सरकारी खजाने...

इस मामले में कार्रवाई की गई है।जिन अधिकारियों पर मामला दर्ज किया गया है, उनमें तत्कालीन बीएमओ केके नेगी, तत्कालीन जिला कोषालय अधिकारी गुरुवेंद्र साव (वर्तमान में बेमेतरा कोषालय अधिकारी), डीपी वर्मा (वर्तमान में महासमुंद कोषालय अधिकारी), केके दुबे (वर्तमान में बलौदा बाजार कोषालय अधिकारी) को आरोपी बनाया गया है। इसके अलावा लिपिक वीरेंद्र भंडारी, संतोष कोमरा, जीसी कुर्रे, भोजराम दीवान, वार्ड बॉय विनोद ध्रुव, वाहन चालक भारत नंदे, लुकेश चतुर्वेदानी के खिलाफ धोखाधड़ी के विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

न्यायालय नायब तहसीलदार पलारी
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202405213100011
अ/74 वर्ष 2024
पक्षकार- रामजी पिता रविशंकर
तह. पलारी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामजी पिता रविशंकर जाति सतनामी ग्राम तमोरी प.ह.नं. 19 तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम तमोरी प.ह.नं. 19 स्थित भूमि ख.नं. 01 का रकबा 0.032 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में रामजी पिता रविशंकर के नाम पर एकल खाते में दर्ज है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका आवेदक को शासन से प्रदाय हुआ था जो कहीं गुम हो गया। इसलिए आवेदक के द्वारा उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने हेतु आवेदन मय बी-1, खसरा, चालान एवं शपथ पत्र के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो वह इस न्यायालय में उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेशी दिनांक 31/05/2024 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत पेशी दिनांक के पश्चात कोई दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा पदमुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार, पलारी

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना के अंतर्गत भवनों में से फ्लैट/भवन क्रमांक एलआईजी-48/572 प्रथम तल में श्री सत्येन्द्र कुमार पिता स्व. जगदीश महतो को स्ववित्तीय/भाड़ाक्रय/एकमुश्त आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 03.02.2009 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट/भवन के विक्रय हेतु दिनांक 10.05.2024 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट/भवन श्रीमती चन्द्रा कुमारी जैन पति श्री दिनेश कुमार जैन के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखंड/भवन के विक्रय के सबंध मे किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
सपंदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार उपतहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा छ.ग.

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्री शशिकुमार पिता कार्तिक निवासी ग्राम नारधी प.ह.नं. 06 उपतहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि ग्राम नारधी प.ह.नं. 06 स्थित भूमि ख.नं. 927/4 रकबा 0.21 हे. राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम दर्ज है। उक्त ऋण पुस्तिका आवेदर के घर में ठीक से रखरखाव न होने के कारण कहीं गुम हो चुका है। उक्त भूमि की ऋण पुस्तिका कहीं बंधक गिरवी नहीं है पूर्ण रूप से पाक साफ तथा पूर्णतः भार मुक्त है। आवेदक द्वारा ऋण पुस्तिका की द्वितीय प्रति जारी करने बाबत आवेदन पत्र के साथ बी-1, स्थानीय बैंकों का कर्ज नहीं प्रमाण पत्र, पुलिस थाना में ऋण पुस्तिका गुमने की सूचना की कापी एवं शपथ पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में /ब-121 विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था/समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 25.05.2024 तक न्यायलयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से आज दिनांक 16/04/2024 को जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार, देवरबीजा

न्यायालय तहसीलदार पलारी
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/6 (अ) वर्ष 2023-24
पक्षकार- प्रवीण पिता भुनेश्वर चेलक
मौजा ग्राम बलौदी प.ह.नं. 27
रा.नि.मं. व तहसील पलारी

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रवीण चेलक पिता भुनेश्वर चेलक जाति सतनामी निवासी ग्राम बलौदी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार- भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम बलौदी प.ह.नं. 27 तहसील पलारी स्थित भूमि कुल ख.नं. 02 कुल रकबा 0.822 हे. भूमि आवेदक के पिता भुनेश्वर पिता बढ़ोता के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि में से ख.नं. 243/2 रकबा 0.518 हे. भूमि त्रुटिवश 0.304 हे. दर्ज हो गया है। जिसे सुधार किए जाने एवं ख.नं. 243/10 रकबा 0.214 हे. किसी अन्य के नाम पर दर्ज हो गया है जिसे सुधार कर आवेदक के नाम पर दर्ज किए जाने हेतु छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 115, 116 के तहत आवेदन मय बी-1 खसरा व ऋण पुस्तिका की छायाप्रति सहित प्रस्तुत किया गया है। इस इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 24/05/2024 तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। मियात बाद प्राप्त आपतित पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 10/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुहर द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील — तहसीलदार, पलारी

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 20240214700005
अ-2/वर्ष 2023-2024
ग्राम अमेरा प.ह.नं. 25 तहसील पलारी
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम अमेरा प.ह.नं. 25 तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनेश कुमार वैष्णव पिता सुरेन्द्र कुमार वैष्णव निवासी कमल कालोनी बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम अमेरा प.ह.नं. 25 तहसील पलारी स्थित भूमि खसरा नं. 2232/1 शामिल नंबर 2234/1 रकबा 0.021 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन के लिए छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत व्यपवर्तित कर छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-01, पी-02. खसरा नक्शा, ब्लू प्रिंट सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदित भूमि के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा/ आपत्तियां यदि कोई हो तो वे दिनांक 15/05/2024 को मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपतियां प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 15/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.), पलारी

FORM NO. 14
[See Regulation 33(2)]
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication

OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR
797/2, SHANTIKUNJ, SOUTH CIVIL LINES, JABALPUR - 482001

DEMAND NOTICE

NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.

RC/111/2024 — 16-05-2024

UCO BANK
VERSUS
M/S. PRATUSH STEELS

(CD 1) **M/s. Pratush Steels**, House No. 233, Samta Colony, Behind Gayatri Mandir, Raipur (C.G.) Raipur-492001.
(CD 2) **Shri Priyanshu Agrawal S/o. Shri Kailash Agrawal**, Civil Court Front of Pithura Post, Pithura, Mahasamund (C.G.) Mahasamund, Chhattisgarh-492001
(CD 3) **Smt. Sarita Agrawal W/o. Shri Kailash Agrawal**, Civil Court Front of Pithura Post, Pithura, Mahasamund (C.G.) Mahasamund, Chhattisgarh-492001

This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, **DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR** in **OA/614/2021** an amount of **Rs. 17696100 (Rupees One Crore Seventy Six Lakhs Ninety Six Thousands One Hundred Only)** along with pendentelite and future interest @ **12 %** Simple Interest Yearly w.e.f. **16/06/2021** till realization and costs of **Rs. 150000 (Rupees One Lakh Fifty Thousands Only)** has become due against you (Jointly and severally/Fully/Limited).

2. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.

3. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.

4. You are hereby ordered to appear before the undersigned on **12/06/2024** at **10:30 a.m.** for further proceedings.

5. In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:

(a) Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate / execution proceedings.

(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **16/05/2024**.

Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

प्रवेशित व शालात्यागी बच्चों की जानकारी उपलब्ध कराने निर्देश

कलेक्टर ने आरटीई में आने वाले सभी विद्यालयों के प्राचार्यों व प्रबन्धकों की ली बैठक

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में सोमवार को कलेक्टर विलास भोसकर ने जिले के समस्त राइट टु एजुकेशन अंतर्गत आने वाले निजी विद्यालयों के प्राचार्य एवं संचालकों की बैठक ली। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में वर्तमान में आरटीई अंतर्गत कुल 205 विद्यालय हैं, वर्ष 2024-25 में प्रवेश हेतु भर्ती की प्रक्रिया जारी है।

कलेक्टर श्री भोसकर ने सभी विद्यालयों के प्राचार्यों एवं प्रबन्धकों से कहा कि आरटीई के नियमों का पालन करना सुनिश्चित करें, सभी विद्यालय विगत वर्षों में प्रवेशित बच्चों, शालात्यागी बच्चों की संख्या सहित अन्य जानकारी वर्षवार एवं कक्षावार 15 दिवस के भीतर उपलब्ध कराएं। उन्होंने विगत सत्र में आरटीई अंतर्गत प्रवेशित बच्चों की संख्या की जानकारी ली, ड्रॉपआउट बच्चों की जानकारी लेते हुए कहा कि शालात्यागने का कारण पता करें, प्रयास करें कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहे, इस हेतु अभिभावकों से मिलें, उन्हें शिक्षा के महत्व को बताएं। शिक्षा ही ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा व्यक्ति आगे बढ़ता है और समाज में अपनी पहचान बनाता है। जिले में ऐसे कई प्रतिभावान बच्चे हैं, जो कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण पढ़ाई बीच में ही छोड़ देते हैं। ऐसे में आप सभी का दायित्व उन्हें रास्ता दिखाने का है, अपने कर्त्तव्य का निर्वहन करें। बैठक में कलेक्टर श्री भोसकर में कहा कि सरगुजा जिला आदिवासी बाहुल्य जिला है, ऐसे में विशेष पिछड़ी जनजाति के बच्चों को अवश्य प्रवेश दिलाने का प्रयास करें। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों के निरीक्षण एवं प्रत्येक तिमाही में समीक्षा बैठक आयोजित किए जाने हेतु निर्देशित किया।

ग्रामीण क्षेत्रों से शहर तक सिटी बस चलाने की मांग

सक्ती/नवप्रदेश। नगर में सीटी बस चलाये जाने की मांग नगरवासियों द्वारा की यह बस नगर के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से चलाई जाय ताकि ग्राम से आने वाले नागरिकों को कलेक्टर ऑफिस जेठा, तहसील कार्यालय सक्ती, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैंण्ड तथा हास्पिटल जाने में सुविधा होगा। इस संबंध में अनूप अग्रवाल ने कहा कि पहले जांजगीर जिला था तब सीटी बस चांपा से सक्ती आती थी जिससे नागरिकों को सुविधा होता था लेकिन कुछ दिन चलने के बाद सीटी बस बंद हो गई । गिरधर जायसवाल एवं मनोज जायसवाल ने इस संबंध में कहा कि कलेक्टर ऑफिस जेठा में है तथा रेल्वे स्टेशन जेठा है लेकिन सभी यात्री ट्रेन नही रूकती जिससे कलेक्टर कार्यालय जाने में नागरिकों को बहुत ही परेषानी होती है सीटी बस शुरू होने से ग्रामवासियों के अलावा नगरवासियों को भी सीटी बस चलने से सुविधा होगी। सम्मेलाल गबेल, संतोष सोनी लाला का कहना है कि लोकल बसो का कोई भरोसा नही रहता किसी भी समय बुकिंग में चली जाती है जिसके चलते नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसलिये आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिये सीटी बस चलाना अति आवश्यक है जिससे ग्राम से नगर तथा कार्यालय आने में सुविधा होगी। शासन को ध्यान देकर सीटी बस चलाया जाना चाहिये।

तीनों वाटर एटीएम बंद शुरु कराने की मांग

ठंड व शुद्व पानी पीने लोग परेशान

सक्ती/नवप्रदेश। नगर में तीन स्थानों में वाटर एटीएम कचहरी के पास, हास्टिल के पास गौरव पथ में तथा हास्पिटल परिसर में लगाई गई है लेकिन तीनों वाटर एटीएम बंद हालत में है। जब वाटर एटीएम चालू था जो नागरिक एक रूपया का सिक्का डालकर पानी लेते थे पानी इतना शुद्ध रहता था कि पानी लेने के लिये लाईन तक लग जाता था।

गर्मी इतनी ज्यादा है कि पानी पीने के लिये लोग इधर उधर जा रहे है तथा वाटर एटीएम के बंद होने से नागरिक भटक रहे है। नगरवासियों ने मांग की है कि जल्द से जल्द वाटर एटीएम को चालू करवाया जाय ताकि पानी के लिये इधर उधर भटकना न पड़े। वैसे तो नगर में कई सामाजिक संस्थाओं द्वारा पीने की पानी की व्यवस्था प्याऊ मिट्टी के घडे एवं मंगा तथा गिलास रखे है जिससे पीने की पानी की व्यवस्था की गई है खुद पीओ। इसी प्रकार कुछ जगह वाटर कूलर लगाये गये है परंतु रखरखाव के अभाव में कुछ वाटर कूलर चल रहे है।

प्राचीन शिव मंदिर, शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में चला स्वच्छता अभियान

बालोद/नवप्रदेश। स्वच्छ धरा समिति,छत्तीसगढ़ के स्वच्छता जागरूकता अभियान पर सुप्रसिद्ध नाड़ी वैध प्रदेश संरक्षक बीरेंद्र देशमुख के मार्ग दर्शन पर लगातार 62वें सप्ताह में प्राचीन शिव मंदिर, शिवनाथ नदी मुक्तिधाम ,दुर्ग में स्वच्छता अभियान चलाकर मंदिर परिसर में साफ-सफाई कर पॉलीथीन, पाऊच, डिस्पोजल,मदिरा बाटल,पत्ते को एकत्रित कर निर्धारित स्थान पर डंप किया।मंदिर समिति के अध्यक्ष राजू शर्मा ने स्वच्छ धरा समिति ,छत्तीसगढ़ के इस स्वच्छता जागरूकता अभियान की सराहना की।इसके पश्चात मंदिर परिसर पर स्थित शिवनाथ नदी में संयुक्त स्वच्छता समूह के साथ मिलकर पत्रिका अमृतम जलम के तहत नदी में जल कुंभी, कचरा जो सड़ रहा था उसको निकालकर निगम प्रशासन को सूचित किया एंव आने जाने वालों से मंदिर परिसर, सार्वजनिक स्थल, तालाब,नदी में कचरा न फेंकने का निवेदन भी किया।इस पुनीत कार्य में संस्थापक एंव प्रदेश अध्यक्ष नवनीत हरदेल,भिलाई अध्यक्ष सुरेंद्र साहू, सचिव भानु सिंह साहू,सदस्य धर्मेंद्र फुंडे,श्वेता जैन,सोनाली शिगने,गोपाल चोपकर,सुधीर ग्रेवाल,आनंद प्रताप सिंह,मोनिका साहू,सीता साहू,तनिष्का साहू ,जयेश शिगने,हेमंत हरमुख,उमेद साहू शामिल हुए।

एकलव्य विद्यालय चयन परीक्षा संपन्न,अपर कलेक्टर एवं संयुक्त कलेक्टर ने किया निरीक्षण

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला गरियाबंद अंतर्गत एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन आज गरियाबंद के शासकीय वीर सुरेन्द्र साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सुबह 10:00 से 12:00 बजे तक आयोजित किया गया। चयन परीक्षा में कुल 939 परीक्षार्थियों में से 812 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए वहीं 127 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। अपर कलेक्टर अरविंद पांडे एवं संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत ने परीक्षा केंद्र पहुंचकर परीक्षा के सुचारू संचालन का जायजा लिया। चयन परीक्षा में आयुक्त, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग रायपुर से परीक्षा केन्द्र के पर्यवेक्षक के रूप में मंजुला तिवारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गरियाबंद विशाल महाराणा भी मौजूद रहे। प्रवेश परीक्षा का आयोजन सफल रहा।

साहू समाज युवा प्रकोष्ठ ने किया 55 यूनिट रक्तदान

बालोद/नवप्रदेश। साहू समाज युवा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में शनिवार को मां भानेश्वरी महोत्सव के उपलक्ष में साहू सदन जिला बालोद में रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य प्रशिक्षण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया शिविर शुभारम डॉक्टर अजय साहू डॉक्टर प्रदीप साहू आयुषी साहू तोमन साहू दिनेश्वर साहू हेमप्रकाश साहू भगवान दास साहू मोरध्वज साहू ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत किया गया

अध्यक्षता सोमन लाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद वशिष्ठ अतिथि के रूप में विधायक ओंकार साहू धमतरी पूर्व विधायक बीरेंद्र साहू चतुर्भुज साहु रमेश सोनवानी प्रदेश पदाधिकारी अंतरराष्ट्रीय रंगोली कलाकार प्रदीप साहू तहसील अध्यक्ष मदन सोनबरसा सोमेश साहू युवराज साहू उमाशंकर साहू मानसिंह सर्व नरेंद्र हिरवानी अंजनी साहू द्रोपती साहू देवा साहू तोरण साहू उपस्थित थे शिविर में 200 से अधिक युवा स्वास्थ्य प्रशिक्षण किया एवं 55 युवाओं ने रक्तदान किया।

फार्मेसी काउंसिल कानून की धज्जियां उड़ा रहा हैं दंत चिकित्सा महाविद्यालय

- संघ ने की शिकायत
- 3 माह की सजा अथवा दो लाख रुपए का जुर्माना का प्रावधान

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के अस्पतालों एवं मेडिकल दुकानों में पंजीकृत फार्मासिस्ट ही दवा देने की कानूनी बाध्यता के बाद भी राजधानी स्थित दंत चिकित्सा महाविद्यलय में गैर पंजीकृत और गैर फार्मासिस्ट दवाई वितरण कर रहे रहे है। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ फार्मासिस्ट प्रकोष्ठ ने इस संबंध मेंशासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य शिकायत की है । दंत चिकित्सा महाविद्यालय में औषधि वितरण का कार्य गैर फार्मासिस्ट से

कराया जा रहा है। जो कि फार्मेसी एक्ट के विरूद्ध है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के अंदर इस व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आपके विरूद्ध कार्यवाही के लिए आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। संघ का आरोप है कि गैर पंजीकृत और गैर फार्मासिस्ट पिछले 10-15 साल से दंत चिकित्सलय में दवाई वितरण कर शासन के आदेश की धज्जियां उड़ा रहे है, जिसे अपराध की श्रेणी में रखा गया है।

क्या है फार्मेसी कानून

कानून के अनुसार गैर पंजीकृत फार्मासिस्ट अथवा व्यक्ति के दवा देते पाए जाने पर दो लाख रुपए का जुर्माना के साथ ही 3 माह तक सजा का प्रावधान है। फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया ने दवा वितरण करने फार्मेसी एक्ट 1948 की धारा 42 के दंड के प्रावधान में संशोधन किया है। अस्पतालों तथा मेडिकल स्टोर्स में पंजीकृत फार्मासिस्ट तथा मेडिकल स्टोर्स में पंजीकृत फार्मासिस्ट व्दारा ही दवाइयों का डिपेंस, वितरण अथवा विक्रय किया जा सकता है। किसी गैर पंजीकृत व्यक्ति को दवा वितरण की अनुमति नहीं है। मंत्रालय से स्वास्थ्य विभाग के अवर सचिव और छग राज्य फार्मेसी के रजिस्टार अश्वनी गुर्देकर ने समस्त संचालकों व मेडिकल स्टोरों के संचालकों एवं फार्मास्टि के नाम सूचना जारी की है। जिसमें कहा गया है कि मेडिकल प्रेक्टिसनर के प्रेक्रिटशनर के प्रेक्रेप्शन पर केवल पंजीकृत फार्मासिस्ट व्दारा ही दवाइयां डिस्पेंस की जानी है। गैर पंजीकृत फार्मास्सिट अथवा व्यक्ति व्दारा दवा वितरण अथवा विक्रय करते पाए जाने पर 3 माह की सजा अथवा दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। इतना ही नहीं दोनों सजा एक साथ देने का भी प्रावधान है। पूर्व में 6 माह की सजा और एक हजार अर्थदंड दोनों सजाएं एक साथ का प्रावधान था। छग फार्मेसी कांउसिल ने कहा है कि उपरोक्त प्रावधान का उल्लेख करते पाए जाने पर होने वाली कार्रवाई के लिए अस्पताल व मेडिकल स्टोर संचालक उत्तरदायी होंगे।

16 वर्षीय बालिका के विवाह को समझाइश देकर प्रशासनिक टीम ने रूकवाया

सूरजपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार जिले में निरंतर बाल विवाह में रोक लगाई जा रही है । वर्तमान में ग्रामीणों ने जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल को सूचना दी की ग्राम ऊँचडीह में 16 वर्षीय नाबालिग बालिका का बाल विवाह कराया जा रहा है । जिला कार्यक्रम अधिकारी रमेश साहू के निर्देश पर संयुक्त टीम ग्राम ऊँचडीह गई । बालिका का शैक्षणिक दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर बालिका 16 वर्ष 9 माह की निकली, बालिका और उसके परिजनों को समझाईस दी गई । समझाईस पर बड़ी मुस्किल से सभी मान गये जिसका पंचनामा कथन तैयार किया गया । विवाह कार्ड में लड़का पक्ष भी ग्राम नेवरा का पता चलने पर संयुक्त टीम लड़के के यहा गई । लड़के का उम्र तो सही पाया गया मगर वहॉ विवाह की पूरी तैयारी चल रही थी, लड़के को हल्दी लगा था, मंडप सजा था। बालिका के घर क्षेत्र की पर्यवेक्षक दीपा बैरागी एवं ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा जाकर समझाईस दिये थे । जिस कारण लड़की पक्ष विवाह नहीं करने का राजी थे इसलिये मण्डप वगैरह नहीं लगाये थे न ही लड़की को हल्दी लगी थी और घर में मेहमान भी भरे हुये थे। सारी रस्मे की जा रही थी । लड़के के चाचा ने कहा कि हमारे भतीजे का उम्र हो गया है । हम सभी रस्म करेंगे । विवाद की स्थिति निर्मित होने लगी तब जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने समझाया कि अनावश्यक यह करने से कोई फायदा नहीं है । बालिका का उम्र नहीं हुआ है । आपके उपर कार्यवाही हो सकती है । तब जाकर घर वाले विवाह नहीं करने, बारात नहीं जाने को राजी हुये, इस आशय का भी पंचनामा तैयार किया गया ।

कार्यवाही में जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल, नायब तहसीलदार सु हीना मैडम , पर्यवेक्षक दीपा बैरागी, काउन्सलर जैनेन्द्र दुबे, सामाजिक कार्यकर्ता अंजनी साहू, चाईल्ड लाईन के क्वार्डिनेटर कार्तिक मजूमदार , सु शीतल सिंह ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता , पवन धीवर, पुलिस चौकी बसदेई के पुलिस स्टॉफउपस्थित रहे ।

दो बाइक में भिड़ंत, पिता पुत्री की मौत

बलौदाबाजार -भाटापारा/नवप्रदेश। बलौदाबाजार रोड पर भाटापारा से लगभग 8 किमी दूर ग्राम ख़म्हरिया में आमने सामने दो मोटरसाइकिल की हुई जबरदस्त भिड़ंत में एक मोटर सायकल पर सवार पिता-पुत्री की मौके पर मौत हो गई। वहीं मृतक की पत्नी और दूसरी बेटी घायल हो गई। दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों को भी गंभीर चोटें पहुंची हैं। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया है। ग्रामीण पुलिस ने मृतक के ससुर की रिपोर्ट पर घटना घटित करने वाली मोटर सायकल क्रमांक सी जी 22 टी 2315 के चालक के विरूद्ध धारा 279,337,304 ए के तहत मामला पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना कर रही है।

बलौदाबाजार-भाटापारा मार्ग पर खम्हरिया ग्राम के पास रविवार शाम दो बाइक में आमने सामने हुई टक्कर में 2 लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं एक मोटरसाइकल का सामने का चक्का भी अलग हो गया। बताया जाता है कि सगाई कार्यक्रम में शामिल होने सरकिपार सुहैला निवासी चेतन यादव अपनी पत्नी शशि यादव और दो बच्चियों रिया यादव और ऋतु यादव के साथ अपने ससुराल खैरी आया था। सगाई कार्यक्रम होने के बाद वो अपनी बाइक क्रमांक सीजी 22 ए सी 5519 से वापस अपने गृह ग्राम वापस जाने शाम को मोटर सायकल से निकला तो ख़म्हरिया के पास बलौदाबाजार की ओर से आ रही ग्लेमर क्रमांक सीजी 22 टी 2315 से आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस घटना में मौके पर ही चेतन यादव और उसकी 3 वर्षीय बेटी ऋतु की मौत हो गई। वही उसकी पत्नी शशि और दूसरी बेटी रिया घायल हो गई।दूसरी मोटरसाइकल में भी दो युवक सवार थे,जिन्हें भी गंभीर चोट पहुंची।घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को चिकित्सालय लाया गया,जहा डाक्टर ने पिता पुत्री की मौत की पुष्टि की और सभी घायलों का प्राथमिक इलाज कर जिला अस्पताल रिफर किया गया।ग्रामीण पुलिस मृतक चेतन के ससुर कुंवर सिंह की रिपोर्ट पर धारा 279,337,304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना कर रही है।

लालच देकर करा रहे थे मतांतरण : 6 गिरफ्तार

अंबिकापुर-रायपुर/नवप्रदेश। पैसों का लालच देकर तथा बीमारी ठीक करने का दावा कर प्रदेश में धर्मांतरण-मतांतरण का खेल लंबे समय से जारी है। ऐसा ही एक मामला बसंतपुर थाना क्षेत्र में सामने आया है। यहां फूलमनी नामक महिला की लिखित शिकायत पर पुलिस ने धर्म परिवर्तन कराने पहुंची 3 महिला और 3 पुरुष को छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया गया है। महिला ने लिखित शिकायत की थी कि उसके पति का स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता है। महिला को पैसे का प्रलोभन दिया गया था। उसे झांसा दिया गया था कि उसके पति को ठीक कर दिया जायेगा। इसके लिए रविवार शाम को एक घर में आयोजित चंगाई सभा में उसे मतांतरण के लिए बुलाया गया था। शिकायत पर बसंतपुर थाना प्रभारी कुमार चंदन सिंह के साथ पुलिस की टीम उक्त मकान में पहुंची थी।

षडयंत्र | हवाई सेवा संघर्ष समिति की महाबैठक 23 को, महाआंदोलन की तैयार करने बनेगी रणनीति

हवाई सुविधाएं सुनियोजित तरीके से छीनी जा रही: सुदीप

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में लंबे आंदोलन के बाद एयरपोर्ट बन तो गया पर आज तक लोगो को इसकी सुविधा पूरी तरह से नहीं पाई है आज भी बिलासपुर की जनता को संघर्ष करना पड़ रहा है। छत्तीसगढ का दूसरा सबसे बड़ा शहर होने के बाद भी एयर कनेक्टिविटी पूरी तरह से नहीं बन पाई है। बिलासपुर एयरपोर्ट में हफ्ते में सिर्फ 2 दिन ही फ्लाईट संचालित हो रही है जो दिल्ली की उड़ान भरती है । इसके अलाव इंदौर की फ्लाइट बंद हो चुकी है और अन्य जगहों के लिए कोई फ्लाईट नही है। जिस से बिलासपुर की और आस पास के जिलों के लोगो को परेशानी उठानी पड़ रही है।

एयरपोर्ट की मनमानी और बड़े शहरों से एयर कनेक्टिविटी न होने और फ्लाइट को रेगुलर संचालित करने को लेकर हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने महाबैठक का एलान किया है। पिछले 5 वर्षो से लगातार समिति हवाई सुविधाओं के लिए आंदोलन कर रही है। लेकिन कांग्रेस हो या भाजपा की सरकार दोनो पार्टियों का बिलासपुर में हवाई सुविधा को लेकर उदासीन रवैया ही रहा है। शांति पूर्ण तरीके से मांग करने के बावजूद बिलासपुर के प्रति केंद्र सरकार का रवैया भी टालमटोल का रहा है। लंबे समय से आंदोलन के बाद भी सिर्फ झुनझुना ही हाथ लगा जभी पिछले 25 सालो से लगातार बिलासपुर में भाजपा के सांसद बनते आ रहे है फिर भी मुखर होकर संसद में बिलासपुर की हवाई सुविधाओं के लिए आवाज नही उठा पा रहे। अब समिति 23 मई गुरुवार को धरना स्थल पर महाबैठक का आयोजन कर रही है जहां बिलासपुर के हितों के लिए आगे की रणनीति बनाई जाएगी। इस बैठक में बैठक में जनसंघर्ष समिति के सक्रिय सदस्यों के अलावा समाज के गणमान्य लोगों से बैठक में शामिल होने के लिए आग्रह किया गया है। हवाई सुविधा संघर्ष समिति का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने कहा है की बिलासपुर के साथ हवाई सुविधा को लेकर लगातार अन्याय किया जा रहा है। पिछले तीन साल से बिलासपुर के नागरिक हवाई सुविधा और विस्तार को लेकर लगातार गांधी विचारधारा के तहत आंदोलन पर है। इस दौरान सुविधा से

ज्यादा बिलासपुर वासियों को आश्वासन ज्यादा मिला है। संघर्ष से मिली थोड़ी बहुत हवाई सुविधाओं को सुनियोजित तरीके से छीना जा रहा है। इन्ही सब बातों को ध्यान में रखकर 23 मई को हवाई सुविधा जनसंघर्ष के बैनर तले महाबैठक का फैसला किया गया है। समिति ने महाबैठक में सामाज के हर सक्रिय व्यक्ति को आंदोलन में शामिल होने को कहा है। पिछले पांच दिनों में एयरपोर्ट से कोई उड़ान नहीं हुआ है। कई चलती फ्लाइट को पर्याप्त यात्री के बाद भी बंद कर दिया गया है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के महाधरना में प्रमुख रूप से अनिल गुलहरे, अनुराग पांडेय, बद्री यादव, विजय वर्मा, अभय नारायण राय, दीपक कश्यप, केशव गोरख, महेश दुबे, चित्रकांत श्रीवास, अमर बजाज, संतोष पीपलवा, पवन पांडेय, हीरा यादव, मनोज श्रीवास, समीर अहमद, अशोक भंडारी, देवीदास, रामा बघेल, रसीद बक्श, चंद्र प्रकाश जायसवाल, आशुतोष शर्मा, शैलेन्द्र उर्मलिया, रणजीत सिंह खनूजा, शिवा मुदलियार,अश्वनी शर्मा,राघवेंद्र सिंग, संतोष कुमार साहू, नारायण अवस्थी, राजा अवस्थी. मोहसिन अली, शाहबाज़ अली, अक़ील अली और सुदीप श्रीवास्तव धरने में शामिल हुए।

न्यूज गैलरी

रांची जा रहा कंटेनर शहर के सोनेसरार मोड़ पर पलटा

खैरागढ़/नवप्रदेश। महाराष्ट्र से मालभर रांची जाने निकला कंटेनर शहर के सोनेसरार के खतरनाक मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गया । हादसा रविवार शाम का है । मोड़ पर कंटेनर ट्रक क्रंमाक एमएच 40 बीएल 9616 का चालक नियंत्रण खो बैठा । इस दौरान वहाँ से वाहनों की आवाजाही होती रही । लेकिन गनीमत रही कि कोई दूसरा वाहन इसकी चपेट मे नही आया । नही तो बड़ी घटना हो सकती थी । सोनेसरार स्थित मोड़ राजनांदगांव कवर्धा मुख्य मार्ग पर है । इस मोड़ पर कई दुर्घटनाएं सामने आ चुकी है । इसके बाद भी प्रशासन अब तक लापरवाह बना हूआ है । ट्रक कंटेनर मे खाने का चिप्स भरा हूआ है । रविवार को हूए हादसे के बाद इसकी सूचना कंपनी को चालक सोनू ने दी है । सोमवार शाम तक कंटेनर को उठाया नही गया था ।

दीनदयाल सिन्हा कलार समाज के जिला कार्यवाहक अध्यक्ष

खैरागढ़/नवप्रदेश। कलार समाज की प्रांतीय कार्यकारिणी छत्तीसगढ़ की कार्यकारणी बैठक रायपुर में आयोजित हुई । जिसमे सामाजिक नियमावली में संशोधन के साथ साथ अन्य विषयों पर चर्चा,प्रस्ताव पारित किए गए। प्रशासनिक दृष्टि से लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व नवीन जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई के निर्माण के बाद कलार समाज के प्रांतीय प्रतिनिधियों ने सामाजिक संरचना में परिवर्तन करते हुए कलार समाज जिला खैरागढ़ का गठन करते हुए क्षेत्र के समाज सेवी व व्यवसायी दीनदयाल सिन्हा को जिला केसीजी का कार्यवाहक अध्यक्ष मनोनित किया है । नई कार्यकारिणी मे नरोत्तम सिन्हा मुढ़ीपार को महामंत्री व शिक्षक भगवती प्रसाद सिन्हा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। दीनदयाल सिन्हा ब्लाकके जालबांधा सरपंच हैं ।

कलेक्टर ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर जनमेजय महोबे से आज बारहवीं बोर्ड परीक्षा में जिले के मेरिट सूची में दबदबा बानने वाले रोशनी दिवाकर (92.80 प्रतिशत), असिफा शाह (92.40 प्रतिशत) और अलिशा चौरिया (91.6 प्रतिशत) ने सौजन्य भेंट की। इस उपलब्धि पर कलेक्टर ने छात्र उनके माता-पिता और स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षको को सम्मानित किया। कलेक्टर श्री महोबे ने छात्र को जिले का नाम गौरवान्वित करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने टॉप-10 में शामिल विद्यार्थियों को भविष्य में उनके उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए शासन एवं प्रशासन स्तर पर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर पंडरिया एसडीएम श्री संदीप ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर सुश्री हर्षलता वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

रजेगांव शराब दुकान का मैनेजर और सहायक गिरफ्तार

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले के गातापार थाना क्षेत्र मे 9 मई को स्कार्पियों वाहन मे मप्र की शराब तस्करी की सूचना पर की गई कार्यवाही के दौरान वाहन और अवैध शराब को छोड़कर फरार हूए आरोपियों को गातापार पुलिस ने मशक्कत के बाद गिरफ्तार करने मे सफलता पाई है । गातापार पुलिस को देखकर शराब तस्कर द्वारा वाहन को कटेमा मार्ग मे छोड़ दिया गया था । पुलिस ने वाहन सहित वाहन मे भरे 1 लाख 84 हजार रू से अधिक की मप्र निर्मित 33 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की थी । मामला दर्ज कर जांच के दौरान फरार तस्करो की पतासाजी के दौरान प्रकरण मे खैरा थाना ठेलकाडीह के आरोपी वाहन चालक महेन्द्र वर्मा 34 साल को राजनांदगांव मे घेराबंदी कर गिरपतार किए जाने के बाद तस्करो की पोल खुल गई । आरोपी महेन्द्र ने पुलिस को बताया कि मप्र की 33 पेटी शराब को मप्र के रजेगांव स्थित अंग्रेजी शराब दुकान से लाकर छग मे अवैध तरीके से खपाए जाने की तैयारी थी । इसमे रजेगांव शराब दुकान का मैनेजर और सहायक भी शामिल था । जानकारी के आधार पर खैरागढ़ जिला पुलिस ने रजेगांव शराब दुकान मैनेजर रमाकांत सिंह 40 वर्ष जदुपूर बिहार और सोनू दूबे अतर्रा बांदा उप्र को गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश कर जेल भेजा है ।

लगातार धरपकड़ के कारण अपराधों में आयी कमी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में एएसपी मुकेश ठाकुर (ऑपस) एवं एएसपी राहुलदेव शर्मा के मार्गदर्शन में जिलेभर में चलाये जा रहे अभियान के तहत् अवैध शराब, गांजा व नशीले पदार्थो तथा जुआ-सट्टा पर की धरपकड़ कार्यवाही किया गया। विगत 5 माह दिनांक 1.12.2023 से 18.05.2024 तक की स्थित में अवैध शराब के 379 प्रकरणों में 389 व्यक्तियों के पास से 2283.51 लीटर देशी-विदेशी शराब कीमती 1222536 रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त कार 4 नग, 17 नग मोटर सायकल जप्त किया गया। इसी प्रकार अवैध नशीले पदार्थ गांजा के 9 प्रकरणों में 18 आरोपी से 170 किलोग्राम गांजा कीमती 1498500 रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त 2 ट्रक, 2 कार एवं 4 मोटर सायकल जप्त किया गया। नशीले पदार्थो के विरूद्ध राजनांदगांव पुलिस की लगातार कार्यवाही जैसे आबकारी एक्ट 34 (1) के मामले में 2 प्रतिशत वृद्धि हुई है और आबकारी एक्ट 34 (2) के मामले में 61 प्रतिशत वृद्धि हुई है। इस वजह से विभिन्न अपराधों में कमी आयी है। जैसे-मारपीट के मामलों में 6 प्रतिशत, चाकूबाजी के मामलों में 45 प्रतिशत, हत्या के प्रयास मामलों में 82 प्रतिशत, हत्या के मामलों में 17 प्रतिशत, सड़क दुर्घटना में 16 प्रतिशत, छेड़छाड़ के मामलों में 22 प्रतिशत एवं बलातकार के मामलों में 53 प्रतिशत की कमी हुई है।

भाई ने की भाई की हत्या, पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। 17 मई 2024 को ग्राम बिजेतला के ग्रामीणों के माध्यम से सूचना मिला कि होरी लाल उमरे ग्राम बिजेतला के खेत में स्थित सूखे कुंए के अंदर बोरे-कपडे में लपेटकर बंधा हुआ अज्ञात व्यक्ति का शव पडा हुआ है। सूचना पर मौके पर थाना घुमका पुलिस द्वारा घटना स्थल ग्राम बिजेतला पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से कुंए के अंदर से बोरे कपड़े आदि में लिपटे हुए शव को कुंए से बाहर निकालने पर अज्ञात पुरूष का शव बरामद हुआ था। प्रथम दृष्टया किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मृतक की हत्या कर शव को छुपाने के उद्देश्य से बोरे में डालकर कुंए में फेंकना पाये जाने से थाना घुमका में मर्ग कायम पश्चात अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 79/2024 धारा 302, 201 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

उक्त घटना क्रम की सूचना वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई, जिस पर प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के निर्देशन में अनुविभागीय पुलिस अधिकारी डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी घुमका निरीक्षक विनय कुमार पम्मार के नेतृत्व में थाना घुमका स्टाफ एवं सायबर सेल राजनांदगांव की संयुक्त टीम द्वारा तत्काल अज्ञात मृतक के संबंध में हरसंभव पतासाजी प्रारंभ की गई। पतासाजी के दौरान दिनांक 18 मई 2024 को मृतक की पहचान बेदप्रकाश निर्मलकर उर्फ वेदू पिता मनहरण निर्मलकर, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम बिजेतला, थाना घुमका, जिला राजनांदगांव के रूप में हुई, जो कि ग्रामीणों के माध्यम से पता चला कि मृतक वेदप्रकाश निर्मलकर विगत 3 दिनों से लापता है, किन्तु मृतक के गुम होने के संबंध में परिजनों द्वारा किसी प्रकार का सूचना थाना घुमका में नहीं दिया गया है। साथ ही जांच के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि मृतक का उसके छोटे भाई बालमुकुंद निर्मलकर, माता-पिता व छोटी बहन के साथ आये दिन लड़ाई-झगडा होता रहता था। पूर्व में वर्ष 2022 में मृतक के द्वारा अपने भाई, मां व बहन के साथ मारपीट किया था, जिसकी सूचना पर थाना घुमका में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। उक्त आधार पर दिनांक 18 मई 2024 को मुख्य संदेही बालमुकुंद उर्फ पप्पू निर्मलकर पिता मनहरण निर्मलकर, उम्र 24 वर्ष, निवासी बिजेतला, थाना घुमका, जिला राजनांदगांव को घुमका पुलिस व सायबर सेल टीम राजनांदगांव द्वारा हिरासत में लेकर हिकमतअमली से पूछताछ किया गया। पूछताछ पर आरोपी बालमुकुंद निर्मलकर ने बताया कि बचपन से मृतक बड़े भाई वेदप्रकाश निर्मलकर के द्वारा उससे मारपीट करता था। शराब पीकर आये दिन घर में अपने माता-पिता व छोटी बहन को भी मारता पीटता था, उसकी हरकतों से घर के सभी परिजन परेशान थे। वर्ष 2022 में भी मृतक के द्वारा अपने भाई, मां, बहन को जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किया था, जिसके कारण मृतक की मां व छोटी बहन घर से भाग गये थे, उसी रंजिश के कारण मृतक के छोटे भाई पिता व माता ने उसकी हत्या करने की योजना बनाई थी। योजना के तहत दिनांक 15 मई 2024 के रात्रि जब मृतक अपने कमरे में सो रहा था तब आरोपी बालमुकुंद द्वारा घर में रखे टंगिया से मृतक के सिर व गर्दन में 4 से 5 बार लगातार वार कर हत्या कर दिया था तथा मृतक के शव को आरोपी भाई व पिता के द्वारा जूट की बोरियों में भरकर शव को छिपाने के लिए घर से उठाकर उस रात में ही गांव के ही होरी लाल उमरे के खेत में स्थित कुंए में फेक दिये थे एवं घटना के बाद घटना स्थल में मौजूद खून धब्बो को मिटाने के उद्देश्य से आरोपी माता द्वारा लिपाई पोताई कर दिया गया था।

गोवा से महादेव सट्टा एप चलाने वाले 7 अंतरराज्यीय सटोरिए गिरफ्तार

■ **100 करोड़ का लेनदेन,13 लैपटाप, 48 मोबाइल, 26 पासबुक, 40 एटीएम कार्ड जब्त, 84 खाते फीज**

कोरबा/नवप्रदेश। आईपीएल पर महादेव एप से सट्?टा खिलाने वाले अंतरराज्यी सटोरियों पर कोरबा पुलिस ने ब?ी कार्रवाई की है. गोवा से सात और एक सटोरिए को कोरबा से गिरफ्तार किया गया. सातों आरोपी गोवा में बैठकर महादेव रू100, रू151 पैनल से आईपीएल सट्टा संचालित करते थे. महादेव ऑर्गेनाइजेशनल इनपुट पर पुलिस ने यह कार्रवाई की.

कोरबा एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि पकड़े गए अंतरराज्यीय सटोरियें में छत्तीसगढ़ के 04, महाराष्ट्र के 02 एवं हरियाणा का 1 आरोपी शामिल है, जो गोवा में फ्लैट किराए पर लेकर महादेव सट्?टा एप का पैनल चलाता था. सटोरियों के कब्जे से लैपटॉप 13 नग, स्मार्ट मोबाइल फोन 48 नग, 26 पास बुक, 14 चेक बुक और 40 एटीएम कार्ड जब्त किया गया है. जप्त मशरूका की कुल कीमत लगभग 25,00,000 रुपए बताया जा रहा.

84 खाते फीज, 30 लाख रुपए होल्ड

एसपी ने बताया, गिरफ्तार सटोरियों से पैनल संचालन के लिए उपयोग किए जाने वाले कुल 135 बैंक खातों की जानकारी मिली है, जिसमें मनी ट्रेल का विश्लेषण किया जा रहा. सटोरियों के विरूद्ध थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध किया गया है. बैंक खातों में जमा राशियों को होल्ड / फ्रीज कराने विधिवत कार्रवाई की जा रही है. सटोरियों के विभिन्न बैंक खातों में लगभग 100 करोड़ से अधिक का लेनदेन पाया गया. इस मामले में विवेचना जारी है. पुलिस ने अलग-अलग बैंकों के 84 खातों को फ्रीज कराया है, जिसमें 30 लाख रुपए को होल्ड कराया गया.

नगर पालिका ने कर वसूली के लिए बकायादारों को थमाया नोटिस

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर पालिका कवर्धा अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए पालिका के अधिकारी और कर्मचारी पसीना बहा रहे हैं। राजस्व वसूली को लेकर पालिका ने कड़ा रूख अपनाने के बाद कर्मचारी वसूली का टारगेट प्राप्त करने के लिए बकायादारों से लगातार संपर्क बनाए हुए हैं। नोटिस अवधि पूरी होने के बाद बकायादारों के खिलाफ लोक अदालत में प्रकरण प्रेषित किये जाने व जलकर राशि नही पटाने वाले हितग्राहियों का नल कनेक्शन विच्छेद करने की कार्यवाही किये जाने की तैयारी की जा रही है।

नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने राजस्व कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में राजस्व वसूली किये जाने को लेकर कड़े निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि संपत्तिकर, समेकितकर, जलकर वसूली हेतु कड़ाई करें, जिनका बकाया ज्यादा है उनका नल कनेक्शन भी काटने की कार्यवाही करें। उन्होंने बताया कि वसूली नही होने के कारण अधिकारी- कर्मचारियों को वेतन प्रदान करने में परेशानी हो रही है समय पर कर्मचारियों को वेतन नही दे पा रहे है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश कुमार वर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में विधानसभा चुनाव एवं 2024-25 सत्र प्रारंभ में लोकसभा चुनाव होने के कारण सभी अधिकारी-कर्मचारियों की चुनाव ड्यूटी लग गया था जिसके कारण संपत्तिकर, समेकित, जलकर एवं दुकान किराया वसूली कार्य प्रभावित हुआ है। नगर पालिका कवर्धा ने अब कर बकाया वसूली के लिए विशेष अभियान शुरू कर दिया है। अभियान के तहत पालिका ने बकाया दुकानदार और संपत्तिकर समेकित कर के बकायादारों को नोटिस थमा चुकी है। नोटिस देने के बाद भी बकाया राशि जमा नहीं होने पर कार्यवाही की तैयारी की जा रही है। इसमें बकाया राशि जमा ना करने वाले के खिलाफ राजस्व न्यायालय में प्रकरण दर्ज करने के साथ पालिका की सुविधाओं से वंचित करने की कार्यवाही भी शामिल है।

शिविर में 5 हजार व्यक्तियों की नि:शुल्क जांच

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आज जिला कार्यालय परिसर में लगाएं गए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में बीपी एवं डायबिटीज की जांच कराई। कलेक्टर सहित जिले के सभी अधिकारी, जिला कार्यालय के कर्मचारियों ने भी स्वास्थ्य परीक्षण कराया। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि हमारा जीवन अमूल्य है। हमे अपने जीवन शैली को बेहतर बनाने के लिए नियमित योग एवं प्राणायाम करना चाहिए। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहते हुए जागरूक होकर सभी को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराना चाहिए। इस अवसर पर कार्यालीन कार्य से आए आम नागरिकों ने भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जनपद कार्यालय कवर्धा एवं जिले में संचालित समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व आयुष्मान आरोग्य मंदिर में उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 4 हजार 828 व्यक्तियों का जांच किया गया। शिविर में जिला चिकित्सालय एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम का पूर्ण सहयोग रहा। विश्व उच्चरक्तचाप दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एल.राज के निर्देशानुसार एवं सिविल सर्जन डॉ. केशव ध्रुव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी के मार्गदर्शन में शासकीय कार्यालयों, जिला एवं जनपद पंचायत, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सभी स्वास्थ्य केन्द्र सहित स्वास्थ्य विभाग द्वारा कलेक्टारेट परिसर में आज शिविर लगाकर अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों का स्वास्थ्य जांच किया गया।

शराब बनाने मॉडिफाई सेटअप बनाया, गैस चूल्हे के साथ युवक गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। प्रशिक्षु आईपीएस एवं थाना प्रभारी खरसिया आकाश श्रीश्रीमाल के नेतृत्व में खरसिया थानाक्षेत्र में खरसिया पुलिस की लगातार कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में आज प्रशिक्षु आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम चपले में परमेश्वर दास बैरागी के घर पीछे शराब रेड कार्रवाई किया गया । पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम चपले का परमेश्वर दास अपने घर के पीछे अवैध महुआ शराब का निर्माण कर अवैध रूप से बिक्री करने हेतु रखा है।

जिस सूचना पर आज सुबह पुलिस टीम द्वारा मौके पर रेड कार्यवाही किया गया जहां आरोपी परमेश्वर दास बैरागी पिता महेत्तर दास उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम चपले थाना खरसिया को उसके घर के पीछे एक कमरा में गैस चूल्हा में सिल्वर बर्तनों का मॉडिफाई सेटअप भट्टी लगाकर अवैध रूप से महुआ शराब का निर्माण करते पक?ा गया जिसके कब्जे से 02 नग 15 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक डिब्बा में भरा 30 लीटर महुआ शराब, 02 नग 5 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरीकेन में 10 लीटर महुआ शराब जुमला 40 लीटर महुआ शराब कीमती 8,000 रुपये तथा शराब बनाने के पात्र, गैस चूल्हा, सिलेण्डर की जप्ती कर थाना लाया गया। आरोपी परमेश्वर दास बैरागी के कृत्य पर आरोपी को गिरफ्तार कर थाना खरसिया में धारा 34(2), 59 (क) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही कर न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया । संपूर्ण कार्रवाई में प्रशिक्षु आईपीएस एवं थाना प्रभारी खरसिया श्री आकाश श्रीश्रीमाल, सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी नारायण राठौर, आरक्षक सत्यनारायण सिदार, योगेश साहू और अशोक कंवर शामिल थे ।

तीन डीजे व धुमाल संचालकों के खिलाफ कार्यवाही

राजनांदगांव/नवप्रदेश। केन्द्रीय चुनाव आयोग भारत सरकार द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 परिपेक्ष्य में दिनांक 16 मार्च 2024 से संपूर्ण भारत में आदर्श आचार संहिता लागु किया गया है, जिसका सभी आम जनता को अनिवार्य रूप से पालन किया जाना है। जिस पर घटना स्थल पारीकला के पास मेन रोड मे श्री शिवम धुमाल पार्टी के संचालक मो. सफी पिता अब्दुल गफ्फार गौरी, उम्र 37 साल, साकिन सदर बाजार लक्ष्मी मंदिर के पास थाना बसंतपुर के कब्जे से वाहन टाटा 407 पिकअप क्रमांक सीजी 08-एके 3220 मे लगा साऊंड सिस्टम एवं डिस्कोलाईट व धुमाल एवं घटना स्थल तिरंगा चौक कन्हारपुरी में साई कृपा धुमाल पार्टी के संचालक रिक्की सोनेकर पिता अजय सोनेकर, उम्र 36 साल, साकिन गौशाला, वार्ड बड़ी पानी टंकी के पास, गोंदिया, थाना सिटी कोतवाली, जिला गोंदिया, महाराष्ट्र के कब्जे से वाहन टाटा 407 पिकअप क्रमांक सीजी 08-एल 1026 मे लगा साउण्ड सिस्टम डिस्कोलाईट व धुमाल बाजा तथा घटना स्थल मानव मंदिर चौक राजनांदगांव के पास से देवभूमि धुमाल पार्टी के संचालक मोनू यादव पिता माखन यादव, उम्र 29 साल, साकिन जमातपारा, थाना बसंतपुर, जिला राजनांदगांव के कब्जे से वाहन टाटा 407 पिकअप क्रमांक सीजी 24-ई 4190 मे लगा साउण्ड सिस्टम डिस्कोलाईट व धुमाल बाजा को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

डबरी व तालाब किनारे बेजा कब्जा कर हो रहे पक्के निर्माण, पंचायत खामोश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। ग्राम सोमनी में इन दिनों अतिक्रमण की शिकायत बढ़ गई है। लोग खाली जगह देख पक्के निर्माण कर रहे हैं। गांव में अतिक्रमण के बढ़ते मामले में ग्राम पंचायत की खामोश कई तरह के सवालों को जन्म दे रही है। खबर है कि पंचायत में मौखिक रूप से शिकायत करने के बाद भी अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस कारण गांव के सरपंच व अन्य प्रतिनिधियों पर बेजा कब्जा करने वालों से मिलीभगत का आरोप तक लग रहा है। बताया गया कि गांव में आवास पारा डबरी के किनारे कई लोगों ने झोपड़ी बनाकर कब्जा कर लिया है। वहीं कुछ लोग पंचायत की खामोशी के कारण बेखौफ होकर पक्के मकान का भी निर्माण करा रहे हैं। इसके बाद भी पंचायत द्वारा किसी तरह की कार्रवाई नहीं की जा ही है। गांव के बाजार चौक में भी कब्जा कर लोगों ने दुकानें बना ली है। पंचायत के व्यवसायिक परिसर के पास भी धड़ाधड़ दुकान का निर्माण करा लिया गया है। इसके बाद भी पंचायत में सरपंच व अन्य प्रतिनिधि मूकदर्शक बने हुए हैं। आरोप तो यह भी है कि पंचायत प्रतिनिधि लेन-देन कर बेजा कब्जा करने वालों को अतिक्रमण की छूट दे रहे हैं। जिसके कारण कई व्यवसायिक परिसर को तोड़फोड़ कर दुकानदारों ने अपने हिसाब से निर्मा करा लिया है। इस मामले में भी लेन.देन का आरोप है। गांव के तालाब किनारे भी कई लोगों ने गड्ढों का पटाव कराकर पक्का मकान निर्माण करा लिया है।

अनुपस्थित 6 राजस्व निरीक्षकों को कारण बताओ नोटिस

खैरागढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में राजस्व के अनुविभागीय अधिकारियों तथा तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों से उनके न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरणों के संबंध में जानकारी लेकर राजस्व प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व के दर्ज, निराकृत और लंबित प्रकरणों की समीक्षा के साथ ही तहसील वार अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण, भू राजस्व के बकाया के रूप में वसूली, विवादित खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन के लंबित प्रकरणों, भूमि त्रुटि सुधार के कार्य, भूमि बंटन, ऑनलाइन भुइयां पोर्टल में अपडेशन जैसे मामलों पर समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को आरबीसी 6/4 के प्रकरणों का भी त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। ताकि प्रभावित लोगों को मुआवजा प्रदान करने में विलंब या कठिनाई न हो। कलेक्टर वर्मा ने बैठक में अनुपस्थित रहने पर 6 राजस्व निरीक्षकों को कारण बताओं नोटिस जारी करने कहा। बैठक में अविवादित नामांतरण लंबित अधिक होने के कारण तहसीलदार खैरागढ़ , नायाब तहसीलदार जालबांधा, भू अभिलेख अधीक्षक को सही जानकारी उपलब्ध नहीं कराए जाने और सीमांकन प्रकरण के कार्य धीमा होने के कारण तहसीलदार गंडई को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

बैठक में समर्थन मूल्य में धान खरीदी की समीक्षा

खैरागढ़/नवप्रदेश। आगामी सत्र मे जिले मे समर्थन मूल्य मे धान खरीदी की तैयारी की समीक्षा बैठक लेते कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने राजस्व एवं धान खरीदी से सम्बंधित अधिकारियों की संयुक्त बैठक में उन्होंने जिले में समर्थन मूल्य में धान खरीदी की समीक्षा एवं प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली।

कलेक्टर ने आने वाले धान की खरीफ फसल की समर्थन मूल्य में खरीदी के संबंध में चर्चा करते अधिकारियों से कहा कि पंजीकृत कृषकों से धान खरीदी के समय आने वाली कठिनाईयों को दूर करने अभी से सभी व्यवस्थाओं को ठीक करने निर्देश दिए। इस अवसर पर खाद्य विभाग, जिला विपणन, सहकारिता, नागरिक आपूर्ति निगम, जिला केंद्रीय मर्यादित बैंक के अधिकारी उपस्थित थे। अधिकारियों ने बताया कि किसान पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से कर विगत वर्ष के पंजीकृत कृषकों का पंजीयन आगामी वर्ष के लिए कैरी फारवर्ड किया जाता है। नवीन कृषकों का पंजीयन तहसीलदार माड्यूल में किया जाता है। नवीनकृत एवं नवीन पंजीयन कृषकों के रकबा सत्यापन गिरदावरी से किया जाना बताया गया।

पेयजल एवं निस्तारी की समस्या, आवश्यक व्यवस्था तुरंत बनाएं

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले मे गर्मी के दौरान पेयजल और जलस्तर गिरने की समस्या को लेकर लोगो को हो रही परेशानी की खबर पर कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक व्यवस्था तुरंत बनाए जाने के निर्देश दिए है । जिले मे गर्मी के चलते जल स्तर गिरने से पेयजल संकट बढ़ गया है । जिले मे पेयजल, जलस्तर घटने, जीवनदायिनी नदियों के संवर्धन सहित पेयजल निस्तारी संकट को लेकर प्रकाशित खबर पर गंभीरता दिखाते कलेक्टर चंद्रकात वर्मा ने पेयजल एवं निस्तारी की समस्या दूर करने के लिए नगरीय, राजस्व, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिले में पेयजल समस्याओं पर समीक्षा की। कलेक्टर वर्मा ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता सहदेव सोनवानी को जिले के किसी भी ग्राम में ग्रीष्म गतु के दौरान पेयजल एवं निस्तारी की संकट नही होने देने पर विशेष ध्यान देने , किसी भी गांव में पेयजल की संकट की शिकायत पर उसका तत्काल निराकरण करने, ग्रामों में स्थापित हैण्डपम्पों एवं नलजल योजना के नलकूपों में जलस्तर नीचे चले जाने पर अतिरिक्त पाईप बढ़ाने या वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर वर्मा ने जिले के खैरागढ़ नगरीय क्षेत्र में पेयजल एवं निस्तारी की समस्याओं की शिकायतों को दूर करने जल संसाधन विभाग को तत्काल समाधान करने निर्देश देते कहा कि शहर की जीवनदायनी नदियों के जल स्तर की तत्काल जांच कर समस्या का निराकरण करना सुनिश्चित करें। ताकि आम नागरिकों के लिए निस्तारी, जानवरों के लिए पीने का पानी और डाउन वाटर लेवल को रिचार्ज करने की समस्याओं को दूर किया जा सके। कलेक्टरचन्द्रकांत वर्मा ने जिले में जल-जीवन मिशन अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यो के अतिरिक्त जल-जीवन मिशन के पूर्व से संचालित पेयजल व्यवस्था के संबंध में चर्चा की। उन्होंने जल-जीवन मिशन के अंतर्गत प्रगतिरत निर्माण कार्यो को शीध्र पूर्ण कर ग्रामों में पेयजल प्रदाय प्रारंभ करने कहा ।कलेक्टर ने कहा कि जल-जीवन मिशन के कार्यो में यदि किसी ग्राम पंचायत में कोई समस्या हो तो राजस्व अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर समस्या का त्वरित निराकरण करें। बैठक में अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल, संयुक्त कलेक्टर सुरेन्द्र कुमार ठाकुर समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

अवैध फ्लाई ऐश डंपिंग के खिलाफ कार्रवाई

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में जिले में अवैध फ्लाई ऐश डंपिंग पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सक्ती के एस पैकरा से प्राप्त जानकारी अनुसार नया बाराद्वार पटवारी हल्का नंबर 11 स्थित खसरा नंबर 113 शासकीय तालाब में कराए जा रहे अवैध फ्लाई ऐश डंपिंग पर तहसीलदार बाराद्वार विद्याभूषण और तहसीलदार सक्ती मनमोहन सिंह द्वारा कार्रवाई की गई। उनके द्वारा मौके पर दो हाइवा वाहन क्रमांक सीजी 13 एडब्ल्सू 3204 और सीजी 04 पीजे 0216 को जब्त कर थाना बाराद्वार में सुपुर्द किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा सभी तहसीलों में अवैध फ्लाई ऐश डंपिंग पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

नि:शुल्क कैरियर गाइडेंस कार्यशाला 23 मई को

मुंगेली/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अंबेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा डॉ. भीम राव अंबेडकर आवासीय विद्यालय मुंगेली में जिला स्तरीय 10वी एवं 12वी बोर्ड परीक्षा 2024 में 75रूसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी जाति वर्ग के प्रतिभावान छात्रों के लिए प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी बुद्ध जयंती के पावन अवसर पर अग्रिम बधाई एवं शुभकामना के साथ एक दिवसीय निःशुल्क कैरियर गाइडेन्स कार्यशाला एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 23 मई गुरुवार को प्रातः 10 बजे से दो सत्र में आयोजन किया जा रहा है। प्रथम सत्र में कैरियर गाइडेंस एवं द्वितीय सत्र में प्रतिभा सम्मान जिसमें जिले के समस्त शासकीय अशासकीय शालाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्रा अपने रिजल्ट के इंटरनेट कॉपी और अपने अभिभावक के साथ उपस्थित हो सकते हैं। पूर्व से पंजीयन भी करा सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए संस्था के मो. नम्बर 9303901651 पर संपर्क करें। उक्त जानकारी संस्था अध्यक्ष राजेंद्र दिवाकर एवं सचिव एच आर भास्कर ने दी है।

तीन दिवसीय श्रीराम कथा शुरू

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम मथानी खुर्द में स्व. अनिल चंद्राकर की वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर उनके परिवारजनों द्वारा 19 से 21 मई तक तीन दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। पांडातराई वाले पंडित सागर मिश्रा कथावाचक होंगे। वहीं कुंडा वाले पंडित अश्वनी शर्मा 21 मई को 07 अध्याय भागवत परायण करेंगे। सोमवार 20 मई को दिन में श्रीराम कथा और रात्रि 08 बजे शारदा भजन मंडली द्वारा सुंदरकांठ पाठ, 21 मई को वार्षिक श्राद्ध, भगवत परायण, श्रीराम कथा एवं देवी जगराता ग्रुप द्वारा रात्रि 08 बजे से भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान 21 मई को पौधारोपण, गऊसेवा का संदेश और जनसेवा के उद्देश्य से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी लगाया जाएगा।

शासकीय दिव्यांग महाविद्यालय माना कैम्प में संगीत-कला कोर्स

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय दिव्यांग महाविद्यालय माना कैम्प रायपुर में संगीत एवं चित्रकला में स्नातक कोर्स बी.पी.ए बैचलर आफ परफार्मिंग आर्ट्स एवं बी.एफ.ए. बैचलर आफ फाईन आर्ट्स हेतु नवीन सत्र 2024-25 में प्रवेश प्रारंभ हो गया है। समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक शारदा जायसवाल ने बताया कि जिले के 12वीं उत्तीर्ण श्रवणबाधित, दृष्टिबाधित व अस्थिबाधित दिव्यांगजन जो संगीत एवं चित्रकला में स्नातक की शिक्षा पूरा करना चाहते हैं, वे अपने समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ महाविद्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों को 10वीं-12वीं के अंकसूची की छायाप्रति, चरित्र प्रमाण पत्र की मूलप्रति, दिव्यांगता, जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, आधार कार्ड आदि दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। इसके साथ-साथ अभ्यर्थियों को 10 नग रंगीन पासपोर्ट फोटो भी लाना होगा। उपसंचालक उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों का मोबाईल नम्बर आधार कार्ड और बैंक पासबुक से लिंक होना चाहिए। इसके साथ-साथ बैंक पासबुक, 12वीं की अंकसूची तथा आधारकार्ड में विद्यार्थी का नाम एक समान होना चाहिए।

अवैध शराब के साथ महिला गिरफ्तार



सक्ती/नवप्रदेश। मुखबीर से सूचना मिला कि ,रायपुरा भांठापारा निवासी सोनिया बाई कुर्रे पति स्व. कन्हैया लाल कुर्रे उम्र 35 वर्ष भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब बिक्री हेतु रखी है और ग्राहक का इंतजार कर रही है, सूचना पर प्रआर. 299 मनीष राजपूत, पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर सोनिया बाई कुर्रे से 05 लीटर क्षमता वाली पीले रंग की दो प्लास्टिक जरिकेन महुआ शराब गवाहों के समक्ष जब्त किए। आरोपिया के खिलाफ थाना बाराद्वार में धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को माननीय न्यायालय प्रस्तुत किया गया जहां से आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है ।

अघोषित बिजली कटौती व लो वोल्टेज से उपभोक्ता परेशान

मुंगेली/नवप्रदेश। अघोषित बिजली कटौती और लचर व्यवस्था का खामियाजा शहरी क्षेत्र के बिजली उपभोक्ता परेशान हो रहे है। लो-वोल्टेज, अघोषित कटौती और सप्लाई की लचर व्यवस्था से सब हो रहे परेशान। बिजली कटौती के चलते पानी की समस्या भी हो रही है।

विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते किसी भी समय घंटों बिजली बंद होना हर दिन की समस्या बन गई है। गर्मी के कारण लोग धूप एवं नवतपा के नाम से घर में ही रहते है ऐसे समय में अचानक बिजली चली जाती है जिससे लोग गर्मी में बेहाल हो रहे है रही सही कसर रात्रि में अचानक बिजली बंद कर दी जाती है जिससे लोग हलाकान होते रहते है। हर रोज एक से दो घंटे की बिजली की कटौती आम बात हो गई है। गांवों में लो वोल्टेज की समस्या रहती है। बिजली कटौती के चलते पानी की समस्या भी हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में मेंटनेंस नहीं

के बराबर होता है। ग्रामीण और शहरी एरिया में बिजली विभाग करोड़ों का मेंटनेंस का कार्य कर रहा है, पर कंडम ट्रांसफार्मर और झुलते तारों से लोगों को छूटकारा नहीं मिल रहा। विभाग मई-जून में बरसात से पहले मेंटनेंस का कार्य करता है, इस कारण इस अवधि में बिजली बंद कर दी जाती है। इसके बावजूद अघोषित कटौती की जाती है। इन दोनों स्थितियों से छुटकारा यदि मिल भी जाए तो हवा-पानी के कारण बिजली बंद हो जाती है। नागरिकों का कहना है कि यह सब विभाग के अधिकारियों में कार्य की प्रति सजगता में कमी का नतीजा है। पुराने संसाधनों और सीमित कर्मचारियों के भरोसे उपभोक्ताओं को बिजली की समस्या से छुटकारा मिल पाना संभव नहीं है। विद्युत विभाग के अधिकारियों में सजगता की कमी के चलते अक्सर नगर सहित जिले में बिजली गुल हो जाती है।घरों में लोग दीपक, लालटेन या चिमनी के भरोसे हो जाते हैं। कलेक्ट्रेट सहित शासकीय या अन्य कार्यालयों में भी किसी भी समय घंटो बिजली बंद हो जाती है। ज्यादातर आजकल कंप्यूटर और इंटरनेट पर निर्भर हो गए हैं, इस कारण बिजली बंद रहने से शासकीय कार्य भी प्रभावित रहते हैं।पानी सप्लाई के समय नगर में बिजली बंद हो जाती है। जिसके चलते अनेक वार्डो मे लोग पानी के लिए परेशान हो रहे है। बिजली पांच-दस मिनट के लिए आकर कब चली जाए, इसका भरोसा नहीं रहता। यदि गुल हो जाती है तो लंबे समय तक आती भी नहीं।सबसे महत्वपूर्ण यह की कर्मचारियों अधिकारियो द्वारा फोन नही उठाया जाता।

कापीराइट एक्ट के तहत पुलिस ने की कार्रवाई

मुंगेली/नवप्रदेश। क्षेत्र में चल रहे नकली समान बिजली तार बिक्री पर पुलिस द्वारा कापीराईट एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी। आरोपी द्वारा आर.आर. कंपनी का डुप्लीकेट तार को दुकान में बिक्री की जा रही थी। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा कापीराईट अधिनियम 1957 की धारा 6365 का अपराध घटित होना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

उप पुलिस महानिरीक्षक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन व अनुविभागीय पुलिस अधिकारी सालिकराम घृतलहरे के निर्देशन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली मुंगेली निरीक्षक तेजनाथ सिंह एवं स्टाफ के द्वारा 18 मई को प्रार्थी विशाल मंडल पिता स्व. सत्यनाराण मंडल उम्र 31 वर्ष पता अनाथ बाबू बजार लेन कलकत्ता पश्चिम बंगाल थाना

बरतल्ला जिला कलकत्ता द्वारा एक लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। आरोपी जय शक्ति इलेक्ट्रानिक्स एंड इलेक्ट्रिकल्स पता पंडरिया रोड सेंट जेवियर्स स्कूल पानी टंकी के पास जिला मुंगेली के मालिक सनद कुमार उम्र 38 वर्ष पिता मनी राम साहू पता ग्राम फंदवानी पोस्ट फन्दवानी थाना सिटी कोतवाली द्वारा हमारी कम्पनी एमध्एस आरआर केबल के नाम से नकली तार बेचा जा रहा है। साथ में सस्ता एवं घटिया माल बेचकर कम्पनी की छवि धुमिल कर रहे है तथा कम्पनी को आर्थिक नुकसान किया जा रहा है। सरकार को सही से टैक्स ना देकर चोरी की जा रही है।

पत्नी की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। घरेलू विवाद में पति द्वारा कुल्हाड़ी से पत्नी की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। लखन माझवार निवासी पैगा कमलेश्वर द्वारा 19 मई को थाना कमलेश्वरपुर आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि पैगा सरपंच प्रार्थी कों फ़ोन कर बताया कि इसकी बहन अपने घर मे मृत पड़ी हैं। सूचना पर प्रार्थी अपनी बहन के घर ग्राम पैगा जाकर देखा तो इसकी बहन अपने घर के अंदर मृत हालत मे पड़ी हुई थी, घर वालो से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ करने पर पता चला कि 19 मई को मृतका का पति शराब पीकर घर आया था और खाना नही बनाने की बात कों लेकर नाराज होकर मृतका कों टांगी के बेत से सर एवं चेहरा मे मारपीट कर गंभीर चोट कारित कर हत्या कर दिया हैं। मृतका को चेहरे एवं सर मे चोट लगकर खून निकला हैं, प्रार्थी के रिपोर्ट पर मामले मे आरोपी के विरुद्ध थाना कमलेश्वरपुर मे अपराध क्रमांक 37/24 धारा 302 भा.द.वि. का अपराध दर्ज कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपी की घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया गया जो आरोपी द्वारा अपना नाम जहल साय उम्र 41 वर्ष निवासी पैगा थाना कमलेश्वरपुर

जिला सरगुजा का होना बताया। आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर पत्नी द्वारा खाना नहीं बनाने की बात पर नाराज होकर आवेश मे आकर टांगी के बेत से मृतका के सर एवं चेहरे मे मारपीट कर गंभीर चोट कारित कर हत्या कारित किया जाना स्वीकार किया गया। आरोपी के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त टांगी का बेत फल सहित जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कमलेश्वरपुर उप निरीक्षक अशोक शर्मा, महिला आरक्षक सविता पैकरा आरक्षक परवेज फ़िरदौशी अर्जुन पैकरा शामिल थे।

21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शुरू

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के दिशा निर्देशन में जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग सक्ती द्वारा जिले में 20 मई से 09 जून 2024 तक जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कराया जा रहा है। जिसका शुभारंभ आज सुबह नंदेलीभाठा खेल मैदान सक्ती में किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सक्ती के एस पैकरा सहित उपस्थित गणमान्य नागरिकों द्वारा 100 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। पैकरा ने अपने उद्बोधन में खेल के महत्व और जीवन में उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए खेल प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने के लिए कहा। वरिष्ठ अधिवक्ता चितरंजन पटेल तथा एन पी गोपाल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया । कार्यक्रम का सफल संचालन सुरेश जयसवाल प्रभारी प्राचार्य हायर सेकेण्डरी स्कूल खैरा द्वारा किया गया। ग्रीष्मकालीन शिविर में हर्षोल्लास और पूरे उत्साह के साथ बच्चे शामिल हो रहे है।

इस शिविर में सक्ती जिले के बालक और बालिका खिलाड़ी जिनकी आयु 18 वर्ष से कम है, उक्त खेल प्रशिक्षण शिविर में

सुबह 5 बजे से 7 बजे तक और शाम 4ः30 बजे से 6ः30 बजे तक उपस्थित होकर भाग ले सकते है। इस खेल प्रशिक्षण शिविर में सक्ती जिले के जूनियर एवं सब जूनियर वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ीयों को निम्नांकित खेल विधा बैडमिंटन, बालीबाल, फुटबाल, कबड्डी, खो-खो, एथलेटिक्स तथा ओलंपिक में शामिल खेलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ अवसर पर खेल अधिकारी हरी पटेल, उच्च न्यायालय अधिवक्ता चितरंजन पटेल, फुटबाल संघ के सचिव दीपक गुप्ता, कराटे संघ से स्नेहाशीष डे , जिला ओलंपिक संघ के सचिव श्री एन पी गोपाल, सीमा यादव , दादू राम केवट, बालीबाल संघ से रमापति देवांगन , जिला क्रीड़ा अधिकारी अमर सिंह राज , जिला कबड्डी संघ से सचिव अनिल कुमार सिंह कुर्रे, बाबू लाल सिदार सहित गणमान्य नागरिक,अधिकारी कर्मचारी और प्रतिभागी बच्चे उपस्थित थे। उपरोक्त ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने के लिए चंद्र प्रकाश तिवारी , जय प्रकाश बघेल, देवाशीष बनर्जी, व्यायाम शिक्षकगण भोग सिंह कंवर, अनीस जयसवाल, विनोद उरांव, विजय, कलेश्वरी साहू , मोहन सिंह राठिया, किरण सिंह, निशा साहू, बबिता गोंड , किशन रात्रे आदि का सहयोग हैं। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रर्दशन जिला खेल अधिकारी खेल एवम युवा कल्याण विभाग हरि पटेल ने किया।

सड़क निर्माण अधूरा छोड़ ठेकेदार लापता

आवागमन में हो रही समस्या, बलम्मा खाट बना जानलेवा, पूर्व में हो चुकी है दुर्घटना

सूरजपुर/नवप्रदेश। वर्तमान दौर में आवाजाही के लिए सड़क सबसे अहम भूमिका निभाती हैं, जिसके लिए केंद्र सरकार से लेकर राज्य सरकार इस ओर अपना खूब जोर लगा कर ग्रामीण क्षेत्रों में विकास का विस्तार के लिए मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिए हैं लेकिन ग्राउंड जीरो पर ठेकेदारों की मनमानी से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धूल में मिला दे रहे हैं। इनको शासकीय धनराशि में बंदरबांट कर अपनी हितों की चिंता अधिक रहती है बाकी ग्रामीणों की जान जाता भले ही चले जाए।

वहीं दूसरी तरफ दूरस्थ अंचल ओड़गी क्षेत्र के लिए कलेक्टर व जिला प्रशासन द्वारा गंभीरता से क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सक्रिय होने के बाद भी ब्लाक मुख्यालय से लगभग 30 किलोमिटर की दूरी पर स्तिथ घने जंगलों के बीच बलम्मा घाट के नाम से प्रसिद्ध एक जगह है जहां पर ग्रामीणों की मांगों पर लंबे अरसे बाद पुलिया निर्माण कार्य

का स्वीकृति प्रदान किया गया लेकिन पुलिया निर्माण कार्य में मानकों को ताक पर रखकर निर्माण कार्य चलने पर ग्रामीणों द्वारा विरोध दर्ज करने पर उल्टा ग्रामीणों के साथ विवाद किया जा चुका है। यहां पर ना तो शासकीय कार्य करने से पहले कोई बोर्ड में सूचना पटल लगाया गया हैं और ना ही कार्य किस मद से चल रहा है यह भी उल्लेख नहीं किया गया है। महीनों गुजरने के बाद भी कार्य पूर्ण नहीं होने से यहां पर ट्रेक्टर पलट जाने से मौके पर ही ग्रामीण की मौत भी हो चुकी है। इसके वावजूद भी उक्त निर्माण कार्य को संचालन कराने वाले विभाग और ठेकेदार दोनों द्वारा आधा अधूरा काम को छोड़ देने से अक्सर दुर्घटना के खतरे के बीच आवाजाही करने को ग्रामीण मजबूर हैं ।

पर्यटन व धार्मिक स्थलों में हर सप्ताह होगा स्वच्छता श्रमदान

पुलिस ट्रेनिग सेंटर के जवानों व स्थानीय युवाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर के मार्गदर्शन में जिले में पर्यटन व धार्मिक स्थलों में स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मैनपाट के ग्राम कुनिया स्थित पर्यटन स्थल टाईगर प्वाइंट में रविवार को संपूर्ण स्वच्छ ग्राम निर्माण की दिशा में रविवार को स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन कर साफ-सफाई की गई। मैनपाट के स्वच्छता आइकॉन कमलेश सिंह के निर्देशन में सक्रिय युवाओं की टीम इस स्वच्छता श्रमदान अभियान में शामिल हुई। प्रति सप्ताह मैनपाट के अलग-अलग पर्यटन स्थलों में सफाई की जा रही है।

टाइगर प्वाइंट में आयोजित

इस स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम में सक्रिय युवाओं के साथ पुलिस ट्रेनिग सेंटर के जवानों ने भी हिस्सा लेकर उत्साह एवं जोश के साथ श्रमदान किया। साथ ही एकत्रित हुए सूखे कचरे व प्लास्टिक अपशिष्ट को नज़दीकी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सह आजीविका संसाधन केंद्र में पहुंचाया गया। इस दौरान पर्यटकों को पुष्प भेंट कर स्वच्छाग्रह करते हुए दर्शनीय स्थलों को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया। कलेक्टर श्री भोस्कर के निर्देशानुसार हर सप्ताह यह अभियान जारी रहेगा।

मौसम जिले में दिन का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

झुलसा देने वाली धूप से दोपहर में सड़कें वीरान

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में शहर का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। दोपहर में सड़कों पर अघोषित कर्फ्यू जैसा सन्नाटा रहता है। किसानों का कहना तापमान और बढ़े जिससे समय पर पर्याप्त बारिश हो और फसल अच्छी हो। पिछले दिनों सप्ताह भर से हुई बारिश से किसान चिंतित थे कि इस बार गर्मी कम पड़ेगी।

जिले में बढ़ते तापमान व तेज धूप ने इन दिनों लोगों को बेहाल कर दिया है। अब तो लोगों को घर व ऑफिस में लगे पंखे व कूलर भी राहत नहीं दे रहे हैं। दोपहर को तो सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। व्यापारी भी अपनी दुकानों का शटर आधा गिराकर फर्श पर चटाई बिछाकर सोते नजर आते हैं। एक ओर बढ़ते तापमान से सभी परेशान हैं, तो दूसरी ओर किसानों का कहना है कि तापमान और बढ़े। उनके अनुसार जितना अधिक तापमान होगा, गर्मी बढ़ेगी तो समय पर पर्याप्त बारिश होगी, जिससे फसल अच्छी होगी। इस साल मई माह के दूसरे सप्ताह से जिले का तापमान बढ़ते क्रम पर है। आज तापमान 43 डिग्री तक पहुंच गया है। सुबह 8 बजे से ही सूर्य की तीखी किरणें चुभने लगती हैं। ऐसे में बिना पंखे या कूलर के घर के अंदर रहना संभव नहीं है। दोपहर 12 बजे के बाद तो ऐसा लगता है जैसे सूर्य आग उगल रहा हो।

यही कारण है कि लोग आवश्यक काम होने पर ही दोपहर को घर से बाहर निकलते हैं। गर्मी बढ़ने से परेशान लोग शाम होते ही गन्ना रस, आईसक्रीम, कुल्फी दुकान या जूस सेंटर पहुंच जाते हैं। वहीं रसीले फलों आम, तरबूज, अंगूर व कलिंदर की बिक्री भी बढ़ी है। लोग घर में चाय की जगह लस्सी या शर्बत

पीने लगे हैं। मेहमानों को भी यही दिया जाने लगा है। जरूरी काम होने पर ही लोग घरों से बाहर जाते हैं दोपहर को जब तापमान 43 डिग्री के लगभग पहुंच गया हो और सूर्य आग उगल रहा हो तो ऐसे में कोई भी सड़कों पर नहीं निकलना चाहेगा। यही कारण है कि इन दिनों दोपहर को सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। स्थिति यह है कि दोपहर को सड़कों पर दूर-दूर तक कोई नहीं दिखाई देता। अति आवश्यक काम होने पर ही लोग घर से बाहर निकलते हैं। निकलने से पहले वे आंखों में सन ग्लास, सिर पर टोपी व चेहरे पर स्कार्फ लगाकर ही निकलते हैं। लड़कियां तो हैंडग्लब्स लगाकर ही घर से बाहर निकलती हैं। गर्मी के कारण लोग बीमार भी पड़ने लगे हैं। इसे अस्पतालों की ओपीडी में बढ़ती भीड़ को देखकर आसानी से जाना सकता है। डॉक्टर भी लोगों को मसालेदार व होटल में खाने की बजाये घर में कम नमक व मिर्च वाली खाने को प्राथमिकता देने की बात कह रहे हैं।

मसालेदार खाना खाने से बचना चाहिए

तेज धूप में लोगों को आवश्यक होने पर ही घर या ऑफिस से बाहर निकलना चाहिए। निकलने से पहले पानी पीकर सिर, चेहरा व आंखों को ढंक कर ही निकलना चाहिए। इन दिनों मसालेदार खाना खाने से बचना चाहिए।

-डॉ. एम के राय जिला स्वास्थ्य अधिकारी मुंगेली

न्यूज गैलरी

पंडरिया सड़क हादसे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने किया गहरा शोक व्यक्त

रायपुर/नवप्रदेश। पंडरिया सड़क हादसे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पंडरिया में तेंदुपत्ता तोड़कर वापस आ रहे 18 मजदूरों की सड़क हादसे में दुःखद मौत की खबर विचलित करने वाली है। सभी मृतकों को कांग्रेस पार्टी विनम्र श्रद्धांजली अर्पित करती है। इस हादसे में 10 मजदूर घायल भी हुए है, उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना है। सरकार से मांग है कि घायलों के इलाज की समुचित व्यवस्था की जाय। मृतकों के परिजनों को बिना देर किये सरकार द्वारा मुआवजा दिया जाय।

प्रताड़ना से त्रस्त हो पत्नी ने की थी आत्महत्या, आरोपी पति गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। पति की प्रताड़ना से तंग आकर एक महिला ने जुलाई 2023 में आत्महत्या कर लिया था। कटघोरा पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही थी। जांच पश्चात पुलिस ने आरोपित पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना की वजह पति द्वारा दूसरी महिला को घर में रखना बताया जा रहा है।

थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि चंदनपुर निवासी रामकुमार अनंत मजदूरी का काम करता है। शराब पीने का आदी रामकुमार अपनी पत्नी विमला बंजारे के साथ आए दिन लड़ाई झगड़ा व मारपीट किया करता था और पत्नी को कटघोरा तहसील भाटा उसके मायके भेज दिया करता था। 12 जुलाई 2023 को रामकुमार बंजारे ने अपनी पत्नी विमला बंजारे के साथ मारपीट किया। इस घटना क्षुब्ध होकर विमला ने अपने मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या करलिया। बताया जा रहा है कि रामकुमार अनंत दूसरी पत्नी भी रखा था इसकी वजह से पति और पत्नी में अक्सर विवाद हुआ करता था। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि रामकुमार द्वारा पहली पत्नी व तीन संतानें होने के बावजूद किसी दूसरी महिला के साथ संबंध थे और उसे घर पर लाकर रखा था। 12 जुलाई को जब वह मायके से चंदनपुर पहुंची, तो देखा कि उसका पति दूसरी पत्नी को घर पर लाकर रखा हुआ और इसी बात को लेकर दोनों में फिर विवाद हुआ और रामकुमार ने विमला के साथ मारपीट की। इस पर विमला ने मायके तहसील भाटा जाकर जान दे दी।जांच पूर्ण होने पर पति रामकुमार को उसके निवास नवागांव से पुलिस ने गिरफ्तार कर धारा 306 के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।

चलती कार में लगी आग कूद कर चालक ने बचाई जान

कोरबा/नवप्रदेश। रूमगड़ा चैक पर रविवार की शाम चलती हुई कार में अचानक आग लग गई। आग देख कर चालक ने गाड़ी खड़ी करके दूर भाग गया और अपनी जान बचाई। कुछ ही देर में आग ने पूरी कार को अपनी आगोश में ले लिया। घटना की सूचना मिलने पर जब तक दमकल स्थल पर पहुंची, तब तक कारी पूरी तरह जल चुकी थी। आग किन कारणों से लगी, यह स्पष्ट नहीं हो सका। संभावना जताई जा रही है कि शार्ट सर्किट की वजह से कार में आग लगी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी स्थल पर पहुंच गई। इस बीच राहगीरों की भीड़ घटनास्थल पर लगने से आवागमन बाधित रहा।

सीएसईबी कालोनी का गिर रहा छज्जा कब्जाधारी मकान खाली करने राजी नहीं

कोरबा/नवप्रदेश। सीएसईबी कालोनी पूर्व के एनएफ और सुपरएफ श्रेणी के मकानों की स्थिति बदहाल हो चुकी है कि अब मरम्मत के योग्य भी नहीं बचे है। लिहाजा ऐसे मकानों को अब खाली कराकर तोडने का निर्णय विभाग ने लिया है। जिसकी अनुमति भी मुख्यालय से मिल चुकी है। पहले चरण में प्रबंधन द्वारा एनएफ के मकानों को तोडने का फैसला लिया है। मकानों को तोडने के लिए नोटिस जारी किया गया था। 15 दिन की मोहलत दी गई थी। उसके बाद भी अब तक कब्जाधारियों ने मकान खाली नहीं किया है। अब सूचना बोर्ड भी लगा दिए गए हैं। लगातार मकानों का छज्जा गिर रहा है। मकानों के पिलर इतने कमजोर हो गए हैं कि कई जगहों से दरार आ चुकी है। एक ब्लाक में 12-12 मकान है। दबाव अधिक बनने पर मकान गिर सकते हैं। खुद के कर्मियों को सीएसईबी प्रबंधन द्वारा दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया गया था। 15 से 20 परिवार ऐसे थे जिनको बड़े मकान दिए गए हैं। जबकि कब्जाधारियों को उसी जगह पर छोड़ दिया गया है। कब्जाधारी मकान खाली करने को राजी नहीं है।

बारात निकलने से पहले दूल्हा पंहुचा जेल, प्रेमिका ने पुलिस से की थी दुष्कर्म की शिकायत

कोरबा/नवप्रदेश। शहर की सिविल लाइन रामपुर पुलिस ने एक दूल्हे को गिरफ्तार कर लिया है, जो विवाह रचाने के लिए बारात लेकर निकलने की तैयारी में था। आरोपी दूल्हे पर दूसरी युवती से शारीरिक शोषण करने का आरोप है। विवाह की जानकारी मिलने पर पीड़ित पक्ष ने इस बारे में पुलिस से शिकायत की थी। जिस पर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। मीडिया से बातचीत में युवती ने कई खुलासे किए हैं।

पुलिस के हत्थे चढ़ा नन्द लाल निषाद, जो पेशे से मैकेनिक है। पुलिस ने कोरबा की एक पीड़िता की लिखित शिकायत के आधार पर नन्द लाल को गिरफ्तार कर लिया। जब उसकी बारात निकलने में कुछ समय बाकी था। पुलिस को इस युवती ने बताया था कि बीते दो साल से वह युवक के संपर्क में थी। युवक ने उसे विवाह करने का झांसा दिया था।

रायपुर लोकसभा : चुनाव दर चुनाव बीजेपी-कांग्रेस के बीच बढ़ा जीत-हार का अंतर

- तीन चुनावों में 3 गुना से ज्यादा वृद्धि

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के लिए मतों की गिनती 4 जून को होगी। लेकिन राजनीतिक दलों ने मतों की गिनती के लिए न सिर्फ कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग देने का काम शुरू कर दिया है। बल्कि बूथवार मतदान के आंकड़ों के साथ ही पिछले चुनावों में हार जीत के आंकड़ों पर भी मंथन शुरू कर दिया है। हालांकि, पिछले तीन चुनावों में हुए मतदान के आंकड़ों से एक बात तो साफ है कि रायपुर लोकसभा में जीत- हार का अंतर लगातार बढ़ रहा है।

रायपुर लोकसभा में यूं तो लगभग 67त्न वोटिंग हुई है, लेकिन भाजपा के बूथ एजेंट्स जो आंकड़े पार्टी को दिए हैं। ??वे चौंकाने वाले हैं। ???? पिछले तीन चुनावों में हार-जीत का अंतर बढ़कर तीन गुना से ज्यादा हो गया है। हार जीत का अंतर 24.94 प्रतिशत तक पहुंच गया। यानि 2014 में जहां अंतर लगभग 6 प्रतिशत बढ़ा, वहीं 2019 में अंतर लगभग 11 प्रतिशत तक बढ़ गया।

रायपुर लोकसभा में हार-जीत का अंतर

- 2009 में भाजपा प्रत्याशी रमेश बैस और कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के बीच जीत हार का अंतर महज 7.8 प्रतिशत था
- 2014 के लोकसभा चुनाव में रमेश बैस के सामने कांग्रेस ने सत्यनारायण शर्मा को उतारा, अंतर बढ़कर 13.72 प्रतिशत हो गया
- भाजपा के सुनील सोनी के सामने कांग्रेस के प्रमोद दुबे मैदान में थे और हार जीत का अंतर 24.94 प्रतिशत तक पहुंच गया

इन बूथों पर 90 प्रतिशत से ज्यादा मत पड़ेः अभनपुरः सुंदरकेरा, उगेतरा, कोलियारी, थनौद, परसदा, उमरपोटी, कन्हेरा, जंवईबांधा, उपरवारा, भटगांव, लखना और गोईन्दा। धरसींवाः पठारीडीह और कपसदा।

इन पोलिंग बूथों में 80% से कमतर मतदान

रायपुर पश्चिम के किसी भी बूथ पर मतदान का आंकड़ा 80 प्रतिशत तक नहीं पहुंच पाया है। यहां सर्वाधिक वोटिंग वाले बूथ के रूप में बढ़ईपारा (बूथ नं. 154) रहा, जहां 77.75 प्रतिशत वोटिंग हुई। दूसरे नंबर पर अटारी (बूथ नं. 241) है, जहां 77.45 प्रतिशत वोटिंग दर्ज की गई है। 80 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग वाले बूथों में रायपुर उत्तर और रायपुर दक्षिण से एक- एक बूथ शामिल हैं। रायपुर उत्तर में पंडरीतराई बूथ पर 80.78त्न और दक्षिण के मठपुरैना बूथ पर 80.17 प्रतिशत मत पड़े हैं।

बूथवार आंकड़े और वोटिंग परसेंट

- रायपुर लोकसभा में 14 बूथ ऐसे हैं जहां 90 प्रतिशत से भी ज्यादा वोटिंग
- 12 बूथ अभनपुर के हैं जबकि धरसींवा के दो बूथ शामिल हैं
- अभनपुर के सुंदरकेरा बूथ नं.108 में 93.10त्न सबसे ज्यादा वोटिंग रिकार्ड
- दूसरे नंबर पर धरसींवा का पठारीडीह बूथ नं. 140 है, जहां 92.60 त्न मतदान
- अभनपुर के 88 बूथों में 84त्न से ज्यादा मतदान हुआ है
- दूसरे नंबर पर धरसींवा विधानसभा है, यहां के 30 बूथों में 84 फीसदी
- बलौदा बाजार विस में 9 और रायपुर ग्रामीण के 5 बूथों पर 84त्न से ज्यादा वोट
- भाटापारा में केवल एक ही बूथ जहां लगभग 86 फीसदी मत पड़े

सफाई के लिए कुएं में उतरे चाचा की जहरीले गैस से मौत, भतीजा बाल-बाल बचा

कोरबा/नवप्रदेश। कुएं की सफाई करने उतरे चाचा जहरीले गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गया। सफाई कार्य में साथ दे रहे भतीजे ने शोर मचाया, तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंची रजगामार पुलिस ने लोगों की मदद से दोनों को किसी तरह बाहर निकाला। तब तक चाचा की मौत हो चुकी थी। भतीजे को जहरीले गैस का असर कम हुआ, इसलिए उसकी स्थिति सामान्य रही।

जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर बालको थाना की रजगामार पुलिस चैकी अंतर्गत ग्राम बुंदेली के दहियान भाठा में रविवार को सुबह यह घटना हुई। यहां सगे भाई तीजराम व जोतराम मंझवार निवासरत हैं। दोनों खेती-किसानी व मजदूरी कर अपना और अपने परिवार का जीवन यापन कर रहे हैं। उनकी बाड़ी में एक कुआं है। बताया जा रहा है कि काफी दिनों से सफाई नहीं होने की वजह से कुआं काफी गंदा हो गया था। इसलिए दोनों भाई ने कुआं की सफाई के लिए पड़ोस में रहने वाले साहेब लाल 32 वर्ष तथा जगतराम मंझवार 36 वर्ष को सफाई करने कहा था। जगतराम व साहेब आपस में चाचा- भतीजा हैं और इस कुआं का पानी समय- समय पर उपयोग करते थे। इसलिए दोनों कुआं की सफाई के लिए तैयार हो गए।

सुबह नौ बजे करीब रस्सी के सहारे जगत राम कुएं में पहले उतरा, उसके पीछे-पीछे साहेब लाल भी नीचे उतर गया। दोनों ने कुआं में भरे कीचड़ को बाल्टी में भर कर रस्सी के सहारे बाहर निकाल रहे थे। इस बीच लगभग 9.30 बजे जगतराम बेहोश होकर गिर पड़ा। साहेब लाल ने उसे उठाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सका तो उसने इसकी जानकारी ऊपर उपस्थित लोगों को दी।

प्रेमिका की हत्या करने वाले आरोपी के विरुद्ध बिलासपुर पुलिस का प्रहार

- कोटा थाने में धारा 302 की तहत हत्या का अपराध हुआ दर्ज
- चंद घंटों के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक रिमांड पर जेल

बिलासपुर/नवप्रदेश। थाना कोटा में सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम अमाली में एक लड़की अंजू यादव उम्र 19 वर्ष की संदेहास्पद मृत्यु हो गई है। सूचना पर तत्काल पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची , पुलिस अधीक्षक जिला बिलासपुर श्री रजनेश सिंह (आईपीएस) के निर्देशानुसार तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण कर तथा पूछताछ कर संदेहियों की पतातलाश की गई । पूछताछ में पता चला कि घटनास्थल जहां पर मृतिका का शव है, उस घर पर मृतिका अपने प्रेमी गुलशन यादव के साथ रहती थी, गुलशन यादव घटना के बाद से फरार था। पुलिस ने तत्काल टीमें बनाकर संभावित स्थानों पर भेजा , जहां पर डोंगरिपारा ग्राम अमाली के जंगल में घेराबंदी कर, संदेही आरोपी गुलशन यादव पिता जगत राम यादव, उम्र 34 वर्ष को हिरासत में लिया गया। उससे पूछताछ की गई, जिस पर उसके द्वारा मृतिका साथ प्रेम संबंध होना व आपस में दोनों ग्राम आमली मे किराए के मकान लेकर दोनों पति पत्नी के रूप में रहना स्वीकार किया। और बताया कि मृतिका द्वारा उसे बार बार उसके माता-पिता के पास ले जाकर रखना बोलती थी, जिस बात को लेकर मृतिका अंजू यादव और गुलशन यादव आपस में वाद विवाद होते रहता था , इसी बात पर कल विवाद के दौरान गुस्से में आकर मृतिका अंजू यादव की हत्या करने की नीयत से उसके गले को धारदार टंगिया से कई बार मार कर हत्या करना स्वीकार किया। उक्त घटना पर मर्ग कायम कर शव पंचनामा, पोस्टमार्टम कार्यवाही, उपरांत धारा 302 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी द्वारा हत्या करने के लिए उपयोग किए गए टंगिया एवं अन्य साक्ष्यों को जप्त किया गया है । आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कियागया है।

कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार के मार्गदर्शन में यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा के लिए निशुल्क मॉक टेस्ट का आयोजन

- प्रथम 3 स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में ज़िला प्रशासन रायपुर द्वारा 26 मई को यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा 2024 के लिए निशुल्क मॉक टेस्ट का आयोजन करने जा रही है।यह मॉक टेस्ट ऑफ लाइन (पेपर पेन मोड में OMR sheet पर) होगा,जिसके लिए इच्छुक युवाओं को 24 मई तक द्ध्श्ध्द्द्यद्ध द्ध्श्हद्ध मे रजिस्ट्रेशन कराना होगा। युवाओं को वास्तविक परीक्षा के अनुभव के लिए ऑनलाइन के जगह ऑफ्लाइन मॉक टेस्ट का आयोजन किया जा रहा हैद्य मॉक टेस्ट का प्रश्न पत्र हिंदी और अंग्रेजी दोनो भाषा में होगा। जिला प्रशासन द्वारा मॉक टेस्ट के बाद प्रश्नों के विस्तृत उत्तर भी दिया जाएगा साथ ही प्रथम 3 स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार दिया जाएगा। मॉक टेस्ट में छत्तीसगढ़ के किसी भी जिले के युवा शामिल हो सकते हैं । युवाओं की संख्या के आधार पर टेस्ट के लिए स्थान और समय का निर्धारण किया जाएगा जिसकी सूचना प्रतिभागियों को उनके मोबाइल नंबर पर तथा नालंदा लाइब्रेरी, सेंट्रल लाइब्रेरी और तक्षशिला लाइब्रेरी सूचना पटल पर दिया जाएगा।

66 लीटर कच्ची शराब, 600 किलो महुआ लाहन के साथ आधा दर्जन लोग गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। आबकारी विभाग की टीम ने अवैध शराब बेचने वालों व बनाने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में टीम ने कार्यवाही करते हुए 2 महिला सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से 66 लीटर कच्ची शराब और 600 किलो महुआ लहान बरामद किया है।

यह मामला कटघोरा थाना क्षेत्र का है। आबकारी विभाग की टीम को सूचना मिली कि, कटघोरा थाना क्षेत्र के वॉर्ड क्रमांक 10 धंवईपुर के एक घर में अवैध रूप से कच्ची शराब बनाकर बेची जा रही है।

16 लाख रुपए का राशन घोटाला करने वाले भाजपा नेताओं की गिरफ्तारी ना होने पर प्रदेश कांग्रेस ने उठाए सवाल

- हितग्राहियों का अंगूठा लगाकर डकार गए 226 क्विंटल चावल

रायपुर/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा में राशन दुकान चलाने वाले भाजपा नेताओं ने 16 लाख रुपए का राशन घोटाला किया है। सहसपुर लोहारा नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष उषा श्रीवास राशन दुकान चलाने वाले समिति की अध्यक्ष तथा मनहरण श्रीवास राशन दुकान के सेल्समैन है। भाजपा नेताओं ने 300 से अधिक राशन हितग्राहियों से अंगूठा लगवाकर उन्हें अप्रैल और मई का राशन सामग्री नहीं दिया। कांग्रेस ने राशन घोटाले को भाजपा की फितरत बताया है तथा घोटालेबाजों की गिरफ्तारी ना होने पर सवाल उठाए हैं।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा है कि राशन घोटाला प्रकाश में आने के बाद खाद्य विभाग ने थाना सहसपुर लोहारा में इस मामले में एफआई.आर लिखवाई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। इससे अक्रोशित राशन हितग्राहियों की भीड़ 19 मई को थाना में घुस गई तथा थाना घेर लिया। इसे देखकर थाना में मजबूरी में राशन दुकान के सेल्समैन मनहरण श्रीवास और समूह के सचिव के खिलाफ एफआई.आर दर्ज की गई। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा नेता हमेशा राशन घोटाला करते हैं।

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों में जुटे युवाओं के लिए आयाम-ऊंची उड़ान की कार्यशाला जून में

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर जून माह में प्रस्तावित ÷आयाम- ऊंची उड़ान का÷ में शामिल होने 500 से भी अधिक पंजीयन हो चुके हैं।प्रतिभागियों के साथ-साथ अभिभावक भी देश के सबसे गौरवपूर्ण परीक्षा की बारीकियों को जानने पहली बार कार्यशाला में एक साथ शामिल होंगे। जिला प्रशासन इसी कार्यक्रम में ÷मेधा समारोह÷ भी आयोजित कर प्रावीण्य सूची में स्थान अर्जित करने वाले हायर सेकेंडरी और हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा करने वाले छात्र-छात्राओं को भव्य मंच पर सम्मानित करेगा। इस तरह इस कार्यशाला में स्कूली और महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के साथ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में जुटे प्रतिभागी अभिभावकों के साथ शामिल हो रहे है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर राष्ट्रीय स्तर की शैक्षणिक व प्रशिक्षण संस्थाओं के मार्गदर्शकों को आमंत्रित कर स्थानीय युवाओं को समग्र जानकारी एक मंच पर दिए जाने की योजना तैयार की जा रही है। कार्यशाला में अभिभावक ऐसी परीक्षाओं की तैयारियों के दौरान बौद्धिक, मनोवैज्ञानिक व सामाजिक पहलुओं की बारीकी को समझ सकेंगे, जिससे कि परीक्षा के दौरान प्रतिभागियों को पूर्ण आत्मविश्वास व प्रतिबद्धता के साथ जुटने हेतु प्रेरित कर सकें।

नक्सल मामले में भाजपा सरकार दिग्भ्रमित- कांग्रेस

- नक्सल नीति बना नहीं पाये और पुनर्वास नीति लाने की बात कर रहे

रायपुर/नवप्रदेश। नक्सल मामले में भारतीय जनता पार्टी की सरकार दिग्भ्रमित है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री और गृहमंत्री का बयान आया है कि उनकी सरकार नक्सलियों के लिये नई पुनर्वास नीति लाने जा रही है। सरकार को यह समझ ही नहीं आ रहा है कि उसे करना क्या है? अभी तक सरकार ने 5 महिने में कोई नक्सल नीति नहीं बनाई है। पूर्ववर्ती सरकार की नीति जो पूरी तरह से सफल थी विश्वास, विकास, सुरक्षा की, नीति को भाजपा सरकार ने खारिज कर दिया है। पुरानी नीति खारिज करने के बाद अभी तक वर्तमान सरकार ने नक्सलवाद को लेकर अपनी कोई नीति घोषित नहीं किया है। सरकार पुनर्वास नीति लेकर आये उसके पहले नक्सल नीति तो घोषित किया जाये। जब नक्सल नीति घोषित करेंगे तब पुनर्वास नीति बनेगी यह उसका अंश है। अभी नक्सल नीति नहीं बनाई है और दावा कर रहे पुनर्वास नीति लेकर आयेंगे। ये अनिर्णय वाली स्थिति से इस गंभीर समस्या का समाधान नहीं हो सकता।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा नक्सल मामले में मुख्यमंत्री का बयान कुछ आता है। गृहमंत्री कहते है नक्सलियों के घर में घुसकर मारेंगे। फिर गृहमंत्री का बयान आता है कि वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बात करेंगे। गृहमंत्री समर्पित नक्सलियों से समर्पण किये हुये नक्सलियों से वीडियो कॉन्फ्रेंस से बात करते है। एक कदम आगे जाकर उनके साथ लाल भाजी खाने का न्योता स्वीकार करते है। जब गृहमंत्री नक्सलियों से बात कर रहे लाल भाजी खाने का न्योता स्वीकार कर रहे है। तब उन शहीद जवानों तथा बस्तर के लोगों के बारे में नहीं सोचते जो शहीद हुये है। आप लोगों को मुख्यधारा में वापस लाने प्रेरित करिये, लेकिन महिमामंडन मत करें। आप गृहमंत्री है आपके आचरण से ऐसा मैसेज नही जाना चाहिये कि जो शहीद हुये उनका अपमान हो रहा है या सुरक्षा बलों का मनोबल टूट रहा है।

वाहन चोरों के खिलाफ पुलिस की एक और बड़ी सफलता

- पंडोपारा में लगातार चोरी एवं वाहन चोरी करने वालों के खिलाफ कोरिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई।

कोरिया/नवप्रदेश। दिनांक 13 मई 2024 को प्रार्थी हरिराम पिता बुढन साय, कविता मिंज पति मोहर साय मिंज एवं विश्वासी पति धरमसाय टोप्पो सभी निवासी विराट नगर पण्डोपारा के द्वारा पृथक-पृथक रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 12 एवं 13 मई 2024 के मध्यरात्रि अज्ञात चोरों के द्वारा प्रार्थिया कविता मिंज के यहा सेंधमारी कर घर के अंदर घुसकर बेडरूम में लेडिज बैग में रखे 500 रूपये नगद, पैन कार्ड, आधार कार्ड, अन्य दस्तावेज तथा टिफिन, प्रार्थी हरिराम के यहां से सेंधमारी कर घर के अंदर घुसकर 3000 रूपये नगद चोरी कर एवं घर में रखे बक्शा एवं दस्तावेजों को बाहर निकालकर फेंक दिये है।

इसी तरह प्रार्थिया विश्वासी के यहां सेंधमारी कर घर के अंदर घुसकर 03 नग साड़ी चोरी कर लिये है तथा प्रार्थी कृपाशंकर तिवारी पिता शेषमणी तिवारी निवासी ग्राम खैरी थाना पटना के यहां से दिनांक 16 मई 2024 के मध्य रात्रि मोटर सायकल चोरी कर लिए है। उपरोक्त चोरियों के प्रकरण से तत्काल पुलिस अधीक्षक कोरिया को अगवत कराया गया जिस पर पुलिस अधीक्षक कोरिया सूरज सिंह परिहार के द्वारा चोरी के मशरुका बहुत छोटे होने के बावजूद फ्री एंड फेयर रजिस्ट्रेशन ऑफ़ क्राइम के तहत मामला पंजीबद्ध करने का निर्देश दिया जाकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरिया, स्छ्रह्रक्क बैकुण्ठपुर, सायबर सेल प्रभारी की एक विशेष टीम का गठन किया गया।

जिस पर थाना पटना में अपराध क्रमांक 128/24, 129/24, 130/24 एवं 132/24 धारा 457, 380 भादवि0 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, विवेचना के दौरान घटना स्थल के सी.सी.टी.व्ही. फुटेज, अन्य तकनीकी जानकारी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों की लगातार पतासाजी की जा रही थी। दिनांक 17 मई 2024 को मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी राकेश भारती उर्फ संजू पिता स्व0 बैजनाथ भारती उम्र 42 वर्ष निवासी कोचिला थाना पटना को घेराबंदी कर हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। पूछताछ पर आरोपी द्वारा बताया गया कि दिनांक 12 एवं 13 मई 2024 की रात मैं अपने 02 अन्य साथियो के साथ मिलकर (नाम बताया है किन्तु यहाँ खुलासा नहीं किया जा रहा है) पण्डोपारा में जाकर विराट नगर कालोनी में सेंधमारी कर चोरी किये है।

ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क की समस्या सात दशक बाद भी नहीं बनी बगदरा से सपलवा तक पक्की सड़क

कोरबा/नवप्रदेश। पक्की सड़क की मांग करते-करते क्षेत्र के कई लोगों का जीवन गया, पर जनप्रतिनिधियों ने अभी तक पक्की सड़क बनाने की सुध नहीं लिया। पिछले सात दशक से यहां की ग्रामीण पक्की सड़क की आस लगाए बैठे हैं, लेकिन उन्हें आज तक सड़क नसीब नहीं हो रही है।

पाली विकासखंड के अंतर्गत ग्राम जेमरा बगदरा से सपलवा पहुंच मार्ग तक पक्की सड़क नहीं बनी। तेलसरा, उड़ान, राहा, सपलवा, पहाड़गांव, बाइसेम्हर, चोरकाडांड, बारीउपरांव, भदभद से सैकड़ों की आबादी को आज भी चैतुरगढ़ जाने के लिए कच्ची सड़क व पगडंडियों का सहारा लेना पड़ता है। ऐसा नहीं है कि स्थानीय लोगों ने सड़क बनाने की पहल नहीं की। प्रशासनिक अधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधि के पास सड़क बनाने के लिए दर्जनों लोग गुहार लगाते रहे, पर परिणाम कुछ भी नहीं निकला। ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के वर्षों बाद भी सड़क की समस्या से ग्रामीण जूझ रहे है। करीब आधा दर्जन से ज्यादा गांव के लोग इस पगडंडी रास्ते से होकर पर्यटन स्थल चैतुरगढ़ अष्टभुजी महिषासुर मर्दनी के दर्शन करने पहुंचते हैं। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में कई ऐसे गांव है, जहां आज तक पक्की सड़क एक सपना बना हुआ है।

देश के विदेशी मुद्रा भंडार में 2.56 अरब डॉलर की बढ़ोतरी

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से जारी नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि 10 मई को समाप्त सप्ताह में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में काफी बढ़ोतरी हुई है। इस दौरान भंडार 2.561 अरब डॉलर से बढ़कर 644.151 अरब डॉलर तक पहुंच गया। इससे पिछले सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.67 अरब डॉलर बढ़कर 641.59 अरब डॉलर रहा था। इसके पहले लगातार तीन सप्ताह इसमें गिरावट आई थी। पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का मुद्रा भंडार 648.56 अरब डॉलर के नये सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।वहीं, केंद्रीय बैंक के साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान विदेशी पूंजी भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा भंडार 1.488 अरब डॉलर से बढ़कर 565.648 अरब डॉलर हो गया।

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 10 मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा भंडार 1.49 अरब डॉलर बढ़कर 565.65 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 1.07 अरब डॉलर बढ़कर 55.95 अरब

आईएमएफ के पास भारत का आरक्षित जमा घटा

विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 50 लाख डॉलर बढ़कर 18.06 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक के मुताबिक समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित जमा 40 लाख डॉलर घटकर 4.495 अरब डॉलर रह गया।

पाकिस्तान में बढ़ा डॉलर का भंडार

वहीं, अपने पड़ोसी देश पाकिस्तान में इस समय विदेशी मुद्रा की भले ही जबरदस्त किल्लत चल रही हो, लेकिन पिछले तीन सप्ताह से वहां बहार है। बीते 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान वहां के विदेशी मुद्रा भंडार 35.5 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। उसके बाद फिर तीन मई को समाप्त सप्ताह के दौरान भी यह बढ़ा।

पतंजलि की सोन पापड़ी का सैंपल फेल,एजीएम समेत 3 को जेल

पिथौरागढ़। बाबा रामदेव की पतंजलि की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामले में पतंजलि की सोन पापड़ी का सैंपल फेल होने पर पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड कंपनी के असिस्टेंट जनरल मैनेजर (एजीएम), डिस्ट्रीब्यूटर कान्हा जी प्राइवेट लिमिटेड के असिस्टेंट मैनेजर और एक व्यापारी को छह-छह माह की सजा सुनाई गई है। इसके अलावा कोर्ट ने तीनों पर अर्थदंड भी लगाया। दरअसल 17 सितंबर 2019 को उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के जिला सुरक्षा अधिकारी ने बेरीनाग बाजार में लीलाधर पाठक की दुकान से पतंजलि नवरत्न इलायची सोनपापड़ी के सैंपल लिए थे। सैंपल को जांच के लिए रुद्रपुर के जांच लैब में भेजा गया था। जांच में सोनपापड़ी के सैंपल मानकों के विपरीत पाए गए यानी कि फेल हो गए। खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 की धारा 59 के तहत सजा सुनाई गई है। असिस्टेंट मैनेजर को 50 हजार और अन्य 2 दोषियों को 10 और 25 हजार रुपये जुर्माना भरना होगा। मामले में शिकायतकर्ता की ओर से रितेश वर्मा ने पैरवी की।

अच्छे मानसून के अनुमान का बाजार में दिखने लगा असर

नई दिल्ली। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की ओर से 2024 में सामान्य से अच्छा मानसून रहने की उम्मीद जताई गई है। अच्छे मानसून का शेयर बाजार पर भी असर होता है, क्योंकि इससे देश में कंज्यूमर गुड्स, गाड़ियों और कृषि उपकरणों की मांग में इजाफा होता है। इन सेक्टरों से जुड़ी कंपनियां अच्छे नतीजे पेश करती हैं।

मई में अब तक निफ्टी एफएमसीजी 1.5 प्रतिशत का रिटर्न दे चुका है, जो कि बेंचमार्क सूचकांक निफ्टी 50 के रिटर्न से करीब दो प्रतिशत ज्यादा है। इस इंडेक्स का पिछले छह महीने में प्रदर्शन बेंचमार्क से कमजोर रहा है। हिंदुस्तान यूनिलीवर का शेयर पिछले एक महीने में करीब 4.5 प्रतिशत का रिटर्न दे चुका है। कंपनी ने नतीजों के बाद अपनी गाइडेंस में कहा था कि मांग में सुधार देखने को मिल रहा है। सफोला और पैराशूट जैसे ब्रांड के तहत प्रोडक्ट बेचने वाली कंपनी मैरिको का शेयर पिछले एक महीने में 17.95 प्रतिशत का रिटर्न दे चुका है।चौथी तिमाही के नतीजों के बाद मैरिको ने अपनी गाइडेंस में कहा था कि ग्रामीण मांग में सुधार हो रहा है और चालू वित्त वर्ष में घरेलू कारोबार से आय में बढ़त दोहरे अंक में रह सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से भी अप्रैल की मॉनिटरी पॉलिसी में कहा गया था कि देश में ग्रामीण मांग में मजबूती लौट रही है।एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की एक रिपोर्ट में नीलसन के आंकड़ों के हवाले से बताया गया था कि मार्च तिमाही में ग्रामीण इलाकों में एफएमसीजी कंपनियों की बिक्री में 7.6 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया है। यह पिछले तीन वर्षों में पहली बार है जब ग्रामीण इलाकों में हुई वृद्धि ने शहरी इलाकों को पीछे छोड़ा है।ऑटो कंपनी हीरो मोटोकॉर्प का शेयर भी पिछले एक महीने में 21 प्रतिशत का रिटर्न दे चुका है। कंपनी की ओर से कहा गया था कि नए वाहनों को लेकर ज्यादा इंक्वायरी ग्रामीण इलाकों से आ रही है।महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर ने भी पिछले एक महीने में करीब 20 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। चौथी तिमाही के अच्छे नतीजों के कारण बीते शुक्रवार को शेयर में 6 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त हुई थी। ट्रैक्टर बनाने वाली कंपनी एस्कॉर्ट्स कुबोटा ने पिछले एक महीने में 25 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स की ओर से जारी आंकड़ों में बताया गया कि पिछले महीने मोटरसाइकिल और स्कूटर्स की बिक्री में सालाना आधार पर 33 प्रतिशत की बढ़त हुई है।

बायजू की मुश्किलें बढ़ीं, दो वरिष्ठ सलाहकार समिति से हटेंगे, कंपनी ने लिया फैसला

नई दिल्ली। संकटग्रस्त एडटेक फर्म बायजू'स ने कहा कि उसके दो वरिष्ठ सलाहकार बोर्ड के सदस्यों रजनीश कुमार और मोहनदास पई ने 30 जून को समाप्त होने वाले अनुबंध समझौते को नवीनीकृत (रिन्यू) नहीं करने का फैसला किया है। यह घटनाक्रम तब हुआ, जब एडटेक कंपनी नकदी संकट के बीच विलंब से वेतन देने सहित कई मुद्दों से जूझ रही है।संस्थापक और सीईओ बायजू रवींद्रन ने कहा, रजनीश कुमार और मोहनदास पई ने पिछले वर्ष में अमूल्य सहायता प्रदान की है। कुछ विदेशी निवेशकों द्वारा चलाए जा रहे मुकदमे ने हमारी योजनाओं में देरी की है, लेकिन चल रहे पुनर्निर्माण में उनकी सलाह पर भरोसा किया जाएगा, जिसका मैं व्यक्तिगत रूप से नेतृत्व कर रहा हूं।बायजू'स ने कहा कि वह सलाहकारों के साथ जुड़ाव को महत्व देता है और कंपनी को अशांत समय से बाहर निकालने में उनके प्रयासों की सराहना करता है। कुमार और पई ने एक संयुक्त बयान में कहा,'एडवाइजर्स के तौर पर कंपनी के साथ हमारा जुड़ाव हमेशा एक साल के लिए निश्चित अवधि के आधार पर था। फाउंडर्स के साथ हमारी चर्चा के आधार पर, यह आपसी सहमति से तय किया गया कि एडवाइजरी काउंसिल का कार्यकाल नहीं बढ़ाया जाना चाहिए।

साइबर ठगों से एप्पल ने बचाए 584 अरब, 17 लाख ऐप्स किए रिजेक्ट

नई दिल्ली। एप्पल ने साल 2008 में एप स्टोर को लॉन्च किया था। तब से लेकर अब तक कंपनी इसकी सेफ्टी के लिए हमेशा इंडस्ट्री लीडिंग टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करती है। इस सेफ्टी की बदौलत कंपनी ने यूजर्स के 7 बिलियन अमेरिकी डॉलर को बचाया, जिसे भारतीय करेंसी में कंवर्ट करते हैं, तो यह करीब 584 अरब रुपये होते हैं। एप्पल ने बताया कि उसने साल 2020 से लेकर 2023 के बीच में खतरनाक साइबर फ्रॉड ट्रांजैक्शन को रोककर अरबों रुपये की बचत की है। इसमें 1.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर तो सिर्फ साल 2023 में बचाने का दावा किया।

एप्पल ने बताया कि वह 14 मिलियन चोरी किए गए क्रेडिट कार्ड को ब्लॉक कर चुका है और 3.3 मिलियन अकाउंट को ऐसे करने से रोक चुका है, जो इन कार्ड का इस्तेमाल कर रहे थे। सिर्फ साल 2023 में ही श्रक्षश्चद्यद्ग ने 3.5 मिलियन चोरी के क्रेडिट कार्ड से होने वाली फर्जी शॉपिंग को रोका है। इस दौरान करीब 1.1 मिलियन ऐसे अकाउंट्स को बैन किया है, जो चोरी के कार्ड से खरीदारी करने की कोशिश कर रहे थे।

एप्पल की ऐनुअल फ्रॉड एनालिसिस रिपोर्ट में बताया है कि कैसे श्रक्षश्चद्यद्ग स्नह्लशह्म्द्ग के रूल्स यूजर्स को फ्रॉड ऐप्स आदि से बचाते हैं। कंपनी ने साल 2023 में कहा था कि 1.7 मिलियन से अधिक ऐप के सब्मिशन को रिजेक्ट कर दिया था। रिपोर्ट में एप्पल ने बताया कि उसने 2023 में करीब 374 मिलियन डेवलपर्स एंड कस्टमर अकाउंट को टर्मिनेट कर चुका है। इस क्रम में एप्पल ने साल 2023 में 1,18,000 डेवलपर्स अकाउंट को ब्लॉक किया था ताकि वे फ्रॉड वाले ऐप्स तैयार नहीं कर पाएं। फ्रॉड संबंधित समस्या के चलते करीब 91 हजार डेवलपर्स ऐनरोलमेंट को रिजेक्ट किया जा चुका है।

लोकसभा चुनाव के चलते शेयर बाजार में बंद रहा कारोबार

मुंबई। मुंबई में 20 मई को मतदान के चलते सार्वजनिक अवकाश होने की वजह से सोमवार को शेयर बाजार बंद रहे। बीएसई के मार्किट हॉलिडे कैलेंडर के मुताबिक, 20 मई को मुंबई में लोकसभा चुनाव के चलते शेयर बाजार में कोई ट्रेडिंग नहीं होगी। इक्विटी के अलावा एसएलबी और डेरिवेटिव सेगमेंट में भी कारोबार बंद रहेगा। मल्टी-कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) शाम के सत्र में (शाम पांच बजे से रात 11.30 बजे) खुलेगा। सुबह के सत्र में ट्रेडिंग पूरी तरह से बंद है। शेयर बाजार में मंगलवार को कारोबार सामान्य समय के मुताबिक होगा। शेयर बाजार में अगला ट्रेडिंग हॉलिडे 17 जून बकरीद के दिन है। शनिवार को स्पेशल ट्रेडिंग सेशन के कारण शेयर बाजार खुला था। इस दौरान सेंसेक्स 88 अंक या 0.12 प्रतिशत बढ़कर 74,005 अंक पर और निफ्टी 35 अंक या 0.16 प्रतिशत बढ़कर 22,502 अंक पर बंद हुआ था।

खेल, मनोरंजन

सीएसके के बॉलिंग कोच मानते हैं धोनी ने अपना भविष्य तय कर लिया

बेंगलुरु। आईपीएल 2024 के 68वें मैच में आरसीबी के खिलाफ मिली हार के साथ सीएसके का सफर खत्म हो गया। डिफेंडिंग चैंपियन नेट रन रेट के मामूली अंतर से पिछड़कर पांचवें स्थान पर रही।

आईपीएल से एमएस धोनी का संन्यास सबसे बड़े मुद्दों में से एक रहा है। अगर माही के संन्यास की खबरें सच हैं, तो 42 वर्षीय पूर्व भारतीय कप्तान ने अपना आखिरी मैच रविवार को आरसीबी के खिलाफ खेला और इसी के साथ उनका येलो जर्सी के साथ सफर खत्म हुआ, जिसे उन्होंने पांच आईपीएल खिताब दिलाए हैं। एरिक ने कहा, एमएस धोनी की बहुत सारी यादें हैं, वह जो पारी खेलते हैं वह आपको परेशानी से बाहर निकालती है। उनके पास खेल की एक बहुत ही सरल संरचना और समझ है। मुझे लगता है कि बहुत सारे क्रिकेटरों को इसके लिए प्रयास करना चाहिए, वास्तव में खेल को समझना चाहिए। माही इस तरह की जानकारी और ज्ञान के साथ लोगों की मदद करते हैं।आरसीबी ने सीएसके प्रशंसकों को निराश करने के लिए शानदार वापसी की। चौथे स्थान पर रहते हुए प्लेऑफ में पहुंचने वाली आरसीबी एक समय अंक तालिका में सबसे नीचे थी। हालांकि, इसके बाद जो हुआ वह अविश्वसनीय था क्योंकि उन्होंने लगातार अगले छह मैच जीतकर प्लेऑफ में प्रवेश किया। सिमंस ने कहा, हर कोई उनके भविष्य के बारे में अटकलें लगाना चाहता है, यह पागलपन है। एमएस जानते हैं कि वह क्या करने जा रहे हैं। मुझे पता है कि इस साल मैंने उन्हें प्री-टूर्नामेंट कैंप से गेंद को हिट करते देखा है। इसलिए वह बहुत अच्छा खेल रहे हैं और वह निर्णय लेंगे। लेकिन जब मैं भारत के साथ था और अब सीएसके के साथ हूं, हमेशा वह एक शानदार व्यक्ति हैं। वह एक अविश्वसनीय क्रिकेटर हैं। क्रिकेट और जीवन के बारे में उनकी समझ के मामले में वह अद्भुत व्यक्ति हैं। मुझे लगता है कि कई मायनों में वह लोगों को जो देते हैं वह है अविश्वसनीय आत्म-विश्वास है, जो कभी नहीं मरता और खेल को एक सरल समझ। क्रिकेट को वह सरल शब्दों में बयां कर सकते हैं और मुझे लगता है कि यह उनके बारे में सबसे अच्छी चीजों में से एक है।

जुबली टॉकीज में अपने किरदार के अटूट समर्पण से प्रभावित हैं खुशी

एक्ट्रेस खुशी दुबे अपकमिंग शो जुबली टॉकीज-शोहरत.शिद्दत.मोहब्बत में लीड रोल में नजर आएंगी। उन्होंने अपने किरदार शिवांगी सावंत के बारे में खुलासा करते हुए कहा कि वह उसके अटूट समर्पण से प्रभावित हुईं।

आशिकाना की एक्ट्रेस खुशी ने शिवांगी का किरदार निभाया है, जो ताकत और मजबूत इरादों वाली मॉडर्न लड़की है।भूमिका के बारे में बात करते हुए, खुशी ने कहा, मैं इस शो को लेकर वास्तव में उत्साहित हूं। जब मैंने पहली बार कहानी सुनी तो मैं हैरान रह गयी, और मुझे आशा है कि दर्शक इससे प्रभावित होंगे। संगम सिनेमा को पुनर्जीवित करने के अपने पैशन के साथ-साथ, शिवांगी की यात्रा अप्रत्याशित मोड़ों से भरी है, जो दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखेगी।आखिरी बार आंख मिचोली में नजर आई एक्ट्रेस ने कहा, यह किरदार मेरे लिए एक नई चुनौती है और मैं खास तौर से शिवांगी के अपने परिवार और सपनों के प्रति उनके अटूट समर्पण से आकर्षित हुई हूं।यह शो महाराष्ट्र के एक छोटे शहर की रहने वाली शिवांगी की यात्रा को दर्शाता है।शो का प्रीमियर जल्द ही सोनी पर होगा।

निलंबित होने के कारण अगले सीज़न का पहला मैच नहीं खेलेंगे हार्दिक

मुंबई। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या को धीमी ओवर गति को लेकर एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया है। अब वह अगले सीज़न का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। वानखेड़े स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ उनकी टीम समय पर अपने ओवर खत्म नहीं कर पाई थी। मुंबई के लिए यह मैच आईपीएल 2024 का आखिरी मैच था। इसका मतलब यह हुआ कि हार्दिक अगले सीज़न का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। यदि हार्दिक अगले सीज़न के लिए किसी अन्य टीम में चले जाते हैं, तो वह उस विशेष टीम का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे।इस आईपीएल सीज़न में यह तीसरी बार था जब मुंबई न्यूनतम ओवर रेट बनाए रखने में विफल रही। परिणामस्वरूप एक मैच के प्रतिबंध के अलावा हार्दिक पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया और इम्पैक्ट प्लेयर सहित बाकी प्लेइंग बारह पर व्यक्तिगत रूप से 12 लाख रुपये या उनके मैच फीस का 50 फीसदी का जुर्माना लगाया गया। मुंबई के लिए यह एक निराशाजनक सत्र रहा है। लीग चरण में उनके आखिरी मैच में भी उन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स से 18 रनों की हार सामना करना पड़ा। इस सीज़न मुंबई की टीम ने सिर्फ चार ही मैच जीते और अंकतालिका में 10वें पायदान पर रहे। रोहित शर्मा की जगह पर कप्तान बनने के बाद फैंस ने पूरे सीज़न हार्दिक के खिलाफ हूटिंग की।

सात्विक-चिराग बने थाईलैंड ओपन पुरुष युगल चैंपियन

बैंकॉक। भारत की स्टार बैडमिंटन युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने चीनी जोड़ी को रविवार को हराकर थाईलैंड ओपन का पुरुष युगल खिताब जीत लिया।

सत्र के अपने चौथे फाइनल में विश्व की तीसरे नंबर की भारतीय जोड़ी सात्विकसैराज और चिराग ने 29वें नंबर की चीनी जोड़ी चेन बो यांग और लियू यी को सीधे गेमों में 46 मिनट में 21-15, 21-15 से हराकर अपना दूसरा थाईलैंड ओपन खिताब जीता।खिताब जीतने से पहले भारतीय जोड़ी का टूर्नामेंट में सबसे लम्बा मैच 38 मिनट चला था।एशियाई खेलों की स्वर्ण विजेता भारतीय जोड़ी ने 2019 में थाईलैंड ओपन के रूप में अपना पहला बड़ा खिताब जीता था। उन्होंने अपने चौथे सुपर 500 खिताब जीतने के सफर में एक भी गेम नहीं गंवाया।ओवरआल सात्विकसैराज और चिराग का वर्ष का यह दूसरा खिताब है। उन्होंने मार्च में फ्रेंच ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट जीता था।

कल्कि 2898 एडी के नए किरदार का खुलासा, प्रभास के सबसे अच्छे दोस्त बुज्जी ने उड़ाए फैंस के होश

कल्कि 2898 एडी 2024 में रिलीज होने वाली सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है और इसने दर्शकों के बीच काफी उत्साह पैदा किया है। फिल्म में शानदार स्टार कास्ट है और यह अब तक बनी सबसे महंगी भारतीय फिल्मों में से एक है। अब कल्कि 2898 एडी के निर्माताओं ने फिल्म से एक नया किरदार पेश किया है। साथ ही प्रभास के किरदार भैरव की एक नई झलक पेश की है।



निर्माताओं ने वीडियो साझा करते हुए नए किरदार का परिचय दिया। वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, पेश है फ्रॉम स्क्रैच एपिसोड 4: बिल्डिंग सुपरस्टार बुज्जी कल्कि 2898 एडी से। वीडियो में बुज्जी नामक एक विशेष कार के निर्माण को दिखाया गया है। कीर्ति सुरेश ने इस विशेष वाहन को अपनी आवाज दी है। नाग अश्विन ने बताया कि बुज्जी का शरीर मानव शरीर की तरह ही मस्तिष्क द्वारा नियंत्रित होता है। फिर दर्शकों को कार के निर्माण की झलकियां दिखाई जाती हैं। बुज्जी प्रभास के किरदार भैरव का दोस्त है। टीम ने बताया कि इस विशेष उपकरण को बनाने में कितनी मेहनत लगी है। साथ ही टीम को समय सीमा पूरी न कर पाने के लिए खुद का मजाक उड़ाते हुए भी देखा गया। कीर्ति सुरेश की आवाज और उनकी डायलॉग टाइमिंग बुज्जी के किरदार को काफी दिलचस्प बनाती है।

■ न्यूज गैलरी

राज्यपाल हरिचंदन से टास्क फोर्स कमांडर पिन्टो की सौजन्य भेंट

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन से एयरफोर्स कमांडर श्री फेलिक्स पैट्रिक पिन्टो ने आज राजभवन में सौजन्य भेंट की। पिन्टो वामपंथी उग्रवाद पर नियंत्रण के लिए स्थापित एंटी नक्सल टास्क फोर्स के कमांडर हैं। उन्होंने टास्क फोर्स की गतिविधियों से राज्यपाल को अवगत कराया।

माल का अफरा-तफरी कर चालक फरार

रायपुर/नवप्रदेश। ट्रक चालक ने 3 लाख 98 हजार रुपए के स्पंज आयरन का अफरा तफरी कर वाहन छोड़कर फरार हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पी-किशोर 30 वर्ष खमतराई का रहने वाला है। प्रार्थी ने विधानसभा थाना में शिकायत किया कि ट्रक के चालक आरोपी ने संबलपुर से कुल 64480 मिट्रीक टन स्पंज आयरन लेकर सिलतरा के लिए निकला था, जो ग्राम टेकारी के पास 10310 मिट्रीक टन स्पंज आयरन और वाहन को छोड़कर भाग निकला। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

10 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

रायपुर/नवप्रदेश। सिविल लाइन पुलिस ने राजातालाब में जुआ खेलते 10 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 21500 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि राजातालाब निवासी प्रेम सोनकर के घर छत पर कुछ लोग जुआ खेल रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी प्रेम सोनकर 21 वर्ष सहित अन्य 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 21500 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सरेआम शराब पीते 8 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस ने नया बस स्टेण्ड के पास सरेआम शराब पीते आरोपी शंकर यादव 25 वर्ष एवं देवेन्द्र नगर थाना पुलिस ने आरोपी निरंजन पटेल 31 वर्ष व ध्रुव पटेल 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोलबाजार पुलिस ने आरोपी हरीश महतो 20 वर्ष, टिकरापारा पुलिस ने आरोपी दिलीप जाल 41 वर्ष एवं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी राकेश चौरसिया 35 वर्ष व रूपेश पटेल 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आरंग पुलिस ने आरोपी पुरूषोत्तम साहू 37 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

महिला व उसके रिश्तेदारों से मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। ठाकुरदेव मंदिर के पास जोरापारा में पुरानी रंजिश के चलते तीन लोगों ने एक महिला व उसके परिवार वालों से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया संगीता साल्वे 36 वर्ष ठाकुर देव मंदिर के पास जोरापारा की रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपी देवेश सोनेकर, पुनेश व दिनेश सोनेकर ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थिया व उसकी बहन गुंजा, दामाद प्रदीप यादव व उसके भाई से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पार्किंग में खड़ी एक्टिवा पार

रायपुर/नवप्रदेश। श्याम स्कवायर पार्किंग पंडरी में खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया स्मृति सेन 23 वर्ष रामेश्वर नगर भनपुरी की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एचयू 3450 को पंडरी के श्याम स्कवायर पार्किंग में खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए वाहन की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

देवेंद्र नगर में चाकू लेकर घूमते युवक को पुलिस ने पकड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। देवेन्द्र नगर थाना पुलिस की टीम द्वारा थाना देवेन्द्र नगर क्षेत्रातर्गत पण्डरी ओवर ब्रीज के नीचे आम जगह पर हाथ में धारदार चाकू लेकर हवा में लहराते हुए आम लोगो को आतंकित करते आरोपी धनीराम साहू उर्फ गोलू पिता समारू साहू उम्र 25 साल निवासी राजा तालाब आदर्श चौक के पास पण्डरी थाना सिविल लाईन रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 नग धारदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरुद्ध थाना देवेन्द्र नगर में अपराध क्रमांक 206/2024 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

21 साल बाद भी निसदा समोदा सिंचाई परियोजना अधूरी

- 118 गांवों के 75 हजार एकड़ खेतों की होती सिंचाई
- 2003 में शुरू हुआ था निर्माण कार्य
- निसदा-समोदा नहर की लागत 114 से बढ़कर 268 करोड़ हुई

पलारी/नवप्रदेश। निसदा समोदा सिंचाई परियोजना का काम 21 साल के बाद भी अधूरी है। यदि यह पूरा कर लिया जाता तो करीब 118 गांवों के किसानों के करीब 75 हजार एकड़ खेत की सिंचाई की जा सकती थी। लेकिन अब तक जो काम हुए हैं उसमें केवल 12 गांवों के 3 हजार एकड़ में सिंचाई हो रही है। मुआवजा राशि के लेकर कुछ किसानों के विरोध और रोड़ा डालने की वजह से यह काम आगे नहीं बढ़ रहा है। लेकिन अब सिंचाई विभाग के अधिकारी अब कुछ कड़े कदम उठाने जा रहे हैं ताकि काम आगे बढ़े। किसानों के खिलाफ एफआईआर कराई जाएगी। 21 सालों में परियोजना की लागत 114 करोड़ से बढ़कर 268.67 करोड़ हो गई है। काम 70 प्रतिशत पूरा हो चुका है। 18 मई को 2003 को 38.43 करोड़ की स्वीकृति मिली। बाद में पुनरीक्षित बजट स्वीकृति 114 45 करोड़ रुपए की 30 जून 2005 को मिली थी।

वन ग्राम की भूमि पर निर्माण की मिली स्वीकृति

वही इस परियोजना में कुछ एरिया वन ग्राम का भी आता है जिसके निर्माण के लिए अब विभाग से अनुमति मिल गई है ये गांव धाराशिव के आसपास हैं। वहां की अनुमति नहीं मिलने से यह काम प्रारंभ नहीं हुआ था।

मोहगांव के 7-8 किसानों की शिकायत

नहर निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले 7-8 किसानों के खिलाफ एक माह पहले ही गिधपुरी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। जब पुलिस कार्रवाई के लिए पहुंची तो विरोध प्रदर्शन करने वाले किसानों ने डर से विरोध बंद कर दिया और फिर वहां का कां पूरा करने दिया।

इन गांवों के किसानों ने रोका काम

वहीं इस परियोजना को कुछ किसानों ने अपनी शर्त और मांग को लेकर निर्माण कार्य में लगातार बाधा बने हुए हैं। इनमें बटगन, मोहगांव केसला, रोहांसी आदि गांव के

मुआवजे को लेकर हैं विरोध

20 किमी तक लंबी नहर का निर्माण किया जा चुका है। इससे आरंग के 3000 एकड़ भूमि की सिंचाई 2006 से हो रही है। जिसमें 12 गांव में खरीफ के लिए पानी दिया जा रहा है। जबकि इस योजना का मूल्य उद्देश्य लवन पलारी के 118 गांवों को पानी उपलब्ध कराना था।

2026 तक काम पूरा कर सिंचाई पानी देंगे: ईई

कार्यपालन अभियंता शरद चंद ककड़ का कहना है कि कुछ किसानों ने भू अर्जन की राशि को लेकर लगातार विरोध करते रहे। कई लोग कोर्ट गए जहां से वे मामला हार भी गए। उसके बाद भी स्थल में आकर काम रोकते रहे। अब इन लोगों पर कानूनी कार्रवाई होगी। 2026 तक काम पूरा करना है।

शरद चंद ककड़, कार्यपालन अभियंता

वंचित बच्चों के लिए किए जा रहे कार्यों को राज्यपाल हरिचंदन ने सराहा

- राउंड टेबल इंडिया संस्था के प्रतिनिधियों ने की श्री विश्वभूषण हरिचंदन से भेंट

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में राउंड टेबल इंडिया संस्था के प्रतिनिधियों ने भेंट कर अपनी संस्था के कार्यों से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने राज्यपाल को बताया कि राउंड टेबल इंडिया संस्था पूरे भारत में वंचित बच्चों की शिक्षा की अधोसंरचना को बेहतर बनाने के लिए कार्य करती है। जानकारी दी कि संस्था ने पूरे देश में 9000 से अधिक क्लास रूम इन बच्चों के लिए बनाए हैं। इसके अलावा आवश्यकतानुसार खेल मैदान व टॉयलेट का निर्माण किया है। छत्तीसगढ़ के 50 से अधिक स्कूलों में 250 क्लास रूम तैयार किए गए हैं।

कम संस्थाएं इस तरह का कार्य कर रही: श्री हरिचंदन

प्रतिनिधियों में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष रॉबिन अग्रवाल, एरिया प्रेसिडेंट सुमित बरड़िया रायपुर शाखा के अध्यक्ष अर्जुन दुबे, उपाध्यक्ष दिव्यम अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे। इस दौरान राज्यपाल श्री हरिचंदन ने कहा कि वंचित बच्चों के लिए बहुत कम संस्थाएं इस तरह का कार्य कर रही हैं। उन्होंने राउंड टेबल इंडिया के कार्यों की सराहना की।

शराब तस्करी करने वाला युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) किंतन राठौर के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक (विधानसभा) केशरी नंदन नायक के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा जितेन्द्र एसैया के नेतृत्व में आबकारी एक्ट में गिरफ्तार किया गया है। रायपुर जिले में निजात नशे को ना, जिंदगी को हां के तहत चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के दौरान मुखबीर सूचना की तस्दीकी पर घटनास्थल शीतला मंदिर के पास सिनोधा में रेड कार्यवाही कर आरोपी कृष्ण कुमार विश्वकर्मा पिता स्व0 मुन्नाराम विश्वकर्मा उम्र 26 साल साकिन उड़ेला थाना हथबंद जिला बलौदाबाजार छ0ग0 को घेराबंदी कर पकडकर सफेद रंग की बोरी में भरा 38 पौवा देशी मदिरा शराब मात्रा 6.840 वल्क लिटर कीमती-4180/रूपये मिलने पर उक्त शराब को जप्त किया जाकर आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय भेजा गया।

छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी का प्रकोप

कई जिलों में हिटवेव की चेतावनी जारी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के कई जिलों में इस वक्त तेज गर्मी की चपेट में हैं। रायपुर मौसम विज्ञान विभाग ने हीटवेव के साथ येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की मानें तो आज यानी 19 मई को बलरामपुर जिले में लू का अलर्ट है। वहीं प्रदेश के कई राज्यों में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है। तेज धूप, उमस, हीटवेव और लू ने लोगों को परेशान कर रखा है। अगले पांच दिन बेहद सावधानी बरतनी होगी।

प्रदेश में बढ़ रही गर्मी ने मौसम विभाग की भी चिंता बढ़ा दी है, लिहाजा मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी कर दिया है। ढ्रस्ष्ठ के मुताबिक, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश में तापमान और बढ़ सकता है। गुजरात, राजस्थान, पंजाब के कुछ हिस्सों और हरियाणा में लू की स्थिति संभव है।

मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया हैं, उनमें सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर, बस्तर, नाराणपुर, कोंण्डागांव, कांकेर, धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, धमतरी, गरियाबंद और बलरामपुर के लिए हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है।

टीबी से बचाने निःशुल्क बनेगी टीके की योजना

रायपुर/नवप्रदेश। पर नियंत्रण के लिए निशुल्क दवाओं की किल्लत अभी भी सामान्य नहीं हो पाई है और स्वास्थ्य विभाग वैक्सीन लगाने की तैयारी कर रहा है। केंद्रीय मंत्रालय के निर्देश पर जुलाई से इसकी शुरुआत करने के लिए मैदानी अमले को टीका लगाने की ट्रेनिंग देने का काम शुरू कर दिया गया है।

वैक्सीन की हितग्राहियों की पहचान के लिए लक्षण के आधार पर संदिग्ध वयस्कों की पहचान के लिए मितानिन की मदद से सर्वे किया जाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। इसे पूरा करने के लिए विभिन्न अड़चनें भी सामने आ रही हैं।

पिछले कुछ माह से छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में दवाओं की कमी बनी हुई है। टीबी संक्रमित इसके लिए स्वास्थ्य केंद्रों के चक्कर लगा रहे हैं। दूसरी ओर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा इस बीमारी को फैलने से रोकने के लिए निशुल्क वैक्सीन लगाने की योजना पर काम कर रहा है। हाईरिस्क की श्रेणी में आने वालों को बीसीजी के निशुल्क टीके लगाए जाएंगे। इसके लिए 18 साल से अधिक आयु वालों के बीच टीबी के लक्षण के आधार पर लोगों की पहचान की जाएगी। योजना

प्रतिरोधक क्षमता विकसित करेगा

अब तक बीसीजी का टीका सात साल तक की आयु के बच्चों को निशुल्क लगाया जाता रहा है। अब 18 साल से अधिक उम्र मगर हाईरिस्क की श्रेणी में आने वालों को यह टीका लगाया मुफ्त लगाया जाएगा। ऐसे लोगों की पहचान के डोर टू डोर सर्वे की जिम्मेदारी मितानिन को दी जाएगी। बच्चों की तरह वयस्कों को भी इसकी एक वैक्सीन लगेगी।

जिले में दो हजार मरीज

रायपुर जिले में अभी टीबी के दो हजार पंजीकृत मरीज हैं। विभागीय स्तर पर इन्हें निशुल्क दवा के साथ अन्य शासकीय सुविधा देने का दावा किया जाता है। इसके अलावा दुर्ग में डेढ़ और बिलासपुर में एक हजार मरीज हैं। विभागीय टीम टीबी मरीजों की पहचान के लिए समय-समय पर अभियान चलाती है।

बलौदी में डायरिया का प्रकोप, 30 लोग चपेट में

पलारी/नवप्रदेश। पलारी ब्लाक के ग्राम पंचायत बलौदी में डायरिया का प्रकोप। इसकी खबर मिलते ही बलौदाबाजार कलेक्टर के एल चौहान ने सोमवार 20 मई को संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ग्राम बलोदी में कैंप लगाने के निर्देश दिए हैं। इस पर सीएमओ के साथ एक दर्जन से भी अधिक चिकित्सकों की टीम ग्राम बलोदी पहुंची। लोगों के घर- घर जाकर प्रभावित मरीजों के संबंध में जानकारी ली और स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा गांव में ही इलाज की व्यवस्था की गई है। वहीं गंभीर रूप से पीड़ित मरीज को पलारी के

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कर इलाज किए जाने की बात कही है।

पिछले चार दिनों में 25 से 30 लोग बीमारः पिछले चार दिनों से ग्राम बलौदी में 25 से 30 लोग उल्टी-दस्त से पीड़ित थे। जबकि चार से पांच बच्चों को गंभीर रूप से डायरिया की शिकायत पर भर्ती किया गया। वहीं कई लोगों को वायरल बुखार, जुकाम, खांसी सहित अन्य बीमारियां हो रही हैं। पलारी से लगे ग्राम बलौदी में 30 से अधिकांश लोग डायरिया से पीड़ित थे। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। वहीं पीएचई विभाग को भी पानी का सैंपल परीक्षण के लिए भेजा गया है।

डॉक्टरों ने दी मामले की जानकारी

मरीजों का इलाज कर रहे डाक्टरों ने बताया कि, अभी शादी विवाह का सीजन चल रहा है। कई लोग बाहर से शादी मना कर गांव लौटे हैं। खान-पान की वजह से भी डायरिया फैल सकती है। उन्होंने कहा कि, तेज धूप से अपना बचाव करें और खानपान का ध्यान रखें और बाजार में बनी चीजों का सेवन करने से बचें।

शहर के चार शराब दुकानों को ब्लैकलिस्ट करने की तैयारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की सरकारी शराब दुकानों पर तय कीमत से ज्यादा पैसे लेकर शराब बेचने के मामले में आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है । विभाग राजधानी रायपुर की चार शराब दुकानों को ब्लैक लिस्ट करने जा रही है।

इन चारों शराब दुकानों पर लोगों से ज्यादा पैसे लेकर शराब बेची जा रही थी। दरअसल ओवर रेट पर लगाम लगाने की सरकारी कोशिश को लेकर एक निजी चैनल ने इन

शराब दुकानों पर पहुंची तो वहां ऑन कैमरा, लोगों ने यह बताया कि शराब की तय रेट से कहीं ज्यादा पैसे लेकर शराब बेची जा रही है।

140 रुपए की शराब को 150 रु. में

इसके बाद आबकारी विभाग की टीम शहर के अलग-अलग दुकानों पर पहुंची और सैंपल परचेस किया। सैंपल परचेसिंग में ओवर रेट की पुष्टि हो गई । आबकारी विभाग की टीम ने पाया कि 110 रुपए की शराब को ?120 में और 140 रुपए की शराब को 150 में बेचा जा रहा है । यानी हर बोतल पर 10 से 20 रुपए ज्यादा वसूले जा रहे थे ।

ग्रीन आर्मी की जुगाड़ से अब उद्यान का कायाकल्प

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर शहर के हृदय स्थल में स्थित सखी सहेली गार्डन विगत 6 माह पूर्व वीरान,अंधेरा,कूड़ा, नशेड़ियों एवँ असामाजिक तत्वों का जमावड़ा हुआ करता था, पेड़ो के नाम पर केवल चुनिंदा पेड़ो की जड़े बाकी रह गए थे।स्थानीय निवासी अनहोनी के डर से गार्डन में जाने से कतराते थे, आज यहां रोशनी, चहल-पहल, पलदार, छायादार, पेड़, एवँ पाथवे वाल पर रंगाई, स्थानीय लोगों का ध्यानाकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

ज्ञात हो ग्रीन आर्मी डीडीयू नगर ज़ोन को सखी सहेली गार्डन की बुरे हालात की जानकारी प्राप्त हुई ।संस्था सदस्य जानकारी मिलते ही इसे बचाने में लग गए। इस मुहिम में सर्वप्रथम नशेड़ियों एवँ असमाजिक तत्वों को भगाने हेतु 1 माह तक म्यूजिक नाइट,होली मिलन समारोह , जनजागरूकता अभियान एवँ पुलिस प्रशासन का सहयोग लिया गया। तत्पश्चात संस्था सदस्यों द्वारा कचरा की सफाई, लेबलिंग, पानी, लाइट व्यवस्था, वृक्षारोपण किया गया एवं इन वृक्षों कों बचाने कबाड़ की जुगाड़ से पाईप, पेंटिंग, मच्छरदानी, ग्रीन नेट जाली, मलबे से ईट, बांस के टुकड़े एकत्रित कर पेड़ों की सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई। पक्षियों हेतू सकोरे की व्यवस्था- गार्डन के जीर्णोद्धार के साथ जीव-जन्तुओं, पशु-पक्षियों की सुरक्षा व्यवस्था को भी ध्यान रखा गया है।इस हेतु पानी के सकोरे के साथ दाना-पानी की व्यवस्था भी की गई है।आज यहां चिड़ियों की मधुर चहचाहट एवं घोसले आपको असानी से देखने मिल जायेंगे।

सौंदर्यीकरण का कार्य प्रगति पर- संस्था सदस्यों द्वारा अब इस गार्डन के देख-रेख हेतू माली एवं सौंदर्यीकरण के अनेक उपाय किये जा रहे है, आगे इस कार्य हेतू शासन प्रशासन का सहयोग लिया जायेगा।

डीडीयू नगर ग्रीन आर्मी संस्था सदस्य रुपेश तलमले ने रविवार को बताया कि शुरुआती दौर में इन्हें अनेक समस्यायों का सामना करना पड़ा, आखिरकार मेहनत रंग लाई, आज गार्डन की सुन्दरता देखते ही बन रहा है। स्थानीय निवासी इसका लाभ ले रहे हैं, इसे देखकर मन गदगद एवं हृदय को जो सुकून मिलता है उसे शब्दों से बयां नहीं किया जा सकता है।

सखी सहेली गार्डन बचाने की इस मुहिम में ग्रीन आर्मी डीडीयू नगर जोन से मुख्य रूप से रूपेश तलमले, प्रसून सरकार, रधुनाथ राय, नारायण सेन, श्याम बधेल, रविश अग्रवाल ,डीपी वास, डी मुरली, सीपी उपाध्याय, पी तिवारी, अरूण देवांगन, दिनेश देवांगन, गनौद वाले दादा,एनडी मलेवार शामिल है।

सैलजा समर्थकों ने 11 भाजपा नेताओं को भेजा मानहानि का नोटिस

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के बीच में सियासी वार और पलटवार अब कानूनी नोटिस तक जा पहुंचा है. ताजा मामला कुमारी सैलजा से जुड़ा है, जिनके खिलाफ हरियाणा के सिरसा में प्रचार कर रहे 2 पूर्व विधायक सहित 11 भाजपा नेताओं को मानहानि का नोटिस भेजा है. नोटिस में सैलजा के समर्थक ने भाजपा नेताओं पर झूठे आरोप लगाते हुए 2 दिन में आरोप साबित नहीं कर पाने पर माफी मांगने की बात कही है.

दरअसल, छत्तीसगढ़ कांग्रेस की पूर्व प्रभारी कुमारी सैलजा हरियाणा के सिरसा से कांग्रेस प्रत्याशी हैं, जिनके खिलाफ प्रचार के लिए भाजपा ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आने वाले नेताओं को भेजा है. प्रचार के दौरान भाजपा नेता कुमारी सैलजा पर छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के दौरान लेन-देन करने के सीधे आरोप लगा रहे हैं, जिस पर कुमारी सैलजा के समर्थक अजय चौहान की ओर से भाजपा नेताओं को मानहानि का नोटिस भेजा है।

नोटिस पर चंद्रशेखर शुक्ला ने कहा कि हम कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी सैलजा के क्षेत्र सिरसा में प्रचार के लिए आए हैं. छत्तीसगढ़ से भाजपा के 11 नेताओं की टीम प्रचार कर रही है. हमने जो बातें कही है, वो सब छत्तीसगढ़ में घटित हुई है. हम किसी नोटिस से डरने वाले नहीं है. हम सनातन के रक्षक हैं. कानूनी रूप से नोटिस का जवाब दिया जाएगा।